धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शनिवार

21.12.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 160



12 शेयर बाजार में कोहराम, निवेशकों के लाखों करोड़ डूबे

## न्यूज डायरी

### नहीं रहे पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला



**चंडीगढ़/गुरुग्राम।** हरियाणा के पूर्व सीएम एवं इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला (89) का निधन हो गया है। गुरुग्राम के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर शनिवार सुबह 8:00 बजे से चौटाला गांव में उनके फार्म हाउस पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जायेगा। दोपहर 3:00 बजे चौटाला गांव में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। उनका जन्म एक जनवरी 1935 में सिरसा के चौटाला गांव में में हुआ था।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 दिसंबर को होगी। झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) में शाम चार बजे मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। इसमें कई प्रस्तावों पर मुहर लगेगी।

### कार में मिला, 15 करोड़ कैश, 55 किलो सोना

**भोपाल।** एमपी के भोपाल में दो दिन से चल रही इनकम टैक्स रेड के बीच एक बड़ी बरामदगी हुई है। जंगल में लावारिस हालत में खड़ी गाड़ी सें 15 करोड़ कैश और 55 किलो सोना बरामद किया गया है। यह पता लगाया जा रहा है कि कैश और सोने की इतनी बड़ी खेप रखने वाला कुबेर है कौन। देर रात भोपाल से सटे मंडोरा गांव के पास जंगल में एक लावारिस इनोवा कार से ये बरामदगी हुई।

# दो गैस टैंकर में भिड़ंत धमाके में 11 जिंदा जले

## जयपुर में बड़ा हादसा, 35 से अधिक घायल

- एक स्लीपर बस समेत 40 वाहन भी राख
- 300 मीटर दूर तक जो जहां था वहीं जल गया,
- धमाके की आवाज बड़ी दूर तक सुनायी पड़ी
- राष्ट्रपति, पीएम, सीएम दुखी, मुआबजे की



**एजेंसी**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में शुक्रवार को लड़के एक भीषण हादसे में 11 से अधिक लोग जिंदा गये। जयपुर शहर से निकलते ही भांकरोटा इलाके में केमिकल से भरे दो टैंकर आपस में टकरा गये। धमाके के साथ दोनों में आग लग गयी। यह हादसा भांकरोटा में स्थित एक पेट्रोल पंप के बाहर हुआ। इस हादसे में 11 लोग जिंदा जल गये। 35 से अधिक लोग झुलस गये है। विस्फोट के बाद लगी आग में 40 से ज्यादा गाड़ियां जलकर खाक हो गयी। इनमें , एक स्लीपर बस भी शामिल है। हाईवे किनारे स्थित एक पाइप फैक्ट्री भी आग की चपेट में आ गयी। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास के इलाकों में सड़कों पर खून और फटे हुए कपड़े नजर आये। 300 मीटर के दायरे में जो कुछ भी था, सब जल गया। धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनी गयी। कई मीटर ऊंची आग की लपटें उठ रही थीं। यह इलाका जयपुर से अजमेर जाने वाली नेशनल हाईवे पर है।

**हादसे की वजह :** सीएम भजनलाल शर्मा ने हॉस्पिटल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और डॉक्टरों से जानकारी ली। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि टैंकर से केमिकल लगभग 500 मीटर दूर तक फैल गया। इसके चलते आग ने और भीषण रूप ले लिया और 40 गाड़ियां इसकी चपेट में आ गयीं। केमिकल और गैस के रिसाव के कारण आग बुझाने में भी दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। गैस टैंकर में धमाके की वजह से पेट्रोल पंप समेत कई गाड़ियों में आग लग गयी, जिनमें बस, ट्रक, कार आदि शामिल हैं।

**कैसे हुआ हादसा :** जानकारी के मुताबिक एलपीजी टैंकर अजमेर से जयपुर की ओर जा रहा था। मगर जब टैंकर अजमेर की ओर यू-टर्न लेने लगा तो तभी जयपुर से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के कारण गैस लीक होने लगी। देखते ही देखते यह 300 मीटर के दायरे में फैल गयी।

### बस के सभी यात्री सो रहे थे

इस हादसे के कई सीसीटीवी फुटेज और तस्वीरें दिल दहलादेनेवाली हैं। सड़कों पर इंसान के जले हुए कपड़े और हवा में जिंदा जले पक्षी जमीन पर नजर आये। हादसे के समय एक स्लीपर बस में यात्री सो रहे थे, आग की लपटों ने सभी को चपेट में ले लिया। जले हुए कपड़ों में घायल लोग सड़कों पर अपनी जान बचाने के लिए दौड़ते नजर आ रहे थे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम पीएम दुखी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, समेत तमान नेताओं ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। पीएममोदी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही सीएम भजनलाल ने भी सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 5 और घायलों को 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

# खलिहान बना श्मशान मां-बेटे की जल कर मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** खलिहान में आग लगने से वहां सो रहे मां-बेटे की जलकर मौत हो गयी। यह हादसा जयराम महतो के विधानसभा क्षेत्र डुमरी के मधुबन थाना इलाके के छछंदो पंचायत के जोभी गांव में गुरूवार की देर रात हुआ। धान के खलिहान में गांव की एक महिला और उसके पुत्र की जल कर मौत हो गयी। दोनों पूरी तरह से जल गये थे। दोनों मृतक की पहचान जोभी गांव निवासी सोमरा मुर्मू की पत्नी नुनिया देवी (40) और उनका छोटा पुत्र चांद मुर्मू (12) के रूप में हुई है। पति सोमरा मुर्मू का कहना है कि रात को उनकी पत्नी और उनका पुत्र खलिहान में सोने गया था। देर रात जब लोगों की चीख पुकार सुनी तो वह भागकर खलिहान पहुंचा, तबतक दोनों की मौत हो गयी थी। घटना की जानकारी मिलते ही मधुबन थाना पुलिस शुक्रवार को घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन कर जले हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। आशंका है कि खलिहान के बाहर ठंड से बचने के लिए आग तापकर मां- बेटे सोने चल गये थे। आग की चिंगारी संभवतः रह और फिर वह पुआल से बने कुंभा (घर) में पकड़ लिया हो। इससे जलकर दोनों की मौत हो गयी। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। घटना की खबर सुन स्थानीय विधायक जयराम महतो , जेएमएम नेता अखिलेश महतो, भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव समेत गांव के कई लोग मौके पर पहुंचे। डुमरी विधायक जयराम महतो ने मृतक परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। मृतक के परिजनों को चार - चार लाख का मुआवजा देने की भी मांग की।

### संसद सत्र स्थगित, गेट पर धरना-प्रदर्शन न करें : स्पीकर

**नयी दिल्ली।** संसद के दनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। अपने समापन संबोधन में लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन के गेट पर कोई भी प्रदर्शन ना करे। पूरे शीतकालीन सत्र में अडाणी मुद्दे, मणिपुर मुद्दे पर हंगामा होता रहा। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी पेश किया गया।

### राहुल मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी

**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में गुरुवार को हुई धक्का-मुक्की और भाजपा के दो सांसदों के चोटिल होने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। एफआईआर में राहुल गांधी पर धमकाने के साथ सामुहिक अपराध की धारा लगायी गयी हैं। वहीं इस मामले की जांच दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को सौंप गयी है। क्राइम ब्रांच अब लोकसभा सचिवालय से सीसीटीवी फुटेज के लिए बात करेगी। क्राइम ब्रांच इस मामले में राहुल गांधी से भी पूछताछ कर सकती है। भाजपा की शिकायत के बावजूद हत्या के प्रयास के आरोप वाली धारा में केस दर्ज नहीं हुआ है लेकिन दिल्ली पुलिस ने बीएनएस की धारा 115 यानी स्वेच्छा से चोट पहुंचाना , धारा 117 यानी स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना, धारा 125 यानी दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने का काम, धारा 131 यानी आपराधिक बल का प्रयोग, धारा 351 यानी आपराधिक धमकी और धारा 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।



# रणनीति बना नशे के कारोबार की कसें नकेल

## मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर पोस्ते की खेती करनेवालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का दिया निर्देश,

### अभियान चलाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करें



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि सभी संबंधित विभाग नशे के कारोबार पर रणनीति बना कर नकेल कसें। वह शुक्रवार को सचिवालय में पोस्ते की खेती पर रोकथाम को लेकर गृह विभाग द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने निर्देश दिया कि पोस्ते की खेती, उसकी फसल से अफीम का उत्पादन और वितरण मार्ग पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि पोस्ते की खेती से ज्यादा आमदनी होने के कारण ही लोग इसमें संलग्न होते हैं। वे जेल जाने तक से नहीं डरते। इसे लेकर पोस्ते की खेती से लोगों को निरुत्साहित करने और कृषि विभाग से मिलकर आमदनी का वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान करने, धर-पकड़ करने के साथ ज्यादा जरूरी है कि उन्हें सजा दिलाने के बिंदू पर भी फोकस करें। नशे के कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर ही हम मुकम्मल सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर पोस्ते की खेती जंगल में जलाशयों के पास होती है। वन विभाग जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर ऐसे स्थलों को चि?त करे। फसलों को नष्ट करने के साथ इसकी खेती से जुड़े लोगों पर कानूनी कार्रवाई सुनि?त करें। साथ ही जंगल की खाली जमीन पर पौधरोपण आदि के माध्यम से वन विभाग पोस्ते की खेती करनेवालों को हतोत्साहित करे। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर जन जागरूकता के माध्यम से भी नकेल कसा जा सकता है। इसके लिए हर स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाये। इस पर भी रणनीति बना कर कार्य करने पर उन्होंने बल दिया। बैठक में पोस्ते की खेती से प्रभावित जिलों चतरा, खूंटी, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रांची, चाईबासा और सरायकेला-खारसावां जिले के पुलिस अधीक्षकों और उपायुक्तों ने पोस्ते की खेती पर नकेल कसने की कार्रवाई से अवगत कराया। साथ ही, आगे की रणनीति भी बतायी। एनडीपीएस की ओर से पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से नशे के कारोबार पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। बैठक में गृह सचिव श्रीमती वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैढक में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे एवं वन विभाग के सचिव अबूबकर सिद्धकी भी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### राहुल ने संसदीय व्यवस्था को पहुंचाई चोट : चंद्रप्रकाश

**रांची।** आजसू पार्टी सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने राहुल गांधी के आचरण को निंदनीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी हरकत से भारतीय संसदीय व्यवस्था को चोट पहुंचाया है। अराजकता करने की कोशिश की है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को कलंकित किया है। उन्होंने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन करने के क्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का व्यवहार पूरी तरह से लोकतांत्रिक व संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत है।

### रिटायर्ड आईएएस अरूण सिंह ने किया सरेंडर, बेल मिली

**रांची।** उषा मार्टिन को अवैध तरीके से आवंटित खदान मामले में चार्जशीटेड आरोपी तत्कालीन खान सचिव सह पूर्व अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। साथ ही, आरोपी ने जमानत याचिका भी दाखिल की। इस पर सुनवाई प?ात अदालत सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। अदालत ने उन्हें 50-50 हजार रुपये के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। उन पर साल 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप है। भ्रष्टाचार मामले को लेकर सीबीआई ने 22 सितंबर 2016 में मेसर्स उषा मार्टिन लिमिटेड कंपनी के निदेशक, कंपनी के सहायक उपाध्यक्ष एसके सिंह, एनके पटौडिया इंद्र देव पासवान, तत्कालीन खान सचिव अरुण कुमार सिंह पर जांच पूरी करते हुए जनवरी 2023 में चार्जशीट दाखिल की थी।

# युवाओं को भाजपा से जोड़ने की जरूरत : कर्मवीर सिंह



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला भाजपा मुख्यालय में आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता शशांकराज ने किया। बैठक का संचालन रुपेश सिन्हा ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और वंदे मातरम गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि युवाओं को पार्टी से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हार जीत राजनीति का हिस्सा है। पिछले चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन किया और आगामी समय में और भी मजबूत बनकर उभरेगी। उन्होंने परिवर्तन चौपाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 5 जिलों के अध्यक्षों को मोमेंटो और शाल देकर सम्मानित किया। भाजयुमो के प्रदेश प्रभारी विनय जायसवाल ने संगठन में 15 लाख नये कार्यकताओं को शामिल करने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि जेएसएससी सीजीएल में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ भाजयुमो का संघर्ष जारी रहेगा। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने विधानसभा चुनाव में भाजयुमो के संघर्ष और प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परिवर्तन चौपाल के माध्यम से गांव-गांव जाकर सरकार की विफलताओं को उजागर किया गया। युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिये 60 लाख नये सदस्यों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि 26 दिसंबर को राज्य के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेजों में वीर बाल दिवस मनाया जायेगा। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सभी बूथों पर सुशासन दिवस मनाया जायेगा।

# झूठ, फरेब, छल व प्रपंच का सहारा लेकर देश की जनता को लगातार धोखा दे रही है बीजेपी : केशव

## राहुल पर दर्ज कराये गये झूठे मुकदमें के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने निकाला आक्रोश मार्च



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं द्वारा दर्ज कराए गए झूठे मुकदमे के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आक्रोश पूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। इसको लेकर कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक विरोध मार्च निकाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा की पूरी नीति झूठ, फरेब, छल, प्रपंच पर ही टिकी हुई है। बीजेपी इसी का सहारा लेकर पूरे देश की जनता को लगातार धोखा दे रही है। भारत रत्न बाबा साहब का अपमान करने वाले गृहमंत्री के खिलाफ कांग्रेस का शांतिपूर्ण प्रदर्शन भाजपा को पसंद नहीं आया। जनता के चुने हुए विपक्ष के जनप्रतिनिधियों को भाजपा के सांसदों ने सत्ता के घमंड में संसद के अंदर प्रवेश करने से रोका,जिस पर कांग्रेस सांसदों ने राहुल गांधी के नेतृत्व विरोध किया। इसे देखते हुए बीजेपी नेताओं ने फर्जी ड्रामा किया और इसी ड्रामा के तहत झूठा मामला बनाकर राहुल गांधी पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के अपमान से पूरा देश उद्वेलित है और इसी से ध्यान हटाने के लिए भाजपा ने सियासी ड्रामा रचा है। इसके बावजूद भाजपा के ड्रामे से कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है। बाबा साहेब के अपमान का विरोध पुरजोर तरीके से किया जाएगा।

**कार्यक्रम में ये नेता थे शामिल :** विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से केएन त्रिपाठी, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, रवीन्द्र सिंह, जयशंकर पाठक, सुलतान अहमद, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, अभिलाष साहु, आभा सिन्हा, निरंजन पासवान, सोनाल शांति, राजन वर्मा, डॉ राजेश गुप्ता, शान्तनू मिश्रा, डॉ राकेश किरण महतो, सुरेन्द्र सिंह, मुन्नम संजय, नेली नाथन, केदार पासवान, पप्पु अजहर, अमरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह बेनी, ईश्वर आनंद, चंचल चटर्जी, अरूण साहु, नीतू देवी, मुन्ना सिंह, राजू राम, बशिष्ट लाल पासवान, नागो चौधरी, फिरोज रिज्वी मुन्ना, नीलम सहाय, अनिल उरांव, विकास सिंह, संजय कुमार, आशुतोष पाठक, राजीव चौधरी, आशुतोष पाठक आदि कांग्रेसजन शामिल थे।

### बीजेपी के चिरकुट नेता राहुल को कर रहे हे बदनाम: राजेश कच्छप

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि देश के सबसे बड़े पंचायत में भाजपा के कुछ चिरकुट नेता भी उपस्थित है। वीडियो फुटेज और सांसद के बयान से साफ है कि राहुल गांधी निर्दोष हैं। अडानी प्रकरण और युवाओं को रोजगार से भटकाने की यह भाजपा की साजिश है। राहुल गांधी संविधान को बचाने और देश को जोड़ने के लिए पूरे देश की यात्रा करते हैं और उन पर झूठा मुकदमा किया जा रहा है ,यह सिर्फ कांग्रेस का अपमान नहीं बल्कि न्याय का अपमान है। देश तानाशाही से नहीं लोकतंत्र से चलेगा।

### मुकदमा कर बीजेपी ने नीचता की हद पार कर दी : ठाकुर

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के ऊपर मुकदमा दर्ज करना संसदीय इतिहास का काला दिन है। गोडसे के कदमों पर चलने वाली भाजपा निचता की हद तक गिर सकती है। जिस तरह से राहुल गांधी के ऊपर हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है, उससे हमें आशंका है कि इलाजरत सांसद की हत्या भी भाजपा कर सकती है ताकि फर्जी मुकदमे को सच में बदल सके। इलाजरत सांसद को कड़ी सुरक्षा की आवश्यकता है। गोडसे जैसे हिंसात्मक विचार रखने वाली भाजपा ऐसे कृत्यों को अंजाम दे सकती है। उन्होंने कहा कि जिस नाम के आगे गांधी शब्द जुड़ा हुआ है वह हिंसा नहीं कर सकता। हिंसा गोडसे के चेले करते हैं। कार्यक्रम में पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरॉव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने भी अपना विचार रखा।


**शपथ पत्र**

मैं उर्मिला कुमारी पिता स्व. अरविंद ठाकुर, निवासी ग्राम जुरू, पो. बसौरा, थाना लेस्लीगंज, जिला पलामू झारखंड, शपथ पूर्वक इकरार करती हूं

यह कि मैं उक्त नाम व पते की निवासी हूँ और आज से इसी नाम से जाने जाएंगे और सारे कागजात पर इसी नाम से लेखा-जोखा होगा।

यह कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम निकू कुमारी शो कर रहा है, जबकि मेरा सारा शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम उर्मिला कुमारी है।

यह कि मेरा आधार नंबर 666006297157 है। इसी आधार में अपना नाम उर्मिला कुमारी अंकित करना चाहती हूं।

यह है कि शपथ पत्र पर दी गई जानकारी सही व सत्य है।

Book No - 14
Serial No - 7341
Date - 27-11-2024


### पति की हत्या में पत्नी एवं प्रेमी को दोषी करार, फैसला आज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त द्वितीय मनीष रंजन की अदालत ने हत्या मामले की सुनवाई करते हुये प्रेमी राज मुंडा और पत्नी अंजली देवी को दोषी करार दिया है। साथ ही सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 21 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। खेलगांव के गाड़ीगांव निवासी अंजली देवी ने अपने प्रेमी राज मुंडा के साथ साजिश रचकर अपने पति राजू मिर्धा की हत्या करने का आरोप है। अंजली और राज के बीच अवैध संबंध था। मृतक कमाने गुजरात गया हुआ था। उसी दौरान उसकी दोस्ती नामकुम के लालखंटगा निवासी राज मुंडा से हो गई थी। दोस्ती ऐसी हो गई कि राज मुंडा महिला के घर आने जाने लगा था।

## कृषि मंत्री ने मेधा डेयरी का किया औचक निरीक्षण, कहा

# झारखंड में बढ़ेंगे मिल्क कलेक्शन सेंटर



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के होटवार स्थित मेधा डेयरी प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैटल फीड प्रोडक्शन का भी जायजा लिया। उन्होंने मेधा के उत्पाद को राज्य के अंदर ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बिचौलिये सक्रिय हैं। ऐसे में पशुपालक किसानों को दूध का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने राज्य में मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा करने की बात कही। ताकि बिचौलियों के सिंडिकेट को समाप्त कर पशुपालकों से उचित मूल्य पर दूध एकत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तीन लाख लीटर दूध कलेक्शन हो रहा है। लेकिन बाजार की मांग 10 लाख लीटर प्रतिदिन है। बाजार के डिमांड को दूसरी कंपनियां पूरी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पशुपालन के जरिये महिलायें आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। उन्होंने बताया कि मांडर की एक महिला 2016 से पशुपालन से जुड़ी है। आज वह दूध बेचकर प्रति माह 2 लाख रुपये तक का आय हासिल कर रही है।

# राजस्व संग्रहण को लेकर गंभीरता दिखायें : बिरुआ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** परिवहन, भूमि सुधार एवं भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि राजस्व संग्रहण की दिशा में भू राजस्व विभाग के अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। श्री बिरूआ शुक्रवार को समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम जनों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में सार्थक प्रयास होना चाहिये। विसंगतियों को दूर कर हमें राज्य और राज्यवासियों की बेहतरी के लिए कार्य करना है। बैठक में विभागीय सचिव के अतिरिक्त सभी जिला के एसी और डीसीएलआर उपस्थित थे। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में मंत्री ने सभी एसी और डीसीएलआर से एक एक कर बात कर उनके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने भूमि के संबंधित मामलों एवं आम लोगों से जुड़े मामलों पर गंभीरता कार्यों करते हुये जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की समीक्षा बैठक समय-समय पर आयोजित होगी। ताकि कार्यों की गति और अधिकारियों की कार्य क्षमता का आकलन बेहतर निर्णय लिया जा सके।


**झारखण्ड सरकार उद्योग विभाग**
**हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय**
उद्योग भवन, रातु रोड, राँची–834001
**टेन्डर कैन्सिल सूचना**

हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय, झारखण्ड, राँची के आदेश ज्ञापांक–1239, दिनांक 11.12.2024 के द्वारा उद्योग भवन, रातू रोड, राँची की साफ–सफाई एवं रख–रखाव से संबंधित आमंत्रित प्रकाशित निविदा संख्या–PR 341840 Directorate of Handloom, Sericulture and Handicraft (24-25)D को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

ह0/–
उप उद्योग निदेशक
हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय
झारखण्ड, राँची।

PR 342447 Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft (24-25)D



**कार्यालयः– जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा**
समाहरणालय भवन, 'सी' ब्लॉक, ग्राउण्ड फ्लोर, खुँटी टोली, सिमडेगा।
Email ID-simdegamdm@gmail.com Fax&Phone:06525-22644
**आवश्यक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के ज्ञापांक 2166 दिनांक 10 दिसम्बर 2024 के द्वारा पूर्व में प्रकाशित PR 341715 Simdega (24-25)_D जिला के आधिकारिक वेबसाईट www. simdega.nic.in पर प्रकाशित औपबंधित वरीयता सूची के विरूद्ध दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु अंतिम तिथि दिनांक 20.12.2024 तक निर्धारित थी। पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि को विस्तारित करते हुए दावा आपत्ति हेतु अंतिम तिथि 9 जनवरी 2025 तक निर्धारित की जाती है।

शेष निदेश पूर्व निर्गत पत्र ज्ञापांक 2166 दिनांक 10 दिसम्बर 2024 के अनुरुप रहेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
सिमडेगा।

PR 342531 Simdega(24-25)D


## 68वी राष्ट्रीय स्कूल खेलो की मेजबानी और तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक, बोलें विभागीय सचिव

# राष्ट्रीय स्कूल खेलो की मेजबानी में कोई कोताही ना बरते



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 68वे राष्ट्रीय स्कूल खेलो की मेजबानी और उसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में विभागीय सचिव के अलावा राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग (झारखंड सरकार) के निदेशक संदीप सिंह, रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग (झारखंड सरकार) के उपनिदेशक राजकिशोर खाखा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलिंपिक संघ के महासचिव मधुकांत पाठक, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवंदु दुबे समेत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के पदाधिकारीगण, रांची नगर निगम के पदाधिकारी, विभिन्न खेल संघो, एनसीसी के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में खेलो के आयोजन के दौरान विधि व्यवस्था, स्वच्छता, आवासन, चिकत्सकीय सुविधाओं समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए विभागीय सचिव ने पदाधिकारियों को जल्द से जल्द सभी तैयारी पूरा कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने आयोजन में आ रही बालक-बालिकाओ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवासन एवं परिवहन के लिए किये गए प्रबंधों की लगातार निगरानी और आदर्श मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने आवासन के लिए होटलो के चयन में सावधानी बरतने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान किसी भी तरह से सुरक्षा में कोई कोताही नहीं होना चाहिए, इसके लिए रांची जिला प्रशासन आयोजन समिति के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस बलो की तैनाती सुनि?त करे। उन्होंने नगर निगम के पदाधिकारियों को आयोजन स्थल की लगातार साफ सफाई करवाने और स्वछता कार्यो के लिए मानव बल को तैयार रखने का निर्देश दिया।

### रांची में होगा पांच राष्ट्रीय स्तर के खेलो का आयोजन

68वे राष्ट्रीय स्कूल खेलो के अंतर्गत झारखंड को नये वर्ष के जनवरी माह में पांच राष्ट्रीय स्तर के खेलो के आयोजन की मेजबानी मिली है। इनमे अंडर 19 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स, अंडर 14 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स, अंडर 14/17/19 बालक/बालिका वर्ग ट्रैक साइकिलिंग, अंडर 19 बालक/बालिका वर्ग टेनिस, अंडर 19 बालक/बालिका वर्ग हॉकी प्रतियोगिता शामिल है। अंडर 19 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 5 जनवरी से 8 जनवरी तक होगा। इसमें बालक/बालिकाओ और अधिकारियो को मिलाकर कुल 4000 प्रतिभागी शामिल होंगे। अंडर 14 एथलेटिक्स में बालक/बालिकाओ और अधिकारियो को मिलाकर कुल 2044 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसका आयोजन दिनांक 11 जनवरी से 14 जनवरी तक होगा। अंडर 19 टेनिस का आयोजन दिनांक 17 से दिनांक 19 जनवरी तक होगा। इसमें देशभर से 616 प्रतिभागी शामिल होंगे। अंडर 14 ट्रैक साइकिलिंग का आयोजन दिनांक 17 जनवरी से दिनांक 20 जनवरी तक होगा। इसमें 1540 प्रतिभागी शामिल होंगे। अंडर 19 हॉकी का आयोजन 29 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक होगा। इसमें कुल 1760 प्रतिभागी शामिल होंगे।

स्पीड न्यूज

## टाटा आर्चरी की अंकिता ने दो और कोमालिका ने एक स्वर्ण पदक जीता





**जमशेदपुर।** टाटा आर्चरी अकादमी (टीएए) की अंकिता भगत ने सीनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। जबकि कोमालिका बारी ने एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह चैंपियनशिप झारखंड आर्चरी एसोसिएशन ने आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, एनटीपीसी और टाटा स्टील के सहयोग से आयोजित की। झारखंड की महिला रिकर्व टीम (जिसमें अंकिता, कोमालिका और तमन्ना शामिल थीं) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश की टीम को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंकिता ने महिला रिकर्व श्रेणी में रजत पदक जीता और रैंकिंग राउंड में स्वर्ण पदक हासिल किया। रैंकिंग टूर्नामेंट में उनका स्कोर 667/720 रहा, जो उनकी उत्कृष्टता को दर्शाता है।

## इंटर केपीएस यूथ फेस्टिवल 2024 संपन्न



**जमशेदपुर।** अंतर केपीएस युवा महोत्सव 2024 के गौरवशाली मेजबान केरल पब्लिक स्कूल कदमा ने रचनात्मकता और युवा प्रतिभा से भरपूर एक असाधारण दिन 2 देखा। दिन भर 21 शानदार कार्यक्रम हुए, जिनमें स्कूल पत्रिका डिजाइन करना, फैशन डिजाइनिंग, क्विज, नाटक, नुक्कड़ नाटक और अंग्रेजी और हिंदी में कहानी सुनाना शामिल था, जो जूनियर, सीनियर और सुपर सीनियर श्रेणियों के लिए था।

## चेक बाउंस मामले में मनोज गुप्ता कोर्ट से बरी

**जमशेदपुर।** टेल्को कार्तिक नगर निवासी समाजसेवी मनोज गुप्ता को 2016 में हुए चेक बाउंस मामले में जिला न्यायाधीश अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। मामला 2016 का है, जब टेंपो चालक तनवीर आलम ने मनोज गुप्ता पर 1,80,000 उधार लेने और समय पर वापस न करने का आरोप लगाया था। अदालत ने पहले उन्हें दोषी ठहराते हुए एक साल की सजा और 1.5 लाख का जुर्माना लगाया था। मनोज गुप्ता ने कहा कि यह न्याय की जीत है।

## सेवानिवृत्त राजेंद्र सिंह साइबर ठगी के शिकार

**जमशेदपुर।** मानगो मून सिटी रोड के राजेंद्र सिंह साइबर ठगी के शिकार हो गये। राजेंद्र ट्यूब कंपनी से सेवानिवृत्त हुए हैं। साइबर अपराधियों को यह बात अच्छी तरह मालूम थी कि उनके अकाउंट में अच्छी मोटी रकम है। राजेंद्र का अकाउंट स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मानगो शाखा में है। एसबीआई योनो एप का फोटो भेज कर उनके खाते से आसानी से पचास हजार रुपये ठगी कर ली गयी। जिस समय पैसे की निकासी हुई उस समय राजेंद्र बैंक के पास ही खड़े थे। निकासी होते ही भागे-भागे बैंक में गये और अपने अकाउंट को फ्रिज करवाया।

## हिंद आइटीआई के छात्रों ने किया इंडस्ट्रीयल विजिट

**जमशेदपुर।** हिंद आईटीआई के छात्रों ने पुरुलिया, पश्चिम बंगाल स्थित स्पॉन आयरन कंपनी में इंडस्ट्रियल विजिट किया। इस दौरान कंपनी के इंजीनियरों ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए पूरे प्लांट का भ्रमण कराया। उन्होंने बड़ी मशीनों, एसिड फाइनल क्षेत्र, नियंत्रण कक्ष, उद्योग क्षेत्र और अन्य प्रकार के उपकरणों को देखा एवं इंजीनियरों से कई जानकारी ली।

# आज के युवा किताबों से दूर नहीं हो रहे बल्कि वे तकनीक को लेकर आगे बढ़ रहे : सदानंद शाही

- श्रीनाथ विवि में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी महोत्सव का हुआ आगाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्व विद्यालय में तीन दिवसीय आठवां श्रीनाथ अंतर्राष्ट्रीय हिंदी महोत्सव का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ईचागढ़ विधायक सविता महतो, संस्थापक शंभू महतो, संध्या महतो विवि के कुलाधिपति सुखदेव महतो, जीएआडीए निदेशक दिनेश रंजन, विवि के वरिष्ठ सलाहकार कौशिक मिश्रा, वक्ता सदानंद शाही, प्रभाकर सिंह, विवि के कुलपति प्रो डॉ एस एन सिंह ने दीप जलाकर किया।

मुख्य अतिथि सविता महतो ने विवि प्रबंधन को बधाई दी। कहा यह सौभाग्य है कि हमारे क्षेत्र में हिंदी को समर्पित एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का महोत्सव हो रहा है और हम सब इसका हिस्सा बन रहे हैं।

दिनेश रंजन ने कहा कि भाषा जहां भाषाविदों के बीच एकता लाती है, उसको कोई तोड़ नहीं सकता। हिंदी हमारा सम्मान, अभिमान और पहचान है। पूर्व कुलपति डॉ गोविंद महतो ने कहा कि विभिन्न विवि से आये विद्यार्थी अलग-अलग प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनेंगे। हिंदी भारत को शैक्षणिक और सांस्कृतिक रूप से एक धागे में पिरोती है। हिंदी एक वैज्ञानिक भाषा है और हमें अपनी भाषा पर गर्व होना चाहिए।

अतिथि आस्तिक महतो ने कहा कि आज जो काम श्रीनाथ विवि हिंदी भाषा के लिए कर रहा है उस काम का बीड़ा हम सबको भी उठाना चाहिए।



सम्मेलन का उद्घाटन करती विधायक सबिता महतो व अन्य अतिथिगण।

चिंतन मनन दो सत्रों में संचालित हुआ जिसमें पहले सत्र में दिल्ली विवि की कुमुद शर्मा अरुणाचल प्रदेश से मोरजूम लोई एवं यूनाइटेड किंगडम से दिव्या माथुर सम्मिलित हुई।

कुमुद शर्मा से सवाल पूछा गया कि आपके देश के शीर्षस्थ पत्र-पत्रिकाओं में समीक्षात्मक लेख, सामाजिक समस्याओं पर लेख अंग्रेजी कहानियों के अनुवाद और कई पुस्तक प्रकाशित हो चुकी हैं जो विभिन्न विवि में पढ़ाई जाती है मेरा आपसे प्रश्न है हमारे देश में लेखन का इतिहास बहुत पुराना है पहले भी लेखक लिखा करते थे आज भी लिख रहे हैं आपको पहले और वर्तमान के लेखकों के लिए आज देश में जो स्थिति है आप उसमें क्या अंतर देखती हैं?

जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वाकई पहले के समय में और आज के लेखकों के समय में काफी अंतर है और यह अंतर स्पष्ट दिखाई पड़ता है जो पहले लेखको की जो स्थिति थी वह स्थिति आज नहीं है क्योंकि पाठक अब उन्हे प्रकाशको का जो प्यार मिल रहा है शायद पहले वह नहीं मिल पाता था।

मोर्जुम लोई से जब पूछा गया आपने भोजपुरी भाषा को अपने शोध कार्य के लिए क्यों चुना। इस पर उन्होंने कहा कि मेरी भोजपुरी में रूचि रही है और कुछ लोक गायक ऐसे हैं जिन्हें मैं बहुत पसंद करती हूं शायद यही वजह थी कि मैं भोजपुरी लोकगीतों को अपने शोध कार्य के लिए चुनी ।

दिव्या माथुर से पूछा गया कि लंदन में हिंदी भाषा के प्रति वहां के लोगों की क्या सोच है क्या हिंदी भाषा को लेकर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर हैं ? इस प्रश्न का जवाब देते हुए दिव्या जी ने कहा कि बहुत ज्यादा लंदन में लोग हिंदी भाषा एवं भारतीय संस्कृति को पसंद करते हैं इसलिए रोजगार के कई अवसर यूनाइटेड किंगडम में भी हिंदी भाषा को लेकर के उपलब्ध है।

सदानंद शाही से जब पूछा गया कि क्या वजह है कि आज का युवा किताबों से दूर हो रहा है इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी बात नहीं है कि सभी युवा किताबों से दूर हो रहे हैं बल्कि आज का युवा ज्यादा सचेत हो चुका है और तकनीक को लेकर बहुत आगे बढ़ चुका है । जो हमारे समय में युवाओं को उपलब्ध नहीं था वह तकनीक आज उनके साथ है इसलिए आज का युवा बहुत तेजी से आगे बढ़ने के लिए भी तैयार है। कुलाधिपति सुखदेव महतो ने कहा कि श्रीनाथ विवि द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय हिंदी महोत्सव हिंदी भाषा के लिए एक छोटा सा प्रयास है और हमारी यह कोशिश होती है कि इस महोत्सव के द्वारा हम देश-विदेश के विद्वानों को एक मंच पर ला सके साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं से जोड़े।

# शास्त्रीनगर में वर्चस्व को लेकर की गयी थी आलोक भगत की हत्या

- आलोक हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा
- भाजपा कार्यकर्ता समेत पांच गिरफ्तार, हथियार बरामद
- भाजपा समर्थकों ने थाना के बाहर लिया हंगामा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शास्त्रीनगर, कदमा में दिन दहाड़े हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता आलोक भगत उर्फ मुन्ना की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों के पास से हत्या में इस्तेमाल किये गए देशी कट्टा एवं गोली भी बरामद किया है।

बता दें कि जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर चार के पास 18 दिसंबर बुधवार की सुबह बाइक से आए अपराधियों ने आलोक भगत उर्फ आलोक मुन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गिरफ्तार आरोपियों में भाजपा नेता विकास सिंह, साजिशकर्ता आकाश सिंह उर्फ छोटू बच्चा, विशाल कुमार उर्फ भीखे बाबा, पंकज साव उर्फ बच्चा और शक्ति विभार शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तीन देसी कट्टा,



आलोक हत्याकांड में शामिल अपराधियों को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते सीनियर एसपी किशोर कौशल व अन्य पदाधिकारी।

एक गोली ओर तीन खोखा बरामद किया है। शुक्रवार को एसएसपी किशोर कौशल ने मामले का खुलासा किया।

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि क्षेत्र में वर्चस्व को लेकर आलोक की हत्या की गयी थी। आकाश और आलोक के बीच काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था। काली पूजा विसर्जन के दिन भी दोनों के बीच झड़प हुई थी। इसी के बाद आकाश ने आलोक की हत्या की योजना बनायी थी। आरोपी विकास सिंह और शक्ति ने आलोक की रेकी शुरू की थी। घटना के दिन सभी ने आलोक को रोका। आकाश ने पहली गोली चलाई जो आलोक को लगी और आलोक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आलोक ने खुद को संभाला और पास ही एक घर में जा घुसा। विशाल और पंकज ने आलोक का पीछा किया और घर में घुसकर उसे फिर से गोली मारी। सभी गली के अंदर से होते हुए मौके से फरार जो गये।

**भाजपा नेताओं ने किया विकास की गिरफ्तारी का विरोध :** इधर, कदमा थाना के बाहर भाजपा नेताओं ने विकास सिंह की गिरफ्तारी का विरोध शुरू कर दिया। भाजपा नेताओं और समर्थकों ने विकास को लेकर जा रही पुलिस के वाहन को घेर लिया और हंगामा करने लगे। भाजपा नेताओं का कहना था कि विकास को बिना वजह फसाया गया है। हालांकि पुलिस द्वारा समझाने के बाद मामला शांत हुआ।

**आलोक के भाई ने छह लोगों पर दर्ज कराया है एफआईआर :** इधर, घटना के बाद मृतक के भाई मनोज भगत ने छह लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कदमा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। मनोज ने आकाश सिंह उर्फ छोटू बच्चा, मोहित सिंह, राजन सिंह, विकास सिंह, मनीष पांडेय और सुमित सिंह पर आरोप लगाया है। मनोज ने पुलिस को बताया कि आलोक सुबह 10.30 बजे पूजा के लिए फूल लेने के लिए निकला था।

**ये है मामला :** बता दें कि बुधवार सुबह आलोक भगत पूजा के लिए फूल लेने के लिए अपने घर से निकला था। वापसी के क्रम में अपराधियों ने उसे रास्त में रोका और उसपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। परिजनों ने आलोक को इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद गुस्साये परिजनों ने घटना स्थल के पास हंगामा भी किया।

## टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024
## दूसरे दिन 64 के स्कोर के साथ सार्थक छिब्बर ने दो शॉट की बढ़त हासिल की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** दिल्ली के सार्थक छिब्बर ने टाटा स्टील पीजीटीआई के सीजन के आखिरी इवेंट, टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13-अंडर 129 के कुल स्कोर के साथ दो शॉट की अकेली बढ़त बना ली। यह प्रतियोगिता जमशेदपुर के बेलडीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में आयोजित हो रही है। नोएडा के अमरदीप मलिक (64) और श्रीलंका के एन थंगाराजा (66) 11-अंडर 131 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। दो बार टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप जीत चुके पुणे के उदयन माने (65) एक शॉट पीछे चौथे स्थान पर हैं। टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग के शीर्ष पर काबिज वीर अहलावत (68) सात-अंडर 135 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर रहे। गत विजेता और दो बार के चैंपियन गगनजीत भुल्लर (67), राहिल गंगजी (67) और एसएसपी चौरसिया (71) चार-अंडर 138 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 21वें स्थान पर रहे। सार्थक छिब्बर (65-64), जो पहले दिन संयुक्त बढ़त पर थे, ने



सार्थक छिब्बर।

दूसरे दिन बेहतरीन और बिना किसी गलती का खेल दिखाते हुए बढ़त बना ली। 26 वर्षीय सार्थक ने पहले ही होल पर 25 फीट की बर्डी लगाकर जोरदार शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने लगातार दूसरे दिन सभी चार पार-5 होल (दूसरे, नौवें, बारहवें, सोलहवें) पर बर्डी हासिल की। उनकी सटीक बॉल-स्ट्राइकिंग और स्थिरता उनके इस शानदार प्रदर्शन की मुख्य वजह रहीं। छिब्बर के राउंड में 14वें होल पर शानदार अप्रोच शॉट और 17वें होल पर बेहतरीन 30 फीट की बर्डी कन्वर्जन भी शामिल रही। सार्थक, जो फिलहाल पीजीटीआई की मनी लिस्ट में 27वें स्थान पर हैं और अपने पहले खिताब की तलाश में हैं। कहा, यहां के गोल्फ कोर्स तब तक आसान नहीं होते जब तक आप फेयरवेज मिस नहीं करते।

## सी पी समिति मध्य विद्यालय में मनाया गया तुलसी पूजन दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सी पी समिति मध्य विद्यालय केबुल बस्ती में श्री योग वेदांत सेवा समिति के द्वारा विद्यालय के बच्चों के बीच तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। ज्ञात हो कि 2014 में केंद्र सरकार के द्वारा 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस की घोषणा की गई है लेकिन योग वेदांत सेवा समिति के द्वारा पूर्व से ही स्कूलों के बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से 25 दिसंबर के पूर्व ही तुलसी पूजन दिवस के महत्व और तुलसी के पौधे के गुणों से अवगत कराया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपस्थित विद्यालय समिति के अध्यक्ष दिनेश



कुमार ने कहा कि तुलसी पौधे बहुत गुणी होते है जिसके घर पे तुलसी पूजन होती है वो घर सुख शांति और धन धान्य से परिपूर्ण होता है, तुलसी का प्रयोग औषधि के रूप में भी किया जाता है, कोरोना काल के समय ऑक्सीजन की कमी भी तुलसी के पौधे के माध्यम से परिपूर्ण हो रहे थे।

## मानगो क्षेत्र में कचरा उठाव का कार्य शुरू
## डिमना रोड के घरों से 119 टन कचरा उठाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम कचरा निष्पादन के लिए प्रयासरत है। आज भी नगर निगम के कर्मचारियों ने घरों से कचरा उठाया और उसे नियत स्थान पर डंप किया। मानगो नगर निगम के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, अगले दो दिन में मानगो के सभी इलाकों के घरों का कचरा उठ जायेगा। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने एक्स पर लिखा है: मानगो में कचरा उठाव जारी है। आज 119 टन कचरा उठा कर नियत स्थान पर डंप किया गया है। नगर निगम के अनुसार डिमना रोड के घरों से कचरा उठाया गया है। दो दिन में सभी जगहों से कचरा उठा लिया जायेगा। आदित्यपुर के कांग्रेसी नेताओं ने अड़ंगा नहीं डाला होता तो अब तक मानगो से पूरा कचरा हट उठ गया होता। कांग्रेस के नेताओं ने आदित्यपुर में कचरा डंपिंग का विरोध नहीं किया होता तो अबतक समूचे मानगो का कचरा उठ गया होता। आदित्यपुर के कांग्रेसी नेताओं ने किसके शह पर मानगो का कचरा वहां नहीं गिराने दिया यह जांच का विषय है। जबकि सरकार के आदेश से आदित्यपुर नगर निगम को मानगो, जुगसलाई के लिए नोडल संगठन बनाया गया है। गुरुवार को अपने बयान में सरयू राय ने कहा था कि डेढ़ वर्ष तक एनजीटी का आदेश नहीं लागू कराने और मानगो नगर निगम का कचरा निष्पादन के लिए जगह चिह्नित नहीं करा पाने के लिए यदि कोई व्यक्ति दोषी है तो वह केवल बन्ना गुप्ता हैं।

**विधायक सरयू राय ने एक्स पर दी जानकारी**



## एक नजर में

### तीन दिवसीय लीग वॉलीबॉल टूर्नामेंट संपन्न



**जमशेदपुर।** मजदूर नेता गोपेश्वर बाबू की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय लीग वॉली बॉल टूर्नामेंट शुक्रवार को संपन्न हो गया जिसमें कुल 13 टीमें हिस्सा ली। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ए एवं बी, टाटा वर्कर्स यूनियन रेड एवं ब्ल्यू, टीसीएस श्रमिक यूनियन, टाटा कमिंस कर्मचारी यूनियन, टीएसपीडीआईएल वर्कर्स यूनियन, जुस्को श्रमिक यूनियन, टीआरएफ लेबल यूनियन, टाटा पावर इंप्लाईज यूनियन, टिमकेन वर्कर्स यूनियन, जेसीएपीसीपीएल वर्कर्स यूनियन, गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन की टीम इसमें हिस्सा ली। फाइनल मैच टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ए एवं टाटा वर्कर्स यूनियन रेड के बीच खेला गया। जिसमें टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन 3 : 1 से विजयी हुआ। सुबोध कुमार सिंह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीते। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी, ईआर हेड सौमिक राय, जीएम पेंट एवं ट्रिम किरण नरेंद्र, वीएन सिंह रजत सिंह एवं महामंत्री आरके सिंह उपस्थित थे।

## राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर लगे प्रश्न चिह्न को मिटाना है : मंत्री रामदास सोरेन

- सोना देवी विश्वविद्यालय का पहला स्थापना दिवस समारोह शंखनाद -2024 संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** राज्य के स्कूली शिक्षा, साक्षरता और निबन्धन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने बतौर मुख्य अतिथि आज सोना देवी विवि के प्रथम वार्षिक उत्सव शंखनाद-2024 पर कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर लगे प्रश्न चिन्ह को मिटाना है। इसके लिए सरकार शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और संरचनात्मक विकास करने का प्रयास कर रही है। अभी 2 इंजीनियरिंग कॉलेज और 30 डिग्री कॉलेज खोलने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। मंत्री ने कहा कि राज्य के छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाहर नहीं जाना पड़े इसके लिए सरकार काम कर रही है। राज्य सरकार सभी को



शंखनाद-2024 को संबोधित करते मंत्री रामदास।

सरकारी नौकरी नहीं दे सकती है लेकिन यहां के छात्र सोना देवी विवि से तकनीकी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं। राज्य सरकार सोना देवी विवि को हरसंभव जरूरी सहायता देगी।

## पॉलिटिकल किट्टी पार्टी का महिलाओं ने लिया आनंद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शायद ए शब्द सुनने मे कुछ अटपट्टा सा लगे किंतु आदित्यपुर वार्ड संख्या 2 स्थित सनराइज इंक्लेव सोसाईटी की महिलाएं जो की प्रत्येक महीने अलग अलग थीम पर किट्टी का आयोजन करती है इसलिए आज का आयोजन महिला नेत्री मीरा तिवारी के नेतृत्व में हुआ तो किट्टी का थीम नेता जी रखा गया और इस दौरान सभी महिलाएं नेत्री के वेश भूषा में सम्मिलित हुई। किट्टी के दौरान एक राजनीतिक परिचर्चा भी रखा गया जिसमें सभी ने अपने अपने विचार दिये। सभी को एक एक विषय दिया गया था जिसकी पर्ची में जो विषय लिखा था उसके बारे में भाषण देना था।

## जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में दो दिवसीय विंटर डोनेशन कैंप तपिश लांच



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विवि के बिष्टुपुर कैंपस में एनएसएस विभाग और रेडियो धूम ने दो दिवसीय विंटर डोनेशन कैंप तपिश की शुरुआत की। इसके अंतर्गत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्राओं को वस्त्र दान करने का आग्रह किया गया। यह वस्त्र ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंदों के बीच बांटी जायेगी। कार्यक्रम की शुरुआत डीन कॉमर्स डॉ दीपा शरण ने की। इसे सफल बनाने में एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ ग्लोरिया पूर्ति एनएसएस ऑफिसर डॉ डी पुष्प लता, डॉ सुनीता कुमारी एवं एनएसएस की छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हर हर महादेव सेवा संघ का कंबल वितरण अभियान जारी



**जमशेदपुर।** मौसम के करवट लेने के साथ ही ठिठुरन बढ़ गयी है और ठंडी हवाओं के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठंड के प्रकोप को देखते हुए हर हर महादेव सेवा संघ ने संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में कंबल सेवा अभियान में गति प्रदान करके शुक्रवार को ट्यूब गेट, हरिजन बस्ती, चूना भट्ठा, गांधी नगर, बर्मामाइंस सहित अन्य स्थानों पर जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों के बीच कंबल सेवा किया गया। गर्म कंबल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि लोगों की सेवा करना ही परमात्मा की सच्ची सेवा है। मानवता की सेवा करना, गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना, समाज को बेहतर बनाना, यह प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए दूसरों की मदद करनी चाहिए, क्योंकि समाज की भलाई में ही हर किसी की भलाई है।

## रणभूमि 2024-25 में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी ओवरऑल चैंपियन

**अरका जैन विवि**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय ने अपनी वार्षिक खेल प्रतियोगिता 'रणभूमि 2024-25' का आयोजन धूमधाम से किया। तीन दिन तक चले इस उत्सव में विभिन्न खेल गतिविधियों ने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को एकजुट किया, जिससे विश्वविद्यालय में खेल भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा मिला। इस दौरान विवि के विभिन्न खेलों में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विवि की स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी की टीम को असाधारण टीम वर्क और प्रतिभा के लिए ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया।



इस भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज और डीएसपी अरुणा मिश्रा के स्वागत से हुआ। उद्घाटन सत्र में उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही खेल भावना के के साथ अपनी प्रतिभा साबित करने एवं जीवन में खेल के महत्व बल दिया। इससे पूर्व विवि खेल परिषद की अध्यक्ष डॉ रूपा सरकार ने स्वागत भाषण किया। विवि प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ एसएस रजी ने कहा, जीतने का मतलब सिर्फ प्रथम स्थान प्राप्त करना नहीं है, बल्कि इसमें हिस्सा लेना, सीखना और बढ़ना भी है। यह खुद को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मौका है।

**समापन समारोह में बीएसएफ की टीम ने लगाया चार चांद**

तीन दिनों तक चले इस खेल उत्सव का समापन 14 दिसंबर 2024 को एक भव्य समारोह के साथ हुआ। समापन कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद डॉ. अरुण मरांडी ने कार्यक्रम की संक्षिप्त प्रस्तुति दी। इसके बाद प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एस.एस. रजी और डीन छात्र कल्याण डॉ अंगद तिवारी ने भी सभा को संबोधित किया और खेल के महत्व पर बल दिया। मौके पर बीएसएफ हैंडबॉल टीम के सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे कार्यक्रम की शोभा बढ़ी। मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल कोच व टाटा स्टील के खेल प्रबंधक हसन इमाम मलिक ने सफलता के लिए टीम वर्क, दृढ़ता और खेल भावना के महत्व पर बल दिया। समापन समापार का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह था, जिसमें विजेताओं को पदक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी को उनकी असाधारण टीम वर्क और प्रतिभा के लिए ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### पांकी विधायक के पूर्व मीडिया प्रभारी वीरेंद्र के पिता के निधन पर शोक व्यक्त



**पांकी पलामू।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता सह विधायक के मीडिया प्रभारी रहे विरेंद्र चंद्रवंशी के पिता का आकस्मिक निधन रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। उनका अंतिम संस्कार पांकी के हुरलौंग पैतृक निवास से किया गया। वीरेंद्र के पिता के निधन की खबर सुन विधायक डॉ मेहता के निर्देश पर उनके भाई राजकमल वर्मा, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, दयानंद सिंह, संजय चंद्रवंशी, बच्चन ठाकुर, वीरेंद्र चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, राकेश वर्मा उर्फ सोनू एवं सैकड़ों लोग जुटे और उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

### निजी खर्च से बनवायी जलमीनार



**सतबरवा।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा और जिप सदस्य सुधा कुमारी के प्रतिनिधि अजय उरांव ने ग्रामीणों की शिकायत पर प्रखंड क्षेत्र के खामडीह और दुलसुलमा गांव के जलमीनार को निजी खर्च पर बनवाया। खराब जलमीनार बनने से पानी की समस्या से राहत मिली, इससे ग्रामीण खुश हैं। आशीष ने राज्य सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा कि जल नल योजना में काफी अनियमितता बरती गयी है जिसका खामियाजा लोग उठा रहे हैं।

### महागठबंधन ने गृहमंत्री का पुतला फूंका



**हरिहरगंज पलामू।** इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शहर के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। जिसका नेतृत्व राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राघव सिंह व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया है। जिसे बर्दाशत नहीं करेंगे। जब तक वे सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगेंगे, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में राजद नेता बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, लखन यादव, राजद के जिला प्रधान महासचिव राजेंद्र यादव, कांग्रेस के कृष्ण सिंह, झामुमो के सुशील सिंह, जगन सिंह, जितेंद्र दास, छोटेलाल गुप्ता, टुडे आलम, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, दीपक यादव, सूरज कुमार, युगेश यादव, पवन यादव, उमा यादव, रामजतन यादव थे।

### गठबंधन नेताओं ने शाह का पुतला फूंका



**हुसैनाबाद पलामू।** भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा सदन में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर गलत टिप्पणी से उठी विवाद अब देशभर में विपक्षी पार्टियों व कई अंबेडकरवादी संगठनों का विरोध जारी है। शुक्रवार को हुसैनाबाद में राजद के नेतृत्व में विभिन्न पार्टी व संगठनों के नेताओं शहर में विरोध मार्च व गृहमंत्री का पुतला जलाया। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद शहर में हाथों में तख्ती लेकर लोगों ने अमित शाह मुर्दाबाद, अमित शाह माफी मांगो, इस्तीफा दो, अंबेडकर की अपमान, नहीं सहेंगे आदि नारे लगाये। शहर के मुख्य बाजार भ्रमण के बाद अंबेडकर चौक पर पुतला जलाया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, पूर्व चेयरमैन शशि कुमार, राज अली, विजय कुशवाहा, कृष्णा बैठा, कामख्या नारायन सिंह, निर्मल यादव, लालू पासवान, कांग्रेस के मीणा देवी, शंभू सिंह, सुदामा यादव थे।

### नारायणपुर बाजार के ज्वेलर्स दुकान में शटर और ताला तोड़कर हुई चोरी




**हुसैनाबाद पलामू।** पंचायत पथरा के नारायण पुर बाजार स्थित नारायण ज्वेलर्स व बर्तन दुकान में चोरों ने दुकान का शटर व ताला तोड़ 20 हजार नगद समेत सोना चांदी व पीतल के बर्तन चोरी कर लिये। भुक्तभोगी दुकानदार विशाल सोनी ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। कहा कि मैं बिहार के नबीनगर निवासी हूं। वर्तमान में सोने चांदी के व्यवसाय के लिए हुसैनाबाद के नारायणपुर बाजार में रामप्रवेश पासवान के मार्केट में दुकान चलाता था। नित्य दिन की तरह दुकान शाम को बंद कर घर चला गया था। गुरुवार की सुबह पता चला कि दुकान का शटर व ताला तोड़ चोरी हो गयी है। जिसमें 20 हजार नगद, ज्वैलरी लॉकर तोड़कर 45 ग्राम सोना, 2 केजी चांदी व पीतल के बर्तन गायब हैं। करीब 8 लाख की संपत्ति चोरी हुई है। थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि भुक्तभोगी के आवेदन पर आस पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की गहन जांच की जा रही है।

### रामगढ़ में गृह मंत्री का पुतला दहन



**रामगढ़ पलामू।** बाजार में शुक्रवार की दोपहर गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। सत्येंद्र राज भारती ने कहा कि गृह मंत्री ने भरी सदन में बाबा साहेब को अपमानित किया है। बाबा साहब दलितों आदिवासियों के भगवान ही हैं। हमलोग उनका अपमान नहीं सहेंगे। मौके पर मंटू रवि, श्याम लाल राम, रविंद्र सिंह, सत्येंद्र रवि, नंदू रवि, राजेंद्र रवि थे।

### चैनपुर में गृह मंत्री शाह का पुतला दहन



**मोहम्मदगंज पलामू।** इंडी के नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाबा साहेब डॉ अंबेडकर पर अशोभनीय टिप्पणी करने के विरोध में शुक्रवार को मोहम्मदगंज स्टेशन रोड जगदेव चौक पर शाह का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन कर गृह मंत्री से माफी मांगने और अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की है। मौके पर रामजन्म राम, पचू रजवार, सिद्धार्थ कुमार, मनोज सिंह, विनोद पासवान भी थे।

# कल ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज पलामू में होगी झारखंड चैंबर की बैठक : आनंद शंकर

- खास महल लीज, नया औद्योगिक क्षेत्र, एयरपोर्ट का निर्माण एवं खनिज आधारित माइंस होगा मुद्दा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि 22 दिसंबर को समय 11 बजे से पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के साथ झारखंड की सबसे बड़ी व्यावसायिक संस्था झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के साथ ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज, रांची रोड प्रांगण में एक एग्जीक्यूटिव बैठक सुनिश्चित की गयी है। जिसमें झारखंड चैंबर के अध्यक्ष, सचिव पदाधिकारी एवं झारखंड के कई जिलों के अध्यक्ष एवं जोनल अध्यक्ष शामिल होंगे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू सांसद बीडी राम ने भी आने की सहमति दी है और मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर विशिष्ट अतिथि होंगी। इस बैठक में पलामू के विकास की संभावनाओं पर चर्चा होगी। बैठक की पूरी तैयारी कर ली गयी है।



झारखंड के रीजनल उपाध्यक्ष रिंकू दुबे ने बताया कि बैठक में काफी संख्या में चेंबर के सदस्य उपस्थित होंगे। बैठक में लातेहार, चतरा, गढ़वा से भी काफी लोग आ रहे हैं। पलामू चैंबर की ओर से स्थानीय व्यवसायिक संगठन को भी आमंत्रित किया गया है जो पलामू के विकास की संभावनाओं पर विचार रखेंगे। पलामू चेंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयार कर ली गयी है। चेंबर महिला विंग की भी काफी सदस्य उपस्थित होंगी। कार्यक्रम 11 से 2 बजे तक चलेगा उसके उपरांत सामूहिक भोजन के बाद कार्यक्रम का समापन होगा। मौके पर सदस्यता प्रभारी कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि झारखंड चैंबर में अध्यक्ष आनंद शंकर के नेतृत्व में पूर्व से लगभग 100 सदस्य है और आज उनके ही नेतृत्व में हम सबों द्वारा और 100 सदस्य बनाकर पलामू जिले को पूरे झारखंड में सर्वाधिक सदस्यों वाला जिला बना दिया जायेगा। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि इस बैठक में पलामू के विकास हेतु खास महल लीज, नए औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण, क्षेत्र के विकास हेतु प्रमंडल के बंद पड़े माइंस को खुलवाना एवं एयरपोर्ट निर्माण कर हवाई सेवा शुरू कराना प्रमुख होगा।

# साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने में होगी सहूलियत : राजकमल वर्मा

- राजकीयकृत स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय रनेभरी में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** प्रखंड के राजकीयकृत स्तरोन्नत प्लस टू उवि रनेभरी में साइकिल वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के भाई सह प्रतिनिधि राजकमल वर्मा, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, पांकी बीडीओ ललित सिंह, बीइइओ परमेश्वर साव, हुरलौंग मुखिया बिंदा देवी ने किया। कक्षा 8 के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल दी गयी। सभी मंचासीन एवं जनप्रतिनिधियों का जोरदार स्वागत किया गया। अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा, उन्नति का पहिया, साइकिल वितरण कार्यक्रम वित्त वर्ष 2024-25 में सभी सरकारी विद्यालयों के कक्षा 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को दिया गया। मौके पर सगालिम मुखिया सुनिल प्रजापति, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मजहबी खानम, उपाध्यक्ष शब्बीर खान, बीआरपी योगेंद्र कुमार सिंह, यशवंत कुमार सिंह, कल्याण विभाग के सुनील कुमार समेत शिक्षक व विद्यार्थी शामिल थे। श्री वर्मा ने कहा कि सरकार विद्यार्थियों स्कूल आकर पढ़ाई करने के लिए कई सुविधाएं दे रही है। साइकिल मिलने से अब विद्यार्थी समय पर स्कूल आकर शिक्षा ग्रहण करेंगे। उन्होंने अभिभावकों से भी विद्यार्थियों को समय पर प्रतिदिन स्कूल भेजने का आग्रह किया।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में साइबर अपराध और कैरियर काउंसलिंग पर कार्यशाला

# प्रशिक्षु आइपीएस दिव्यांश शुक्ला ने दी साइबर अपराध से जुड़ी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सभागार में साइबर अपराध पर विशेष कार्यशाला की गयी। मुख्य अतिथि आईपीएस दिव्यांश शुक्ला ने मंच से छात्रों को कहा कि साइबर अपराध से छात्रों को सतर्क रहने की जरूरत है। इसके अंतर्गत कंप्यूटर हैकिंग, कंप्यूटर वर्क्स, वायरस वितरण, पहचान चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी एवं फिशिंग घोटाले आते हैं। साइबर अपराध का यह मामला अत्यधिक तेजी से फैल रहा है। सजगता ही एकमात्र बचाव के रास्ते हैं। पछताने से सजग रहना कहीं आसान है। साथ ही कैरियर काउंसलिंग से उन्होंने बच्चों को सवाल पूछने हेतु प्रेरित किया। छात्रों के प्रश्न पूछे गये यूपीएससी की तैयारी कैसे करें? कहां से इसकी तैयारी करें? किस प्रकार अभ्सास करें? इन प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि हमें नियमित समाचार पत्र अवश्य पढ़ना चाहिए। उसके प्रत्येक मुख्य बिंदुओं को लिखकर अभ्यास करना चाहिए। वर्तमान में आप जिस कक्षा में पढ़ रहे हैं उसका ठीक से तैयारी करे। अपने लक्ष्य को छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित करने से लक्ष्य पाने में आसान होगी।



साइबर क्राइम से बचने की जानकारी देते प्रशिक्षु आइपीएस।

**खास बातें :** प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि दिव्यांश शुक्ल जी द्वारा साइबर अपराध से जुड़ी सक्रियता हर्ष का विषय है। समय रहते आर्थिक नुकसान से बचाव प्राथमिक ध्येय होना चाहिए। किंतु फिर भी इसके गिरफ्त में आ जाने पर सर्वप्रथम 1930 पर संपर्क कर रिपोर्ट दर्ज करायें। इन्टरनेट पर अनजान ई-मेल, वेबसाइड व लिंक से सदैव सतर्क रहें। अनजान व्यक्तियों से इन्टरनेट संबंधित आदान प्रदान कभी भी न करें। ऐसे अभियान से छात्र सजग तो होंगे ही साथ-साथ अभिभावक भी सक्रिय होंगे।

# बिश्रामपुर के नप मुख्यालय में राजद ने फूंका केंद्रीय गृहमंत्री शाह का पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन करते राजद कार्यकर्ता।

**विश्रामपुर (पलामू)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में राजद ने बिश्रामपुर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की शुरुआत स्थानीय बस स्टैंड से हुआ। जहां से राजद कार्यकर्ता अमित शाह का पुतला लेकर प्रदर्शन करते थाना चौक होते हुए हॉस्पिटल चौक पहुंचे और गृहमंत्री का पुतला दहन किया। जिसके बाद प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव ने की और संचालन राजद नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने किया। सभा में राजद नेताओं ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जायेगा। गृहमंत्री अमित शाह को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए। मौके पर कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, जमील खान, राजद जिला महासचिव रमेश चौबे, गोपाल राम, डॉ सलीम अंसारी, संजय उपाध्याय, विकास यादव, अनीस अंसारी, मनोरंजन मिश्रा, सूर्यदेव यादव, लखन यादव, मुन्ना यादव, महेंद्र यादव, राणा प्रताप सिंह, देव कुमार ठाकुर, नासिर अंसारी, अनिल ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# प्राचार्य ने वित्त मंत्री से की इंटर परीक्षा सेंटर प्रखंड स्तर पर बनाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पाटन राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालयव राजकीयकृत हीरानंद लक्ष्मी प्लस टू उच्च विद्यालय किशुनपुर के प्राचार्य ने झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को पत्र के माध्यम से वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा का सेंटर प्रखंड स्तर पर बनाने की मांग की है। प्राचार्य ने पत्र के माध्यम से कहा है कि इंटरमीडिएट परीक्षा का सेंटर जिला मुख्यालय बनाया गया है। इस विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी दूर दराज गांवों भ्झिकही पल्लवा, चुरा दोहर, कोल्हुआ, हरैया, किसइनी, नावा जयपुर, धंगरडीहा, पचकेड़िया, पखलमार, दिपौआ, टुइयां, दुआमाआ आदि गांवों से आते हैं जो जिला मुख्यालय से लगभग 60-70 किमी दूर अवस्थित है। परीक्षा केंद्र तक समय से पहुंचने के क्रम में वाहन व यातायात असुविधा के कारण परीक्षार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही परीक्षा के दौरान आने जाने के क्रम में सड़क पर काफी भीड़ होती है। परीक्षार्थी आये दिन दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। कुछ विद्यार्थी परीक्षा से वंचित भी रह जाते हैं। प्राचार्यों ने वित्त मंत्री से इस मामले में पहल करते हुए इंटर परीक्षा का सेंटर को जिला मुख्यालयसे स्थानांतरित कर प्रखंड स्तर पर परीक्षा केंद्र निर्धारित करायी जाये।

# अनियंत्रित कार ने चार को रौंदा मौके पर ही दो की मौत, दो गंभीर

- पुलिस जीप को भी किया क्षतिग्रस्त, सीडीपीओ और एसडीओ के हस्तक्षेप के बाद मामला हुआ शांत
- उग्र भीड़ ने किया सड़क जाम, स्थानीय विधायक और प्रशासन की पहल पर जाम हटा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मोहम्मदगंज पलामू।** गुरुवार की रात मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ में सबनवा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे अलाव ताप रहे पांच लोगों को रौंद दिया। इसमें अरशद खान और आशिफ खान की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि इमरान, जहांगीर और हसनैन खान गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के बाद कार खाई में जा गिरी। मोहम्मदगंज-जपला मुख्य सड़क को जाम कर दिया है। सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गयी और यातायात प्रभावित हो गया। ग्रामीण प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और सड़क सुरक्षा के ठोस उपायों की जरूरत पर जोर दे रहे हैं। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

### आपराधिक कांड का अभियुक्त गिरफ्तार



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर पुलिस ने शुक्रवार को एक आपराधिक कांड के अभियुक्त नावा जयपुर के प्रदीप भुइयां उर्फ प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने बताया कि प्रदीप पर नावा जयपुर थाना में धारा 341/ 323/ 324/ 307/ 504 भादवि का मामला दर्ज है। वह आपराधिक मामले का अभियुक्त था। पुलिस ने कार्रवाई कर उसे दबोचा।

### इस वर्ष की अंतिम मासिक लोक अदालत आज

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में इस वर्ष की अंतिम लोक अदालत 21 दिसंबर शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में 10:30 बजे से की जायेगी। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।

### पारिवारिक मिलन समारोह कल : दिलीप कश्यप



**चैनपुर पलामू।** युवा कसौधन वैश्य समिति का वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह 22 दिसंबर (रविवार) को 9 बजे निमिया, चैनपुर के प्रांगण में होगी। इसकी जानकारी युवा कसौधन वैश्य समिति के अध्यक्ष दिलीप कश्यप ने दी। कहा कि वनभोज सह मिलन समारोह से एकता व भाईचारा बढ़ता है। कहा कि ऐसे कार्यक्रम से समाजिक बल प्राप्त होता है और एक साथ मिलने का मौका भी।

### दोबारा बिजली कनेक्शन के लिए बिजली विभाग का चक्कर लगाने को मजबूर हैं व्यवसायी

**मेदिनीनगर।** शहर के छह मुहान स्थित जेनरल स्टोर सह अखबार विक्रेता की दुकान में बिजली बिल बकाया रहने के कारण वर्ष 2017 में कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बाद व्यवसायी नौशाद आलम ने बकाये राशि में से आधी राशि का भुगतान किया। वे दुकान में दोबारे बिजली कनेक्शन लेने के लिए रसीद कटाये लेकिन सात वर्ष बीतने के बाद भी बिजली विभाग ने कनेक्शन नहीं जोड़ा। क्षुब्ध व्यवसायी नौशाद ने बताया कि दुकान में 23342 रुपये बिल बकाया था जिसमें से दस हजार अधिकारी के कहने पर जमा किया। अब कनेक्शन के लिए सात वर्ष से चक्कर लगा रहे हैं। कोई नहीं सुन रहा है।

### पोक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार, जेल



**पाटन, पलामू।** एसआई संतोष कुमार ने शुक्रवार को पाटन के सगुनी से पोक्सो एक्ट के अभियुक्त कश्मीर अंसारी पिता निजाम अंसारी, सगुनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह कांड संख्या 124/24 का अभियुक्त था। कुछ महीने पहले पाटन उवि से आ रही छात्रा संग कुछ लड़कों ने छेड़खानी की थी। जिसके बाद पाटन थाना में छात्रा के परिजनों ने मामला दर्ज कराया था। जिसपर कार्रवाई हुई।

# महिंद्रा आर्किड में एसबीआई लाइफ इंश्यूरेंश कार्यालय का उद्घाटन

- अभिकर्ता घर-घर जाकर इंश्यूरेंश प्लान को बतायें : रिजनल डायरेक्टर अमित कुमार साहा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** महिंद्रा आर्किड में एसबीआई लाईफ इंश्यूरेंश का उदघाटन पटना रिजन के रिजनल डायरेक्टर अमित कुमार शाहा, रिजनल मैनेजर विवेक पांडेय, डियूटी रिजनल मैनेजर अमित कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। श्री शाहा ने अभिकर्ताओं से कहा कि एसबीआई लाइफ इंश्यूरेंश योजना को घर-घर जाकर सभी परिवार को सुरक्षित करें। साथ ही गारंटेड प्लान स्मार्ट प्लेटिना सुप्रीम के विषय में विस्तारपूर्वक लाभुक को बतायें। कहा कि एसबीआई लाईफ इंश्यूरेंश का उद्देश्य है कि देश के कोने कोने में रहनेवाले लोगों को बीमा का लाभ पहुंचाते हुए उनके जीवन को सुरक्षित रखा जाये।

### मजदूरी करने गये युवक की मौत, शव पहुंचते ही घर में मचा कोहराम

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के सेमरबार गांव में उस समय मातम छा गया। जब तेलंगाना राज्य के सिकंदराबाद मजदूरी करने गये 27 वर्षीय युवक पटेल भुइंया का शव शुक्रवार को गांव में पहुंचा। शव देखते ही परिजन दहाड़ मार कर रोने बिलखने लगे। घटना से आहत पत्नी प्रभा देवी व पुत्र का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मालूम हो कि कुछ माह माह पूर्व पटेल भुइयां तेलंगाना राज्य के सिकंदराबाद शहर स्थित एलएनटी कंपनी में मजदूरी करने गया था।

# नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में दो धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड में धान खरीदने के लिए दो जगह धान क्रय केंद्र खुला। पहला केंद्र प्रखंड कार्यालय के समीप एवं दूसरा कोटखास पंचायत के समीप खुला। दोनों केंद्रों पर क्रमशः पूर्वी एवं पश्चिमी के 8- 8 पंचायतों के धान खरीदे जायेंगे। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, बीडीओ सह सीओ सुनील सिंह, पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता के छोटे भाई राजकमल वर्मा, विधायक जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता व मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मंदीप मेहता ने किया। मौके पर धन क्रय केंद्र पदाधिकारी आलोक तिवारी, अशफाक अहमद, चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रखंड अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, सुनील कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, दयानंद सिंह, मंगल किशोर दुबे आदि भी थे।

# धावाडीह मुखिया ने स्कूली बच्चों के बीच किया पोशाक का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



बच्चों के बीच पोशाक वितरण करते अतिथि व अन्य।

**सतबरवा पलामू।** धावाडीह पंचायत की मुखिया रिंकी यादव ने शुक्रवार को पंचायत क्षेत्र के उमवि लोहरा पोखरी हरिजन टोला के वर्ग 1 एवं 2 के 25 छात्र- छात्राओं के बीच झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा उपलब्ध निःशुल्क पोशाक का वितरण किया। मौके पर मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि पोशाक से बच्चो में एकरूपता आती है। पोशाक अमीरी गरीबी में समानता लाती है।

एक तरह के पोशाक से बच्चों में एक दुसरे बच्चो के प्रति समानता की भावना जागृत होती है। राज्य सरकार का यह सराहनीय पहल है जिसके कारण कड़ाके की ठंढ में बच्चों को पोशाक के साथ स्वेटर भी दिया जा रहा है। गरीब परिवार के बच्चों को स्वेटर से ठंढ से राहत मिलेगी। वहीं उन्होंने सभी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। सी आर पी सुधीर कुमार मिश्रा ने अभिभावकों को बताया कि 600 रूपए में प्रत्येक बच्चे को दो सेट पैंट-शर्ट, एक स्वेटर, जूता और मोजा देने का सरकारी प्रावधान है।

प्रबंधन समिति के द्वारा क्रय कर पोशाक का वितरण किया जाता है। श्री मिश्रा ने बताया कि वर्ग 3 से 5 के बच्चो के बैंक खाता मे 600 तथा वर्ग 6 से 8 के बच्चों के 760 रुपये राशि पोशाक के लिए विभाग के द्वारा भेजा गया है। अभिभावक अपने से बच्चों को पोशाक खरीदने का कार्य करें।

मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका बिमला कुमारी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रमिला देवी, उपाध्यक्ष शोभा देवी, रसोईया चम्पा कुवर, पूनम देवी समेत अभिभावक और बच्चे मौजूद थे।

# नगर निगम के व्यवसायियों के साथ हमेशा खड़ा रहेंगे: विधायक

- अतिक्रमण मामले को लेकर विधायक ने निगम सहायक आयुक्त से की वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर/ चैनपुर पलामू।** बीते तीन दिनों से नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्र में लगातार नगर आयुक्त के आदेश अनुसार अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। निगम द्वारा बिना नोटिस दिये कुछ वैध स्थान का बलपूर्वक अतिक्रमण मुक्त के नाम पर जेसीबी से घर छज्जा एवं दुकानों को लगातार तोड़ा जा रहा है, जिसको अतिक्रमण के नाम से जाम की मुक्ति के नाम से चिह्नित किया जा रहा है। निगम ने पलामू जिला व्यावसायिक संघ से बात किये बगैर यह कार्रवाई की है। जिससे आम जनमानस एवं व्यवसाईयों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण अभियान को लेकर विधायक आलोक चौरसिया सहायक नगर निगम आयुक्त से बात की। साथ ही पलामू जिला व्यवसाय संघ की संयुक्त टीम के लोग शामिल है। विधायक की मौजूदगी में पलामू जिला व्यावसायिक संघ का प्रतिनिधिमंडल सहायक नगर आयुक्त के पास अपना पक्ष रखा। कहा गया कि निगम द्वारा चलाये जाने वाले अभियान को जब तक रोड के दोनों तरफ व्हाईट लाइनिंग नहीं की जाती है तब तक के लिए स्थगित रखा जाये। अभी जाड़े का मौसम है। रोड पर छोटे दुकानदार रोड किनारे दुकान लगा रहे हैं, उन्हें हटाने के पहले उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था दी जाये। स्थानीय कोपरेटिव बैंक परिसर में भेंडर मार्केट बना कर व्यवस्थित करने से जाम से मुक्ति मिलेगी।

# साहिबगंज जिले के सदर अस्पताल में महीनो से बंद है अल्ट्रासाउंड, मरीज परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहिबगंज।** बता दे की बड़ी मशक्कत के बाद साहिबगंज जिले के सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड शुरू किया गया था। जिससे कि मरीज को सुविधा मिल सके इसके लिए अस्पताल प्रबंधन व जिला प्रशासन के सहयोग से सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड शुरू करवाया गया था। लेकिन इन दोनों महीनो से बंद पड़ा अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहा मरीजों का अल्ट्रासाउंड मरिज हो रहे हैं परेशान। बता दे की 01.12.2024 से अल्ट्रासाउंड बंद है। जबकि पिछले माह 27.11.2024 से 26. 11. 2024 तक मशीन खराब रहने के कारण अल्ट्रासाउंड सदर अस्पताल में नहीं हो रहा था काफी प्रयास के बाद 26. 11. 2024 को धनबाद के इंजीनियर द्वारा आकर मशीन को बनाया गया था महज 4 दिन चलने के बाद ही फिर से मशीन खराब हो गया इन चार दिनों में लगभग 20 मरीज का अल्ट्रासाउंड हुआ था। मामले में जब अस्पताल प्रबंधक यशवंत राव से जानकारी ली गई तो बताया कि अल्ट्रासाउंड अस्पताल में बंद है यह तो पता है लेकिन कितने दिनों से बंद है यह हमें नहीं पता है उन्होंने अनुमानित दो सप्ताह से बंद बताया है जब उनसे पिछले माह इंजीनियर से आकर मशीन ठीक करने की बात पूछी गई तो बताया कि यह भी मुझे पता नहीं है उन्होंने कहा कि मेरे आने के बाद तो नहीं बना है पहले बना होगा जबकि नवंबर 26 11.2024 को धनबाद से इंजीनियर आकर मशीन को बनाए थे।अब सवाल यह उठता है कि जब अस्पताल प्रबंधन को ही अस्पताल के बारे में जानकारी नहीं है तो फिर और लोगों को कैसे होगी। इस मामले में अस्पताल उपाधीक्षक मोहन मुर्मू से बात की गई तो बताया कि सदर अस्पताल में लगा अल्ट्रासाउंड मशीन खराब है। एक बार इंजिनियर आया था और बना कर गया लेकिन पुनः खराब हो जा रहा है जिसको लेकर बैठक में प्रस्ताव रखा गया की अल्ट्रासाउंड मशीन नया मंगाया जाए। मशीन की कीमत अधिक होने के कारण अभी तक खरीदारी नहीं हो पाई है पुणे 30 तारीख को बैठक होगी जिसमें यह बातें स्पष्ट हो जाएगी कि कब तक मशीन की खरीदारी हो पाएगी तभी बता पाएंगे।

# विश्व रत्न से सम्मानित हुई डीपीएस बोकारो की छात्रा त्रिनयोना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो की 10वीं कक्षा की छात्रा त्रिनयोना को उत्कृष्ट नृत्य कला के लिए प्रतिष्ठित विश्व रत्न सम्मान से नवाजा गया है। संगीत, कला सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभाओं का मूल्यांकन कर प्रोत्साहित करने वाली जानी-मानी संस्था वर्दी वेलनेस द्वारा आयोजित व्यापक स्तर पर एक स्पर्धा में नृत्य संबंधी सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि के लिए विद्यार्थियों की कैटेगरी में पूरे झारखंड से एकमात्र त्रिनयोना को विश्व रत्न सम्मान के लिए चयनित किया गया। उसे स्मृति-चिह्न प्रशस्ति प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने त्रिनयोना को पुरस्कृत करते हुए बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में अपनी खास प्रतिभा होती है और डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों की हर प्रतिभा को निखारने का हर अवसर और मंच प्रदान करता रहा है। त्रिनयोना ने नृत्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार अर्जित किए हैं।

# जैन पब्लिक स्कूल ने किया क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जैन पब्लिक स्कूल के कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के लगभग 200 छात्र छात्राओं ने स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित क्रॉस कंट्री दौड़ में हिस्सा लिया। जैन मिलन केंद्र के कोषाध्यक्ष विपुल मेहता ने औपचारिक रूप से झंडी दिखाकर दौड़ की शुरूआत की। मौके पर सचिव आलोक जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन से प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है जो उनके भविष्य में करियर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य मृत्युंजय सहाय ने कहा कि बच्चों के शारीरिक विकास में दौड़ सहायक होती है। सत्या हाउस के अंकित कुमार ने प्रथम प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर अहिंसा हाउस के मंजीत कुमार रहे तथा संयम हाउस के अमित कुमार तृतीय स्थान पर रहे। दौड़ के आयोजन में जैन पब्लिक स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की सराहनीय भूमिका रही।

# 'विक्रेता विकास कार्यक्रम 2024 सह औद्योगिक प्रदर्शनी कार्यक्रम' का हुआ समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बीएसएल में आयोजित दो दिवसीय विक्रेता विकास सह औद्योगिक प्रदर्शनी कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्त कार्यक्रम में 10 सार्वजनिक क्षेत्र एवं सरकारी उपक्रम तथा लगभग 58 सूक्ष्म एवं लघु उद्यम इकाइयों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे जिसमें इकाइयों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। लगभग 150 से ज्यादा एमएसएमई उद्यमियों ने तकनीकी सत्र में भाग लिया। बीएसएल ईडी एमएम सीआर मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रथम सत्र में सुरेन्द्र शर्मा सहायक निदेशक एमएसएमई-विकास कार्यालय रांची ने पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी पर एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात ए भट्टाचार्जी जीएम एमएम ओएनजीसी बोकारो मयंक कुमार सीनियर ऑफिसर गेल बोकारो एसके गुप्ता जीएम कॉन्ट्रैक्ट्स मेकॉन लिमिटेड रांची अंकित रावल उपप्रबंधक सीएमपीडीआई रांची आदि ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने विभाग के प्रोक्योरमेंट प्रोसेस एवं वेंडर रजिस्ट्रेशन से अवगत कराया। कार्यक्रम के आयोजन में बीएसएल के सामग्री प्रबंधन विभाग के जीएम भूपेंद्र सिंह प्रभात कुमार राजीव गौतम पीके ठाकुर धनञ्जय कुमार तथा प्रबंधक मनोज मंडल की सराहनीय भूमिका रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बीएसएल के सीजीएम हर्ष निगम तथा प्रकाश कुमार उपस्थित थे। सीजीएम श्री निगम ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने सभी से पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी का पालन करने का अनुरोध किया।सीजीएम प्रकाश कुमार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एमएसएमई-डीएफओ रांची को बधाई दी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन सीजीएम उदय प्रताप सिंह तथा प्रबंधक सुश्री तनु प्रिया द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक निदेशक सुरेन्द्र शर्मा ने किया।

# इंग्लिश ओलंपियाड के झारखंड टॉपर बने डीपीएस चास के रतन

**बोकारो।** डीपीएस चास के चार छात्रों रतन अद्वित अनंत वैभव तथा प्रणव ने सिल्वर जोन फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित इंग्लिश लैंग्वेज ओलंपियाड 2024-25 में अपनी-अपनी कक्षा श्रेणियों में क्रमशः पहला दूसरा तीसरा व चौथा स्थान प्राप्त किया। उन्हें क्रमशः नगद 5000/-, 2500/-, 1000/- और 500/- देकर सम्मानित किया गया। अन्य 12 विद्यार्थियों ने दूसरे लेवल की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। छात्रों की असाधारण उत्कृष्टता पर उन्हें बधाई देते हुए विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि सफलता निर्धारित व्यक्तिगत लक्ष्यों की प्रगति की अनुभूति है। विद्यालय की निदेशिका डॉ मनीषा तिवारी ने सफल प्रतिभागियों को निरंतर अध्ययन जारी रखने और भविष्य में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

## महाजनों के खिलाफ आवाज उठाये थे कॉ. कैलाश : जयराम

# हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहें कैलाश : पूर्व सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शहादत दिवस को संबोधित करते विधायक, पूर्व सांसद व शहीद कैलाश महतो की धर्मपत्नी को सम्मानित करते आयोजन कमेटि।

**बेरमो।** बोकारो थर्मल-नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट के हरलाडीह स्थित कैलाश स्मारक हाई स्कूल में शुक्रवार को शहीद कॉ. कैलाश महतो का 49 शहादत दिवस मनाया गया। यहां पर इनके आदमकद प्रतिमा पर सर्वप्रथम उनकी धर्मपत्नी रूकमणी देवी पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। इसके बाद शहीदवेदी पर झंडोतोलन किया गया। शहादत दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि डुमरी विधायक जयराम महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि कॉ. कैलाश महतो ने महाजनों के खिलाफ वृहद्व रूप से लड़ाई लड़े थे। फलस्वरूप क्षेत्र से महाजनों को भागना पड़ा था। कॉ. कैलाश महतो एक नये समाज और शोषण-जुल्म से मुक्त समाज निर्माण के पक्षधर थे। कहा कि आज झारखंड 25 साल होने के करीब है, लेकिन यहां के तकदीर और तस्वीर में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

इसके लिए यहां के लोगों को झारखंड के पुरोधा स्व. विनोद बिहारी महतो, स्व. टेकलाल महतो, स्व. शिबा महतो, कॉ. कैलाश महतो सहित अन्य शहीदों के अनुशरण करते हुए पढ़ाई कर लड़ाई लड़नी होगी। हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद महतो ने कहा कि कॉ. कैलाश महतो तत्कालीन हुकूमत के खिलाफ निरंतर लड़ाई लड़ते रहें और अपनी प्राणों की कुबार्नी दे दी। महाजनों ने एक साजिश रचकर उनकी हत्या कर दी। ऐसे महान क्रांतिकारी को कम्युनिष्ठ पार्टी पूरा परिवार श्रद्धाजंलि अर्पित करती है। शहादत दिवस को एटक नेता लखनलाल महतो, गणेश प्रसाद महतो, अंनतलाल महतो, आफताब आलम, चंद्रशेखर झा, धानेश्वर विधार्थी, दुर्योधन महतो, नुनूचंद महतो, भागीरथ शर्मा, मो. शाहजहां, जानकी महतो, ब्रजकिशोर सिंह, रामेश्वर साव, महाबीर महतो, मुकेश महतो, देवेंद्र महतो, मो. युसूफ महतो, कमालउददीन अंसारी सहित कई लोगों ने संबोधित किया। विधायक जयराम महतो और शहीद कॉ. कैलाश महतो को आयोजक कमेटि के द्वारा शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल में शिरकत हुए बच्चों को विधायक और पूर्व सांसद ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शहादत दिवस पर मुख्य रूप से विमला देवी, रोहित महतो, रूपन देवी, भरत कुमार महतो, अनीता देवी, भागीरथ महतो, लक्ष्मी देवी, महादेव महतो, भुवनेश्वरी देवी, जसवंत कुमार महतो, स्वीटी महतो, बलवंत महतो, गौतम महतो, पूजा कुमारी, जेकेएलएम के जिला सचिव खगेंद्र महतो, प्रखंडध्यक्ष देवनारायण महतो, दिनेश महतो, भेखलाल महतो, खिरोधर महतो, योद्वा महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई ने चलाया बेरमो में पॉक्सो जागरूकता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** शुक्रवार को ठरर ईकाई द्वारा प्राचार्य लक्ष्मी नारायण व कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमे स्कूल के छात्र छात्राएं समेत स्कूल प्रबंधन के सभी हितधारकों की उपस्थिति रही।जागरूकता अभियान में बतलाया पॉक्सो कानून की अधिक से अधिक जानकारी बचाव के लिए कारगर है। स्कूलों में पॉक्सो कमिटी अवश्य होने चाहिए। पॉक्सो अधिनियम के तहत किस प्रकार के मामले आते हैं और क्या क्या सजा का प्रावधान है, छात्र छात्राएं के साथ किसी तरह का व्यवहार होने पर घबराएं नहीं या डरें नहीं, मामले को दबाने या रफा दफा करने की बजाय परिवार, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करें। पॉक्सो एक्ट भारत सरकार द्वारा बनाया गया अधिनियम है जिसके अंतर्गत बच्चों के प्रति होने वाले यौन शोषण पर प्रभावी अंकुश लगाने और बच्चों को यौन शोषण, यौन उत्पीड़न एवं पोनोग्राफी के विरुद्ध संरक्षण हेतु प्रभावी प्रावधान किए गए हैं। इस अधिनियम के अंतर्गत बाल यौन शोषण का वर्गीकरण व आरोपियों को सजा हेतु कठोर प्रावधान किए गए हैं। पॉक्सो 2020 में वर्णित है जहां बच्चों का आना जाना लगा रहता है या स्कूल या कोई शेल्टर होम, सभी कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन और सामाजिक पृष्ठभूमि जांच अनिवार्य है। बच्चों को सतर्क रहने और परेशान करने वाले और भ्रामक किसी भी हरकत को नजरअंदाज न करने के बारे में जागरूक किया गया। किसी भी अकल्पनीय स्थिति से प्रथम द्दष्टया बचाव हेतु सुरक्षा के गुर सिखलाए गए। कोई बच्चा 15 दिन या उससे अधिक समय तक अनुपस्थित रहता है तो संबंधित शिक्षक को तुरंत लंबे समय तक अनुपस्थित रहने के पीछे का वास्तविक कारण का पता लगाने चाहिए। शिक्षकों व अभिभावकों में जागरूकता की कमी के कारण ढडउरड अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन कमजोर दिखता है। कोई भी जानकारी छिपाने पर भी दंड का प्रावधान ढडउरड कानून में किया गया है। ठरर ईकाई द्वारा बच्चों को पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल श्रम, जे जे एक्ट, बाल संरक्षण, दुर्व्यवहार और मानव तस्करी समेत अपराधों के खिलाफ अधिकारों, बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों की सुरक्षा आदि जुड़े मुद्दों को विस्तारपूर्वक समझाया गया। इसके साथ स्कूल के सभी हितधारकों को जे जे एक्ट के सभी परिसीमाओं की जानकारी दी गई। सरकारी स्कूलों के ढडउरड जागरूकता अभियान के दूसरे दिन कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार, स्वयं सेवकों में तनीषा कुमारी, तनीषा प्रवीण आदि, प्रधानाध्यापक गंगा धर विश्वकर्मा, शिक्षक अयाज अहमद, गणेश रविदास, फणींद्र मंडल, जगबंधु महतो, रेखा सिंहा आदि की उपस्थिति रही। पोषक क्षेत्र के अंतर्गत सुभाष नगर, बिरसा नगर, जोहार नगर, अम्लों, रांची घोड़ा, दुर्गा मंदिर आदि हैं जहां के बच्चे राजकीय मध्य विद्यालय, सुभाष नगर बेरमो में आते हैं।

# जोधन नायक को पार्टी ने झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया

**बेरमो।** लोकहित अधिकार पार्टी ने अपने एक बैठक में लिए गए निर्णय को सार्वजनिक करने के बाद बोकारो थर्मल में खुशी की लहर दौड़ गई है। और बोकारो थर्मल, बेरमो , गोमिया , विष्णुगढ़ , चंद्रपुरा, पेटरवार, जरीडीह, फुसरो, कसमार के साथ ही साथ कई जगहों के रहने वालों ने बधाई देने के लिए आना-जाना शुरू हो गया। पिछले दिनों लोकहीत अधिकार पार्टी के राज्य स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से बोकारो थर्मल के निवासी जोधन नायक को झारखंड उपाध्यक्ष बनाने की घोषणा की गई है। बताते चलें कि पार्टी के कार्यकर्ताओ को मानना है कि जोधन नायक को नियुक्त से पार्टी को बल मिलेगा और पार्टी दोगुनी गति से राज्य में अपना शक्ति संचय कर पाएगी। लोकहित अधिकार पार्टी को पहली बार राज्य स्तर पर प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में एक युवा चेहरा को चुना है।


**उपायुक्त–सह–जिला–दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला सामान्य शाखा)**

खूँटी जिला अन्तर्गत चौकीदार नियुक्ति हेतु दिनांक 18.12.2024 को आयोजित शारीरिक जाँच एवं दौड़ में सफल एवं असफल अभ्यर्थियों की सूची।

| क्र० | रौल क्रमांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| सफल अभ्यर्थीगण | | |
| 1 | 1836 | |
| 2 | 2087 | |
| 3 | 1921 | |
| 4 | 0429 | |
| 5 | 1819 | |
| 6 | 0486 | |
| 7 | 1516 | |
| 8 | 0368 | |
| 9 | 0530 | |
| 10 | 0840 | |
| 11 | 1398 | |
| 12 | 1406 | |
| 13 | 0419 | |
| 14 | 1545 | |
| 15 | 0336 | |
| 16 | 1120 | |
| 17 | 0272 | |
| 18 | 0618 | |
| 19 | 0180 | |
| 20 | 0669 | |
| 21 | 0099 | |
| 22 | 0507 | |
| 23 | 0992 | |
| 24 | 0565 | |
| 25 | 1373 | |
| 26 | 1450 | |
| 27 | 1693 | |
| 28 | 1746 | |
| 29 | 0564 | |
| 30 | 1399 | |
| 31 | 0990 | |
| 32 | 1404 | |
| 33 | 1201 | |
| 34 | 0137 | |
| 35 | 1477 | |
| 36 | 1997 | |
| 37 | 0793 | |
| 38 | 1464 | |
| 39 | 0652 | |
| 40 | 1580 | |
| 41 | 1035 | |
| 42 | 0804 | |
| 43 | 0193 | |
| 44 | 1552 | |
| 45 | 1822 | |
| 46 | 1564 | |
| 47 | 0182 | |
| 48 | 0765 | |
| 49 | 2022 | |
| 50 | 1341 | |
| 51 | 0104 | |
| 52 | 1196 | |
| 53 | 0311 | |
| 54 | 2147 | |
| 55 | 0640 | |
| 56 | 2073 | |
| 57 | 0323 | |
| 58 | 2143 | |
| 59 | 0763 | |
| 60 | 0899 | |
| 61 | 0155 | |
| 62 | 0582 | |
| 63 | 0432 | |
| 64 | 1608 | |
| 65 | 1925 | |
| 66 | 1851 | |
| 67 | 1141 | |
| 68 | 1320 | |
| 69 | 0572 | |
| 70 | 1254 | |
| 71 | 1975 | |
| 72 | 1110 | |
| 73 | 0805 | |
| 74 | 1920 | |
| 75 | 0524 | |
| 76 | 0381 | |
| 77 | 0332 | |
| 78 | 1906 | |
| 79 | 0293 | |
| 80 | 1675 | |
| 81 | 1454 | |
| 82 | 1776 | |
| 83 | 1375 | |
| 84 | 1273 | |
| 85 | 0306 | |
| 86 | 0790 | |
| 87 | 2114 | |
| 88 | 0153 | |
| 89 | 1874 | |
| 90 | 1111 | |
| 91 | 0295 | |
| 92 | 2082 | |
| 93 | 0020 | |
| 94 | 1452 | |
| 95 | 0854 | |
| 96 | 1694 | |
| 97 | 0803 | |
| 98 | 0573 | |
| 99 | 1195 | |
| 100 | 1863 | |
| 101 | 1463 | |
| 102 | 0449 | |
| 103 | 1285 | |
| 104 | 1947 | |
| 105 | 0585 | |
| 106 | 0702 | |
| 107 | 0217 | |
| 108 | 2121 | |
| 109 | 1948 | |
| 110 | 1102 | |
| 111 | 1465 | |
| 112 | 1307 | |
| 113 | 2170 | |
| 114 | 1780 | |
| 115 | 1152 | |
| 116 | 0935 | |
| 117 | 0916 | |
| 118 | 0658 | |
| 119 | 1008 | |
| 120 | 0445 | |
| 121 | 0687 | |
| 122 | 0470 | |
| 123 | 2094 | |
| 124 | 1737 | |
| 125 | 0028 | |
| 126 | 2171 | |
| 127 | 1021 | |
| 128 | 1557 | |
| 129 | 0376 | |
| 130 | 2118 | |
| 131 | 1266 | |
| 132 | 0431 | |
| 133 | 0163 | |
| 134 | 0430 | |
| 135 | 1381 | |
| 136 | 0022 | |
| 137 | 0523 | |
| 138 | 1526 | |
| 139 | 0246 | |
| 140 | 0179 | |
| 141 | 2174 | |
| 142 | 0315 | |
| 143 | 0327 | |
| 144 | 2023 | |
| 145 | 1353 | |
| 146 | 1939 | |
| 147 | 1054 | |
| 148 | 0939 | |
| 149 | 1740 | |
| 150 | 0638 | |
| 151 | 2100 | |
| 152 | 1268 | |
| 153 | 0946 | |
| 154 | 1479 | |
| 155 | 1071 | |
| 156 | 0118 | |
| 157 | 1272 | |
| 158 | 0241 | |
| 159 | 2011 | |
| 160 | 0648 | |
| 161 | 0584 | |
| 162 | 1069 | |
| 163 | 1136 | |
| 164 | 0256 | |
| 165 | 0007 | |
| 166 | 1635 | |
| 167 | 0622 | |
| 168 | 0740 | |
| 169 | 0207 | |
| 170 | 1339 | |
| 171 | 0009 | |
| 172 | 0749 | |
| 173 | 0999 | |
| 174 | 1306 | |
| 175 | 0975 | |
| 176 | 1234 | |
| 177 | 2092 | |
| 178 | 1735 | |
| 179 | 1228 | |
| 180 | 0374 | |
| 181 | 1701 | |
| 182 | 1573 | |
| 183 | 1980 | |
| 184 | 0370 | |
| 185 | 1039 | |
| 186 | 0820 | |
| 187 | 1023 | |
| 188 | 1075 | |
| 189 | 0602 | |
| 190 | 0154 | |
| 191 | 1823 | |
| 192 | 0555 | |
| 193 | 2098 | |
| 194 | 0348 | |
| 195 | 1420 | |
| 196 | 0958 | |
| 197 | 2080 | |
| 198 | 0494 | |
| 199 | 1074 | |
| 200 | 0156 | |
| 201 | 1571 | |
| 202 | 1700 | |
| 203 | 1407 | |
| 204 | 2155 | |
| 205 | 1411 | |
| 206 | 1803 | |
| 207 | 0980 | |
| 208 | 0663 | |
| 209 | 1242 | |
| 210 | 1984 | |
| 211 | 1323 | |
| 212 | 1424 | |
| 213 | 1328 | |
| 214 | 1928 | |
| 215 | 1416 | |
| 216 | 2102 | |
| 217 | 1537 | |
| 218 | 0091 | |
| 219 | 0620 | |
| 220 | 0345 | |
| 221 | 1657 | |
| 222 | 0399 | |
| 223 | 0463 | |
| 224 | 0628 | |
| 225 | 0816 | |
| 226 | 0440 | |
| 227 | 1441 | |
| 228 | 1911 | |
| 229 | 0300 | |
| 230 | 0392 | |
| 231 | 0596 | |
| 232 | 1382 | |
| 233 | 0792 | |
| 234 | 0721 | |
| 235 | 1095 | |
| 236 | 1127 | |
| 237 | 1237 | |
| 238 | 0926 | |
| 239 | 0314 | |
| 240 | 1996 | |
| 241 | 1708 | |
| 242 | 0402 | |
| 243 | 0409 | |
| 244 | 0683 | |
| 245 | 0185 | |
| 246 | 1908 | |
| 247 | 1017 | |
| 248 | 0898 | |
| 249 | 0556 | |
| 250 | 0171 | |
| 251 | 0931 | |
| 252 | 1715 | |
| 253 | 0868 | |
| 254 | 1437 | |
| 255 | 1680 | |
| 256 | 1445 | |
| 257 | 2012 | |
| 258 | 0535 | |
| 259 | 1185 | |
| 260 | 2151 | |
| 261 | 0650 | |
| 262 | 0168 | |
| 263 | 0977 | |
| 264 | 1239 | |
| 265 | 1622 | |
| 266 | 1844 | |
| 267 | 1915 | |
| 268 | 1380 | |
| असफल अभ्यर्थीगण | | |
| 269 | 1534 | |
| 270 | 1853 | |
| 271 | 1562 | |
| 272 | 0937 | |
| 273 | 0511 | |
| 274 | 1884 | |
| 275 | 1896 | |
| 276 | 1304 | |
| 277 | 1036 | |
| 278 | 0841 | |
| 279 | 0632 | |
| 280 | 0378 | |
| 281 | 1096 | |
| 282 | 0038 | |
| 283 | 0682 | |
| 284 | 1050 | |
| 285 | 1490 | |
| 286 | 1641 | |
| 287 | 2097 | |
| 288 | 0330 | |
| 289 | 0018 | |
| 290 | 1847 | |
| 291 | 0274 | |
| 292 | 1998 | |
| 293 | 0055 | |
| 294 | 1655 | |
| 295 | 0249 | |
| 296 | 1665 | |
| 297 | 0960 | |
| 298 | 0382 | |
| 299 | 0354 | |
| 300 | 2013 | |
| 301 | 0360 | |
| 302 | 0408 | |
| 303 | 0414 | |
| 304 | 1199 | |
| 305 | 0337 | |
| 306 | 1579 | |
| 307 | 0615 | |
| 308 | 1512 | |
| 309 | 0476 | |
| 310 | 1235 | |
| 311 | 0235 | |
| 312 | 1415 | |
| 313 | 0672 | |
| 314 | 1011 | |
| 315 | 1291 | |
| 316 | 0976 | |
| 317 | 1817 | |
| 318 | 0276 | |
| 319 | 0068 | |
| 320 | 1037 | |
| 321 | 1394 | |
| 322 | 2089 | |
| 323 | 0856 | |
| 324 | 0716 | |
| 325 | 0657 | |
| 326 | 0633 | |
| 327 | 1168 | |
| 328 | 1561 | |
| 329 | 1482 | |
| 330 | 1856 | |
| 331 | 0279 | |
| 332 | 1417 | |
| 333 | 0603 | |
| 334 | 1981 | |
| 335 | 1005 | |
| 336 | 1100 | |
| 337 | 0347 | |
| 338 | 2090 | |
| 339 | 0691 | |
| 340 | 0167 | |
| 341 | 1356 | |
| 342 | 0114 | |
| 343 | 0400 | |
| 344 | 1309 | |
| 345 | 1303 | |
| 346 | 2128 | |
| 347 | 1651 | |
| 348 | 1432 | |
| 349 | 0970 | |
| 350 | 0291 | |
| 351 | 0922 | |
| 352 | 0393 | |
| 353 | 1293 | |
| 354 | 0686 | |
| 355 | 0747 | |
| 356 | 1570 | |
| 357 | 0711 | |
| 358 | 0280 | |
| 359 | 0211 | |
| 360 | 1230 | |
| 361 | 2150 | |
| 362 | 0690 | |
| 363 | 0995 | |
| 364 | 1538 | |
| 365 | 0186 | |
| 366 | 0588 | |
| 367 | 1986 | |
| 368 | 0789 | |
| 369 | 2091 | |
| 370 | 0452 | |
| 371 | 1728 | |
| 372 | 0144 | |
| 373 | 1616 | |
| 374 | 0349 | |
| 375 | 1898 | |
| 376 | 0895 | |
| 377 | 2032 | |
| 378 | 1772 | |
| 379 | 0111 | |
| 380 | 1094 | |
| 381 | 0003 | |
| 382 | 0536 | |
| 383 | 1618 | |
| 384 | 1617 | |
| 385 | 0471 | |
| 386 | 0229 | |
| 387 | 0049 | |
| 388 | 1187 | |
| 389 | 2109 | |
| 390 | 0477 | |
| 391 | 0589 | |
| 392 | 0210 | |
| 393 | 1721 | |
| 394 | 1134 | |
| 395 | 1473 | |
| 396 | 0261 | |
| 397 | 1973 | |
| 398 | 0036 | |
| 399 | 0778 | |
| 400 | 0847 | |
| 401 | 0762 | |
| 402 | 2144 | |
| 403 | 0321 | |
| 404 | 0814 | |
| 405 | 1346 | |
| 406 | 0664 | |
| 407 | 0346 | |
| 408 | 0767 | |
| 409 | 1125 | |
| 410 | 1139 | |
| 411 | 1626 | |
| 412 | 0056 | |
| 413 | 1550 | |
| 414 | 0781 | |
| 415 | 0401 | |
| 416 | 1553 | |
| 417 | 1295 | |
| 418 | 1828 | |
| 419 | 2026 | |
| 420 | 0158 | |
| 421 | 0996 | |
| 422 | 1591 | |
| 423 | 0693 | |
| 424 | 0746 | |
| 425 | 0126 | |
| 426 | 0552 | |
| 427 | 1396 | |
| 428 | 0891 | |
| 429 | 2086 | |
| 430 | 0726 | |
| 431 | 1207 | |
| 432 | 1979 | |
| 433 | 0904 | |
| 434 | 0460 | |
| 435 | 0651 | |
| 436 | 1505 | |
| 437 | 1699 | |
| 438 | 0504 | |
| 439 | 0760 | |
| 440 | 0900 | |
| 441 | 1433 | |
| 442 | 1956 | |
| 443 | 0945 | |
| 444 | 0205 | |
| 445 | 0491 | |
| 446 | 1607 | |
| 447 | 1063 | |
| 448 | 1290 | |
| 449 | 0032 | |
| 450 | 1903 | |
| 451 | 0275 | |
| 452 | 2137 | |
| 453 | 0136 | |
| 454 | 0752 | |
| 455 | 0769 | |
| 456 | 2010 | |
| 457 | 1160 | |
| 458 | 1801 | |
| 459 | 1806 | |
| 460 | 0062 | |
| 461 | 0525 | |
| 462 | 0610 | |
| 463 | 0604 | |
| 464 | 1646 | |
| 465 | 0454 | |
| 466 | 0554 | |
| 467 | 1496 | |
| 468 | 0369 | |
| 469 | 0508 | |
| 470 | 0812 | |
| 471 | 0953 | |
| 472 | 1439 | |
| 473 | 1671 | |
| 474 | 0269 | |
| 475 | 0358 | |
| 476 | 0729 | |
| 477 | 1121 | |
| 478 | 1336 | |
| 479 | 1458 | |
| 480 | 0129 | |
| 481 | 0292 | |
| 482 | 1615 | |
| 483 | 0855 | |
| 484 | 2017 | |
| 485 | 1586 | |

नोट :– शारीरिक जांच एवं दौड़ में सफल अभ्यर्थियों को दिनांक 23.12.2024 को पूर्वाह्न 10.00 बजे सदर अस्पताल, खूंटी में मेडिकल जांच की जायेगी। मेडिकल जांच के लिए मूल प्रमाण पत्र एवं एडमिट कार्ड साथ में लेते आना अनिवार्य है।

ह०/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, खूंटी।

PR 342449 (District) 24-25 (D)

# मलेरिया पर नियंत्रण

विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि सार्थक प्रयासों से भारत मलेरिया की दृष्टि से अधिक संवेदनशील देशों की सूची से बाहर निकल गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालिया रिपोर्ट में जिक्र किया है कि भारत में मलेरिया के मामलों में जहां 69 फीसदी की कमी आई है, वहीं इससे होने वाली मौतों में 68 फीसदी की कमी आई है। उल्लेखनीय है कि देश के मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों में सघन अभियान चलाया गया। साथ ही जागरूकता अभियान से भी इस दिशा में लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिली है। दरअसल, मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में मलेरिया उन्मूलन अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया। इसके चलते भारत को डब्ल्यूएचओ ने उन देशों में शुमार किया है जिन्होंने इस दिशा में आशातीत सफलता हासिल की है। उल्लेखनीय है कि मशहूर चिकित्सा पत्रिका लैंसेट में प्रकाशित रिपोर्ट बताती है कि वैक्सीन रक्त में मौजूद मलेरिया की वजह बनने वाले परजीवियों के खिलाफ प्रभावी पायी गई है। जिसे जीवन की रक्षा के लिये बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जहां भारत में वर्ष 2017 में मलेरिया के चौंसठ लाख मामले थे, वे वर्ष 2023 में घटकर बीस लाख रह गए। वहीं मलेरिया से होने वाली मौतों पर भी अंकुश लगा है। दरअसल, जागरूकता अभियान से उत्पन्न चेतना तथा चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से मलेरिया उन्मूलन में खासी मदद मिली है। एक अनुमान के अनुसार कोई पौने दो करोड़ मलेरिया के मामलों को टाला गया है। वहीं मलेरिया जोखिम में भी आशातीत गिरावट आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दक्षिण पूर्व एशिया के आठ देश मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित थे। जिसमें भारत में भी स्थिति विगत में चुनौतीपूर्ण थी।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

**धनु :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5

**मकर :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-5-7-9

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

# कम सैलरी वाले कामगारों की बढ़ती संख्या एक चुनौती



देश में परंपरागत क्षेत्रों के अलावा अब गिग वर्किंग के मौके ई-कॉमर्स, फिनटेक, हेल्थटेक, बैंकिंग आदि में तेजी से बढ़ रहे हैं। जीडीपी में गिग इकोनॉमी का योगदान भी बहुत बढ़ा है। कंपनियां गिग वर्कर्स के कल्याण की व्यवस्थाएं यकीनी बनाने लगी हैं लेकिन अभी इनकी सामाजिक सुरक्षा खासकर पीएफ, पेंशन , बीमा, स्वास्थ्य आदि पर ध्यान देना बाकी है। इस हेतु तंत्र की स्थापना के लिए सरकार, गिग प्लेटफॉर्म और श्रम संगठनों के बीच तालमेल जरूरी है।

इन दिनों पूरे देश में गिग अर्थव्यवस्था में नौकरियां एक बड़ी चुनौती के रूप में दिखाई दे रही हैं। हाल ही में फोरम फॉर प्रोग्रेसिव गिग वर्कर्स द्वारा भारत की गिग अर्थव्यवस्था पर आयोजित एक वेबिनार में भारत की गिग अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र प्रकाशित किया गया है। इसमें कहा गया है कि भारत में गिग अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 तक 17 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 455 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। श्वेत पत्र के अनुसार भारत के जीडीपी में गिग अर्थव्यवस्था का योगदान वर्ष 2030 तक 1.25 प्रतिशत के स्तर पर होगा।

गौरतलब है कि देश में सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में कमी आ रही है, लेकिन गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके छलांगें लगाकर बढ़ रहे हैं। गिग अर्थव्यवस्था का मतलब है अनुबंध आधारित या अस्थायी रोजगार (गिग वर्क) वाली अर्थव्यवस्था। गिग अर्थव्यवस्था के तहत गिग वर्कर प्रोजेक्ट-दर-प्रोजेक्ट आधार पर काम करते हैं और सेवाएं देते हैं। कोविड-19 के बाद डिजिटलीकरण के प्रसार ने गिग अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। जहां शहरी क्षेत्रों में गिग वर्कर को अभी तक कंस्ट्रक्शन, मैन्यूफैक्चरिंग, डिलिवरीज जैसे श्रम आधारित और कम योग्यता आधारित कार्यों से जोड़कर देखा जाता रहा है, वहीं अब गिग वर्किंग के मौके व्हाइट कॉलर जॉब में भी बढ़ रहे हैं, जहां उच्च स्तर के कौशल और शिक्षा की जरूरत होती है। काम के ऐसे मौके ई-कॉमर्स, फिनटेक, हेल्थटेक, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे हैं।

खास बात यह कि गिग अर्थव्यवस्था के तहत अब महिलाएं भी पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। महिलाओं की भागीदारी गिग अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में दिख रही है। चाहे मार्केटिंग हो या फाइनेंस, महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। महिलाएं इस समय फ्रीलांसिंग में भी सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखा रही हैं।

नीति आयोग के मुताबिक देश में इस समय 77 लाख गिग कर्मी हैं। ऐसे कर्मियों की संख्या तेजी से बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इसका कारण है कि गिग कर्मियों की व्यवस्था फिलहाल केवल शहरी क्षेत्र में ही है और मुख्य रूप से ये सेवा क्षेत्र में सक्रिय हैं। मगर अब इनका दायरा बढ़ेगा तो गिग कर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। नीति आयोग के आकलन के अनुसार भारत में गिग वर्कर्स की संख्या 2030 तक बढ़कर करीब 2.3 करोड़ हो जाएगी। देश में टियर-2 और टियर-3 शहरों में गिग अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। खासतौर से मुंबई, दिल्ली, पुणे, बेंगलूरु, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर और चेन्नई सहित देश के छोटे-बड़े शहरों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष गिग नौकरियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं। देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और रोजगार से संबंधित विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि देश में गिग अर्थव्यवस्था के कारण विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर में तेजी से कमी आ रही है और रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। चूंकि गिग कर्मचारी अक्सर संगठित और असंगठित श्रम के बीच ग्रे जोन में आते हैं, जिससे लाभ और संसाधन प्रभावित होते हैं, इसलिए प्लेटफॉर्म कंपनियां तेजी से गिग श्रमिकों के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थितियों को प्राथमिकता दे रही हैं। इसके तहत मॉनसून के दौरान टिकाऊ रेनकोट प्रदान करने से लेकर आराम करने के क्षेत्र की स्थापना और गर्मी के मौसम के दौरान पानी की सुविधा शामिल हैं। खासतौर से अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, जोमैटो और स्विगी जैसी कंपनियां अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिये प्रतिबद्ध है।



-जयंतीलाल

> गिग वर्करों को राजकोषीय प्रोत्साहन जैसे टैक्स-ब्रेक या स्टार्टअप अनुदान प्रदान किए जा सकते हैं। गिग प्लेटफॉर्म क्षेत्र की क्षमता का दोहन करने के लिए विशेष रूप से प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए डिजाइन किए गए उत्पादों के माध्यम से क्षेत्रीय और ग्रामीण व्यंजन, स्ट्रीट फूड, स्व-रोजगार व्यक्तियों को कस्बों और शहरों के व्यापक बाजारों में अपने उत्पाद बेचने के लिए प्लेटफार्म्स से जोड़ा जा सकता है।

फिर भी अभी देश में गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा पर पूर्ण रूप से ध्यान दिया जाना होगा। खासतौर से हमें गिग-वर्कर्स के लिए भविष्य निधि और पेंशन और बीमा संबंधी कवरेज और लाभों के बारे में सोचना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में नीति आयोग ने ह्यइंडियाज बूमिंग गिग एंड प्लेटफॉर्म इकोनॉमीह्न शीर्षक से जो रिपोर्ट लॉन्च की है, उसके तहत अन्य बातों के साथ ही गिग वर्कर्स और उनके परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों का विस्तार करने की सिफारिश की गयी, जिसमें बीमा और पेंशन जैसी योजनाएं शामिल हैं। यद्यपि देश में गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (संहिता) अधिनियमित हो चुकी है लेकिन अभी तक प्रभावी नहीं है। यह संहिता सरकार को जीवन और विकलांगता कवर, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था सुरक्षा और क्रेच लाभ प्रदान करने के लिए गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं तैयार करने में सक्षम बनाती है। देश में गिग वर्कर्स के लिए ऐसी योजनाएं-नीतियां बीमा कंपनियों के साथ साझेदारी में आगे बढ़ानी होंगी, जिसमें एक फर्म या सरकार के सहयोग द्वारा विशिष्ट रूप से ऐसा डिजाइन हो, जैसा कि सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत परिकल्पित है। कई देशों में गिग वर्कर्स को ह्यवर्कर्सह्न के रूप में वगीर्कृत करके जो मॉडल स्थापित किया गया है, उस पर ध्यान दिया जाना होगा। यह वर्गीकरण गिग वर्करों के लिये न्यूनतम वेतन, सवेतन अवकाश, सेवानिवृत्ति लाभ योजना और स्वास्थ्य बीमा सुरक्षित करता है। गिग वर्करों को राजकोषीय प्रोत्साहन जैसे टैक्स-ब्रेक या स्टार्टअप अनुदान प्रदान किए जा सकते हैं। गिग प्लेटफॉर्म क्षेत्र की क्षमता का दोहन करने के लिए विशेष रूप से प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए डिजाइन किए गए उत्पादों के माध्यम से क्षेत्रीय और ग्रामीण व्यंजन, स्ट्रीट फूड, स्व-रोजगार व्यक्तियों को कस्बों और शहरों के व्यापक बाजारों में अपने उत्पाद बेचने के लिए प्लेटफार्म्स से जोड़ा जा सकता है। देश में गिग वर्कर्स को केवल कुछ ही फर्म ऑन-वर्क दुर्घटना बीमा प्रदान करती हैं; इसे सभी नियोक्ताओं द्वारा प्रदान किया जा सकता है। कामगारों को संकटपूर्ण समय या सेवानिवृत्ति के लिये बचत करने में मदद करना भी कंपनियों को गंभीरता से लेना होगा। जिसका एक तरीका हो सकता है कि इनके द्वारा न्यूनतम स्वैच्छिक योगदान किया जाए जो एक कॉर्पस फंड में जमा हो। सरकार द्वारा शिक्षा, वित्तीय सलाह, विधिक कार्य, चिकित्सा या ग्राहक प्रबंधन क्षेत्रों जैसे उच्च-कौशल गिग वर्कर्स के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी होगी, जिससे भारतीय गिग वर्कर्स की वैश्विक बाजारों तक पहुंच सुगम बनायी जा सके।

## लेटर टू एडिटर

### जनाकांक्षाओं की बात

**सरकार** जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो जनता उसे बदल भी देती है। नई सरकार से जनता उम्मीद करती है कि वह उसकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। यही सत्ता परिवर्तन के निहितार्थ हैं। लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि सरकार बदलने के साथ अक्सर चेहरे बदल जाते हैं। लोकतंत्र में सरकारों का बदलना एक सामान्य प्रक्रिया है। आवश्यकता इस बात की है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरे।

**-सतीश शर्मा, हजारीबाग**

### बदलाव के संकेत

**सभी** एग्जिट पोल के विपरीत, भाजपा ने हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। सत्ता परिवर्तन की आकांक्षाओं के चलते जम्मू-कश्मीर में गठबंधन सरकार बना सकती है, लेकिन वहां भी जनता ने अकेली कांग्रेस को नकार दिया है। अब झारखंड और महाराष्ट्र की बारी है। जनहित में परिणाम जनता के पक्ष में हो।

**- रविकांत, जमशेदपुर**

## ट्वीट

**एमएसपी** की गारंटी और कर्ज. माफी समेत अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की तबीयत बिगड़ना चिंताजनक है। सरकार को बातचीत करके अनशन खत्म करवाना चाहिए।

जायज मांगों के लिए किसानों को बार-बार अनशन और प्रदर्शन के लिए मजबूर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। 700 से ज्यादा किसानों की शहादत के बाद भी सरकार निर्दयी बनी हुई है। मैंने पहले भी कहा है और फिर दोहरा रहा हूं - जैसे मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर हुई, वैसे ही उसे इन मांगों को मानने के लिए मजबूर किया जाएगा। किसानों और देश के लिए बेहतर यही होगा कि देर करने की बजाय जल्द से जल्द मान ले।

**-राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

# पीएचडी में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के मायने

**प्रियंका सौरभ**

## शिक्षा

नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (यूजीसी नेट या एनटीए-यूजीसी-नेट) कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर के लेक्चररशिप के लिए योग्यता और भारतीय नागरिकों के लिए जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार के लिए निर्धारित करने के लिए एक परीक्षा है। इसका उद्देश्य शिक्षण व्यवसायों और अनुसंधान में प्रवेशकों के लिए न्यूनतम मानक सुनिश्चित करना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) सहायक प्रोफेसर के लिए पात्रता या केवल जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर की योग्यता के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों दोनों में भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए परीक्षा आयोजित करती है। पारंपरिक रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और सहायक प्रोफेसरशिप पात्रता के लिए उपयोग की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) अब भारत में पीएचडी प्रवेश के लिए एक प्रमुख मानदंड बन गई है। इस बदलाव ने अकादमिक समुदाय के भीतर इस चिंता के कारण नई बहस छेड़ दी है कि क्या परीक्षण वास्तविक शोध क्षमता की पहचान करने के लिए उपयुक्त है। नेट एक बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित परीक्षा है जो मुख्य रूप से स्मृति और याददाश्त जैसी निचले क्रम की संज्ञानात्मक क्षमताओं का आकलन करती है। ये क्षमताएं कुछ संदर्भों में उपयोगी हैं लेकिन डॉक्टरेट स्तर के अनुसंधान के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक कौशल का मूल्यांकन करने में कम पड़ जाती हैं।

पीएचडी अनुसंधान जटिल विचारों, मौजूदा ज्ञान के महत्वपूर्ण विश्लेषण और मूल अंतर्दृष्टि में योगदान करने के लिए रचनात्मकता की मांग करता है, विशेष रूप से साहित्य, सामाजिक विज्ञान और मानविकी जैसे विषयों में तथ्यात्मक स्मरण और तुच्छ प्रश्नों पर नेट का ध्यान उम्मीदवारों की प्रदर्शन करने की क्षमता को कमजोर करता है। सूक्ष्म तर्क विकसित करने और व्यापक सैद्धांतिक अवधारणाओं के साथ जुड़ने की उनकी क्षमता। नेट स्कोर पर निर्भरता से हाशिये पर रहने वाले समुदाय असमान रूप से प्रभावित होते हैं। इन छात्रों को अकसर प्रणालीगत बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जैसे संसाधनों तक सीमित पहुंच और उच्च लागत वाली कोचिंग, जो नेट पास करने के लिए तेजी से आवश्यक होती जा रही हैं। परिणामस्वरूप, इन पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को उनकी बौद्धिक क्षमता के बावजूद पीएचडी कार्यक्रमों से बाहर रखा जा सकता है।

नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के केंद्रीकरण से उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को खतरा है। परंपरागत रूप से, विश्वविद्यालयों को अपने शोध प्रस्तावों, साक्षात्कार और अनुशासन-विशिष्ट परीक्षणों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करने की स्वतंत्रता है। यह स्वायत्तता संस्थानों को उन उम्मीदवारों को भर्ती करने की अनुमति देती है जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप होते हैं। एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण के माध्यम से प्रवेश को केंद्रीकृत करने से उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण विविधता और नवाचार के क्षीण होने का जोखिम होता है, जैसे कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) ने पहले ही भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में संस्थागत स्वायत्तता के क्षरण के बारे में चिंता जताई है। नेट प्रणाली छात्रों को डॉक्टरेट अनुसंधान की कठोरता के लिए तैयार नहीं करती है। पीएचडी उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि वे मूल अंतर्दृष्टि प्रदान करें, सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित करें और विद्वानों के प्रवचन में संलग्न हों-प्रतिभाषाली छात्रों का विदेश में पलायन पीएचडी कार्यक्रमों के लिए संस्थानों को घरेलू प्रणाली की सीमाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जहां मानकीकृत परीक्षण पर जोर को रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबाने के रूप में देखा जाता है। नेट पर बढ़ती निर्भरता अनजाने में भारत में शोध के दायरे को सीमित कर सकती है। अनुसंधान विचार, कार्यप्रणाली और परिप्रेक्ष्य की विविधता पर पनपता है। नेट जैसे मानकीकृत परीक्षण, जो आलोचनात्मक सोच पर याद रखने को प्राथमिकता देते हैं, ऐसे विद्वान पैदा कर सकते हैं जो परीक्षा उत्तीर्ण करने में माहिर हैं लेकिन ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने की क्षमता का अभाव है, पूछताछ की यह संकीर्णता नवाचार और मूल विचारों के विकास, दोनों को सीमित कर सकती है शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के कई शीर्ष विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश के लिए समग्र दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं।

# जफरनामा : दशम गुरु की अप्रतिम शौर्य गाथा



**इद्रजीत सिंह डिंपल**

## धर्म

(धिक्कार पत्र जिसके पढ़ते ही औरंगजेब की सदमे से मौत हो गई थी।) गुरु गोविन्द सिंह जी द्वारा अपने समकालीन बर्बर, कट्टर व मतान्ध मुगल शासक औरंगजेब को लिखे गये ऐतिहासिक पत्र जफरनामा को भारतीय इतिहास में आध्यात्मिकता, कूटनीति तथा शौर्य का अद्भुत संगम माना जाता है।

**जफरनामा : दशम गुरु की अप्रतिम शौर्य गाथा**

हमारी भारतभूमि सदा से सनातन जीवन संस्कृति की पोषक रही है और हर सच्चा भारतीय शौर्य व संस्कार से आपूरित अपने गौरवशाली अतीत पर सदैव गौरवान्वित होता है। इतिहास गवाह है कि जब-जब विदेशी आक्रान्ता लुटेरों व षड्यंत्रकारियों ने छल-बल से हमारी धर्म-संस्कृति को नष्ट करने के कुत्सित प्रयास किये; तब-तब भारतमाता के महान रणबांकुरे वीरों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। विश्व की बलिदानी परम्परा में अद्वितीय स्थान रखने वाले सिख समाज के दशम गुरु श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी की गणना इसी श्रेणी के महामानवों में होती है। नानकशाही कैलेण्डर के अनुसार सन्-1666 में पौष माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि ( इस वर्ष 29 दिसम्बर) को नौवें सिख गुरु तेग बहादुर की पत्नी गूजरी देवी ने बिहार प्रांत के पटना शहर में जिस तेजस्वी बालक को जन्म दिया था; उसकी अप्रतिम शौर्य गाथा भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।

गुरु गोविन्द सिंह जी द्वारा अपने समकालीन बर्बर, कट्टर व मतान्ध मुगल शासक औरंगजेब को लिखे गये ऐतिहासिक पत्र जफरनामा को भारतीय इतिहास में आध्यात्मिकता, कूटनीति तथा शौर्य का अद्भुत संगम माना जाता है। मूल रूप से फारसी भाषा में लिखा गया जफरनामा गुरु गोविन्द सिंह जी द्वारा मुगल आक्रान्ता औरंगजेब को लिखा गया वह विजय पत्र है जो उन्होंने अपने चारों पुत्रों और सैकड़ों साथियों के बलिदान के उपरांत आनन्दपुर छोड़ने के बाद सन 1706 में तब लिखा था' जब औरंगजेब दक्षिण भारत के अहमदनगर किले में अपने जीवन की अंतिम सांसें गिन रहा था।

फारसी में लिखे इस पत्र में कुल 111 काव्यमय पदों में खालसा पंथ की स्थापना, आनंदपुर साहिब छोड़ना, फतेहगढ़ की घटना, 40 सिखों के साथ अपने चार पुत्रों के बलिदान तथा चमकौर के संघर्ष के साथ मराठों तथा राजपूतों द्वारा औरंगजेब की करारी हार का वृत्तांत ऐसी शौर्यपूर्ण तथा रोमांचकारी शैली में मिलता है ,जो किसी भी राष्ट्रभक्त की भुजाओं में नवजीवन का संचार करने के लिए पर्याप्त है। भारतीय इतिहासकारों के मुताबिक जफरनामा में श्री गुरु गोविन्द सिंह द्वारा औरंगजेब के अत्याचारों के विरुद्ध मुखर विरोध अभिव्यक्त होता है। इस पत्र में दशम गुरु पूरी निर्भीकता से औरंगजेब की झूठी कुरान की कसमों एवं उसके कुशासन की चर्चा के साथ उसकी क्रूर व बर्बर सोच की भर्त्सना करते हैं।

जफरनामा के लेखक का स्वर एक विजेता का स्वर है, जिसमें अत्यन्त ओजस्वी भाषा में गुरु गोविन्द सिंह औरंगजेब को ललकार कर अपने स्वाभिमान तथा वीरभाव का परिचय देते हुए लिखते हैं, औरंगजेब ! तू धर्म से कोसों दूर है जो अपने भाइयों व बाप की हत्या करके अल्लाह की इबादत करने का ढोंग रचता है। तूने कुरान की कसम खाकर कहा था कि मैं सुलह रखूंगा, लड़ाई नहीं करूंगा, मंदिरों को नष्ट नहीं करूंगा, हिंदुओं के धर्म की रक्षा और धार्मिक भावनाओं का आदर करूंगा, पर तू अव्वल दर्जे का ह्यधूर्तह्न, ह्यफरेबीह्न और ह्यमक्कारह्न है। तूने अपने बाप की मिट्टी को अपने भाइयों के खून से गूँथा और उस खून से सनी मिट्टी से अपने राज्य की नींव रख अपना आलीशान महल तैयार किया है। तेरे खुदा की कसम तेरे सिर पर भार है।ह्यह्न

**इसके लिए तेरा खुदा भी तुझे कभी माफ नहीं करेगा।**

औरंगजेब को चुनौती देते हुए दशम गुरु लिखते हैं कि क्या हुआ (परवाह नहीं) अगर जो मेरे चार बच्चे (अजीत सिंह, जुझार सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह) देश और सनातन की मिट्टी के लिए कुर्बान हो गये, पर कुंडली मारे तुझे डंसने वाला नाग अभी जिन्दा बाकी है। अगर तू कमजोरों पर जुल्म करना और उन्हें सताना बंद नहीं करेगा तो मुझे कसम है उस परवरदिगार की कि तुझे आरे से चिरवा दूंगा। मैं युद्ध के मैदान में अकेला आऊंगा और मैं तेरे पांव के नीचे ऐसी आग रखूंगा कि पूरे मुल्क में उसे बुझाने वाला तथा तुझे पानी पिलाने वाला एक भी न मिलेगा। मैंने पंजाब में तेरी पराजय की पूरी व्यवस्था कर ली है। फिर इसके आगे गुरु गोविंद सिंह औरंगजेब को इतिहास से सीख लेने की सलाह देते हुए लिखते हैं कि तू अपनी मन की आँखों से देख कर विचार कर कि भारत को जीतने का सपना देखने वाले सिकंदर और शेरशाह ,तैमूर , बाबर, हुमायूं और अकबर आज कहां हैं ? फिर आगे इस संदेश पत्र में गुरु गोविंद सिंह औरंगजेब को चेतावनी देते हुए कहते हैं- औरंगजेब ! तू मेरी यह बात ध्यान से सुन कि जिस ईश्वर ने तुझे इस मुल्क की बादशाहत दी है, उसी ने मुझे धर्म और मेरे देश की रक्षा का जिम्मा सौंपकर वह शक्ति दी है कि मैं धर्म और सत्य का परचम बुलंद करूं।

वे लिखते हैं कि जब सभी प्रयास असफल हो गये हों, न्याय का मार्ग अवरुद्ध हो गया हो, तब तलवार उठाना तथा युद्ध करना सबसे बड़ा धर्म है।

जफरनामा के अंतिम भाग में ईश्वर के प्रति पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुए महान गुरु ने लिखा है ,कि शत्रु भले हमसे हजार तरह से शत्रुता करे पर जिनका विश्वास ईश्वर पर है ,उनका कोई भी बालबांका नहीं कर सकता।वस्तुतः गुरु गोविंद सिंह का जफरनामा एक पत्र नहीं बल्कि भारतीय जनमानस की भावनाओं का प्रखर प्रकटीकरण है। अतीत से वर्तमान तक न जाने कितने ही देशभक्तों ने उनके इस पत्र से प्रेरणा ली है। गुरु गोविंद सिंह का यह पत्र युद्ध के आह्वान के साथ शांति, धर्मरक्षा, आस्था तथा आत्मविश्वास का भी परिचायक है और पीड़ित, हताश, निराश तथा चेतना शून्य समाज में नवजीवन तथा गौरवानुभूति का संचार करने का भी।

जारी...

स्पीड न्यूज

## प्रखंड में नहीं हुआ है अब तक कम्बलों का वितरण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बाद भी मरकच्चो प्रखंड में सरकार की ओर से क्षेत्र के असहाय एवं गरीबों को दी जाने वाली कम्बलों का वितरण अभी तक नहीं हो पाया है। पिछले साल अब तक प्रखंड के लगभग पंचायत में पंचायत के जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के बीच कंबलों का वितरण पंचायत के मुखिया द्वारा किया गया था, मगर अभी तक क्षेत्र में ना ही सरकारी कंबल और ना ही निजी संस्थान की ओर से एक भी कंबल का वितरण नहीं किया गया है। जिससे असहाय जरूरतमंद लोगों को ठंड में काफी परेशानी से रात गुजारनी पड़ रही है।

## ग्रिजली विद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए नामांकन शुरू

**कोडरमा।** ग्रिजली चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में आने वाले शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्रों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उक्त जानकारी विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अंजना कुमारी ने दी। वहीं उन्होंने बताया की आगामी 22 दिसंबर 2024 को कक्षा नर्सरी से कक्षा नवमी तक के छात्रों के लिए प्रथम बेसलाइन चेक का आयोजन विद्यालय परिसर में किया जाएगा। इसके अलावा समय-समय पर बेसलाइन चेक का आयोजन किया जाता रहेगा। जिसके तिथि की जानकारी विद्यालय के वेबसाइट के मायम से दी जाएगी। मौके पर अशरफ खान, विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, सुधांशु कुमार, राजीव रंजन सिंह, अमित कुमार दास आदि मौजूद थे।

## स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार कक्ष में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से संबंधित बिडब्लूएससी प्रखंड स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक का संचालन बीडीओ ने किया। बैठक में एसबीएमजी फेज 2 के तहत किये जा रहे कार्यों से संबंधित समीक्षा की गयी। बैठक में कनीय अभियंता जहेंद्र भगत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जिला समन्वयक जल जीवन मिशन आईईसीदीपक तमोली एवं प्रखंड समन्वयक राम कुमार मरकच्चो के द्वारा फेज 2 के तहत किये जाने वाले कार्यों से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस बैठक में अबुआ आवास के लाभुकों को लाभ देने, टॉयलेट टायपोलॉजिय सर्वे, शत प्रतिशत स्वच्छता कवरेज, सेग्रीगेशन शेड एवं कचरा उठाव वाहन का संचलन एक सप्ताह के अंदर करने के लिए निर्देश दिया गया। साथ ही ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए 15 वी वित्त, मनरेगा से सोकपीट, नाडेप एवं भषमक बनाने के लिए भी कहा गया। सभी जलसाहिया को बने संरचनाओं का प्रयोग कराने के लिए समुदाय को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में रविशंकर सिंह रिंकू, राकेश रंजन, प्रखंड समन्वयक, मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक तथा सभी जलसहिया मौजूद थे।

## सहायिका चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मसमोहना पंचायत स्थित मिनी आंगनबाड़ी बाराडीह कोड 144 में शुक्रवार को मुखिया चांदनी सिंह की अध्यक्षता में सहायिका के चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में सहायिका पद के लिए सात प्रतिभागी ने भाग लिया। जिसमें प्रियांशु कुमारी का चयन किया गया। मौके पर सीडीपीओ नयाब जेबा, गुड़िया कुमारी, धीरेन्द्र सिंह, मिथिलेश साव, मदन मोहन सिंह, संतोष साव, मनोज प्रसाद, संजय प्रसाद, बाबूलाल यादव, इम्तियाज अंसारी, रामु साव, बोी दास, सुरेश दास, राखी कुमारी, बबीता कुमारी आदि मौजूद थे।

### गृह मंत्री अमित शाह के बाबा साहब पर विवादित बयान पर मचा कोहराम, राजद ने झंडा चौक पर अमित शाह का फूंका पुतला

# बाबा साहब न्याय पंसद लोगो के मसीहा थे: रामधन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** गृह मंत्री अमित शाह के संसद के शीतकालीन सत्र में राज्यसभा में संविधान के 75वीं वर्षगांठ पर चर्चा के दौरान बयान पर देशभर में कोहराम मचा है। गृह मंत्री के बाबा साहब को लेकर बयान की विपक्ष समेत दलित संगठनों में भारी आक्रोश है और गृह मंत्री का इस्तीफा मांग रहे है। झुमरीतिलैया में 20 दिसंबर को राष्ट्रीय जनता दल ने इंडिया गठबन्धन के बैनर तले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और पुतला फूंका। साथ ही राजद नेताओ ने अमित शाह को देश से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग की। पुतला दहन के बाद सभा की गई। जिसकी अध्यक्षता राजद दलित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजय दास ने की, जबकि संचालन राजद नेता घनश्याम तुरी ने की। सभा को संबोधित करते हुए राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि भाजपा को संविधान से नफ़रत है और संविधान को खत्म करने की साजिश रचने में नाकाम कोशिश में जुटे है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा नेताओं ने चुनाव जीतने पर संविधान बदलने का बयान खुलेआम सार्वजनिक मंच से दिया था। देश ने भाजपा को बहुमत से दूर रखा और जेडीयू और टीडीपी के रहमोकरम पर सरकार चल रही है। देश में संविधान और आस्था के बीच बहस छेड़कर भाजपा संविधान को खत्म करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब पर गृह मंत्री का बयान निंदनीय है और संविधान-संविधान निर्माता का अपमान है। बाबा साहब डॉ. बी. आर अंबेडकर न्याय पसंद और देश के गरीब, वंचित दलितों, शोषितों के मसीहा है और जन्मों जन्मों तक रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा देश मे रहे या नही रहे, लेकिन देश मे संविधान और बाबा साहब के लिखे हक़ अधिकार वाले कानून से देश चलेगा। भाजपा के साज़िश का देश के वंचित, शोषित, दलित, अल्पसंख्यक समाज करारा जबाब देगी। वहीं सभा को संबोधित करते हुए राजद नेताओं ने अमित शाह और भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया। वहीं नेताओं ने कहा कि 'बाबासाहेब अंबेडकर हमारे फैशन और जुनून हैं, वह हमारी प्रेरणा के केंद्र है। हम बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। देश के गृह मंत्री को लोकतंत्र के मंदिर संसद में बयान देने पर देश से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग की। मौके पर सरफ़राज नवाज खान, संजय दास, महेश यादव, घनश्याम तुरी, चरणजीत सिंह, महेश दास, रघुनाथ कुमार दास, संजय दास, धीरज यादव, टुकलाल यादव, प्रेम प्रकाश, मो.मुश्ताक, शंभु पासवान, राजू तुरी, महादेव दास समेत कई लोग मौजूद थे।

## बारीसाखी पंचायत में शिविर का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के बारीसाखी पंचायत भवन में शुक्रवार को प्रशासन गांव की ओर योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मुखिया सुमीरा कुमारी ने किया, जबकि संचालन दिगंबर पांडेय ने किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि वेदांती कुमारी, अंचल अधिकारी अनंत सय्यम, जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, प्रमुख अनीता यादव और उप प्रमुख प्रीतम यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य, आवास, बैंक, आपूर्ति, शिक्षा और कृषि विभाग के स्टॉल लगाए गए। फूलों झालों योजना के तहत लाभार्थियों को ?20,000 के चेक वितरित किए गए, जबकि आपूर्ति विभाग ने धोती-साड़ी का वितरण किया। जेएसएलपीएस सहित अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई और लाभ प्रदान किया गया।अंचल अधिकारी अनंत सय्यम ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उनके आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किया गया। शिविर के दौरान लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार से संबंधित योजनाओं का लाभ मिला।

### कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

## पीड़ितों को मुआवजा राशि जल्द प्रदान करें : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की बैठक हुई। जिसमें विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर उपायुक्त ने कई निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री स्व रोजगार योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, प्री व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, बिरसा आवास योजना, वन अधिकार अधिनियम समेत अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा किया गया। वहीं बैठक में चालू वितीय वर्ष में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ितों व्यक्तियों के मुआवजे को लेकर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त 20 आवेदनों के आलोक में उपायुक्त ने जल्द से जल्द पीड़ित व्यक्तियों को मुआवजा की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा करते हुए डीसी ने कहा की प्राप्त आवेदनों को स्वीकृति प्रदान कर योग्य लाभुकों को योजना का लाभ दें। वहीं बिरसा आवास योजना के तहत अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने, प्री और पोस्ट मैट्रिक की छात्रवृत्ति देने आदि का निर्देश दिया। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, सीएस डॉ. अनिल कुमार, जिला कल्याण पदाकिारी अनूप कुजुर आदि मौजूद थे।



## उपायुक्त ने निबंधन कार्यालय और अभिलेखागार का किया औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शुक्रवार को अवर निबंधन कार्यालय और जिला अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निबंधन कार्यालय मर जमीन की रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया, विभिन्न कागजातों समेत निबंधन से सम्बंधित विभिन्न प्रक्रियाओं का जायजा लेते हुए कहा कि जमीन रजिस्ट्री करने के कार्य में तेजी लाएं, बेवजह किन्हीं को कार्यालय का चक्कर लगाना नही पड़े, उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जमीन रजिस्ट्री कराने आये लोगों के लिए बैठने का उचित व्यवस्था करें, कतारबद्ध तरीके से भूमि का निबंधन करें। वहीं अभिलेखागार के औचक निरीक्षण के दौरान डीसी ने सभी प्रकार के रजिस्टरों के संधारण करने की प्रक्रिया की जांच किया और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## जन शिकायत निवारण कार्यक्रम में आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुई उपायुक्त

**कोडरमा।** गुड गवर्नेंस वीक के तहत जिले में आयोजित प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी-अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उपायुक्त से उचित कार्रवाई की मांग किया। जिस पर उपायुक्त ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। वहीं जन शिकायत निवारण कार्यक्रम में रजिस्टर टू में सुधार व रसीद निर्गत करने, दाखिल खारिज करने, रोजगार की मांग, लाल कार्ड बनवाने आदि से सम्बंधित मामले आये। इसके अलावे जिले के सभी प्रखंडों, अंचलों में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा और उचित कार्रवाई की मांग किया।

## डकैती की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** तिलैया थाना अंतर्गत ग्राम मोरियामा अंम्बेडकर चौक गली तिलैया में एक घर में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। जिसको लेकर तिलैया थाना काण्ड संख्या 330/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस कांड के उद्भेदन एवं अज्ञात अपरध कर्मीयो की गिरफ्तारी के लिए एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा तिलैया थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठन किया गया। छापेमारी दल में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार सशस्त्र बल और पैंथर के जवान शामिल थे।

## दो मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में चार घायल, एक रिम्स रेफर

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकाई चौक के समीप दो मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में 35 वर्षीय दिलीप यादव पिता बाबूलाल यादव बलरोटांड़ निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरे मोटरसाइकिल पर सवार तीन नाबालिक युवक भी घायल हो गये, जिसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां दिलीप यादव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। वहीं अन्य तीनों नाबालिक युवकों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## टेलीकॉम उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हंटरगंज।** राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज (आरएनएम) के सभागार में शुक्रवार को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) और महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में टेलीकॉम उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का संचालन एसएनएमएम सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टेलीकॉम उपभोक्ताओं को उनकी शिकायत निवारण प्रणाली और साइबर फ्रॉड से बचाव के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर कंज्यूमर ऑर्गेनाइजेशन के सदस्य प्रदीप कुमार और पन्ना लाल ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। वक्ता प्रदीप कुमार ने पीपीटी और वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से ट्राई द्वारा उपभोक्ता हित में चलाए जा रहे विभिन्न जागरूकता अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता 'डू नॉट डिस्टर्ब' ऐप और 'ट्राई माई कॉल' ऐप का उपयोग करके अनचाही कॉल और संदेशों से बच सकते हैं। उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला और उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रणाली के महत्व को समझाया। वक्ता पन्ना लाल ने ट्राई व्हाट्सएप चैनल को सब्सक्राइब करने की अपील करते हुए कहा कि इससे उपभोक्ता आसानी से नवीनतम जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने फ्रॉड कॉल और साइबर ठगी से बचने के उपाय साझा किए। कार्यक्रम के दौरान फ्रॉड कॉल और साइबर ठगी से बचाव के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को जागरूकता फॉर्म भरकर अन्य लोगों को भी इन खतरों से सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया।

वक्ताओं ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी), डीएनडी (डू नॉट डिस्टर्ब), और एक्टिव/डी-एक्टिव सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में आरएनएम कॉलेज के प्राचार्य प्रो. जैनेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. फहीम अहमद, प्रो. फखरुद्दीन अंसारी, प्रो. अनिल कुमार सिंह, प्रो. पंकज कुमार, प्रो. रामजीत यादव, प्रो. ताहिर हुसैन, प्रो. श्वेता सिंह सहित अन्य शिक्षकगण और सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## इनकम टैक्स द्वारा टीडीएस, टीसीएस पर एक दिवसीय सेमिनार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** आयकर विभाग टीडीएस वार्ड, बोकारो द्वारा टीडीएस, टीसीएस पर एक सेमिनार शिव वाटिका बाई पास रोड झुमरीतिलैया में आयोजित किया गया। जिसमें आयकर अधिकारी दीपक कुमार टीडीएस वार्ड बोकारो द्वारा टीडीएस, टीसीएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित सभी डीडीओ, कतौतिकर्ताओं को सही दर से टीडीएस काटने, काटे गए टीडीएस की राशि को सरकारी खाते में सही समय पर जमा करने और नियत तिथि पर त्रैमासिक स्टेटमेंट पिसम करने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी बताया कि गलत जानकारी देने के कारण व्यक्ति या फर्म का कटा गया टीडीएस उनके फॉर्म 26एएस में परिलक्षित नहीं होता है, जिससे उन्हें अपना आयकर विवरणी दाखिल करने में परेशानी होती है, साथ ही उनके उपर आयकर का बकाया भी हो जाता हैं। जबकि उनका टैक्स डीडक्टर द्वारा पहले से ही कटकर भुगतान किया जाता हैं। इस सेमिनार में टीडीएस, टीसीएस के नये प्रावधानों के अतिरक्त कर कटौती नहीं करने एवं जमा नहीं करने पर पेनाल्टी और अभियोजन के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गयी, साथ ही फॉर्म 12बीबी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। जिसके अंतर्गत उन सभी वेतनभोगी, कर्मचारीयों के लिए अनिवार्य है जो वित्तीय वर्ष के दौरान किये गए निवेश या खर्च पर शेषाधिकारी एवं कर की कटौती का दावा करना चाहते हैं। इस कार्यक्रम में रामगढ जिला के सभी सरकारी कार्यालय के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ.), और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों ने भाग लिया। वहीं अश्विनी कुमार, डुबो देने टीडीएस रिटर्न फाईल करने में होने वाली कठिनाइयों को कैसे दूर किया जा सकता है, इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपरोक्तसेमिनार में आयकर निरीक्षिक मनोज कुमार झा एवं अन्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार झा द्वारा किया गया।

## राजनीतिक स्थिति का सर्वे कार्य को लेकर बैठक

**डोमचांच (कोडरमा)।** शहरी स्थानीय निकायों में अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग की राजनीतिक स्थिति का सर्वे कार्य को लेकर नोडल पदाधिकारी, बीएलओ, प्रगणक, सुपरवाइजर, शिक्षक सुपरवाइजर, निवर्तमान वार्ड पार्षद आदि की बैठक शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता सहायक नोडल पदाधिकारी प्रशासक नगर कार्यालय डोमचांच के शंभू प्रसाद कुशवाहा ने किया। मौके पर मुख्य रूप से नोडल पदाधिकारी बीडीओ भोला पांडेय मौजूद थे। मौके पर विजेंद्र प्रताप सिंह, निखिल किरण, राजा सिंह, मनोज कुमार बाजपेई, उमेश कुमार सिंहा, मिथिलेश पांडेय आदि मौजूद थे।

### एक नजर में

## भेड़िए के हमले में घायल लोगों से मिले विधायक उज्जवल दास

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के मलकपुर पंचायत के कर्मा गांव, मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के हुसिया पंचायत के गणेशपुर, पथरा और दुबीजमुनिया गांवों में भेड़िए के हमले में घायल हुए लोगों का हालचाल जानने के लिए विधायक उज्जवल दास ने शुक्रवार को दौरा किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। विधायक ने कहा कि इस घटना से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है। उन्होंने वन विभाग और प्रशासन से अपील की कि जल्द से जल्द भेड़िए को पकड़ने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। साथ ही, उन्होंने घायलों को उचित मुआवजा और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी की। इस मौके पर टुन्नी सिंह, योगेंद्र सिंह, रंधीर सिंह, नगीन सिंह, मनिंद्र सिंह, विजय सिंह, रबिन सिंह समेत कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## यु एम एस सलगा के बच्चों ने वनभोज का लिया आनंद

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के सलगा गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय (यूएमएस) के बच्चों ने शुक्रवार को वनभोज का आनंद लिया। यह आयोजन प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दांगी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख अनीता यादव और उप प्रमुख प्रीतम यादव ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने बच्चों के साथ भोजन का आनंद लिया और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़ती है। वनभोज में बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया, जिससे बच्चे बेहद उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। प्रमुख अनीता यादव ने शिक्षकों को और बेहतर प्रयास करने की सलाह दी ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी भागीदारी का अवसर मिले।

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बकाया भुगतान की मांग को लेकर सिविल सर्जन से की मुलाकात

**चतरा।** सिविल सर्जन कार्यालय में शुक्रवार को आउटसोर्सिंग कंपनी 'कमांडो फोर्स' के कर्मचारियों ने अपनी बकाया राशि के भुगतान की मांग को लेकर सिविल सर्जन से मुलाकात की। कर्मचारियों ने बताया कि उनका जनवरी और फरवरी 2021 तथा अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2024 का वेतन अब तक बकाया है।कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है, जिससे उनके परिवारों का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने बताया कि वे दिन-रात मेहनत कर अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं, लेकिन वेतन न मिलने से बच्चों की स्कूल फीस और घर का खर्च चलाना बेहद कठिन हो रहा है। कर्मचारियों ने प्रशासन और कंपनी से जल्द से जल्द बकाया भुगतान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर समय पर वेतन नहीं मिलता है, तो उनके जीवन-यापन और बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ सकता है। **सिविल सर्जन ने दिया आश्वासन :** कर्मचारियों की शिकायत पर सिविल सर्जन ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा कि अन्य जगहों पर पेमेंट हो रही है और चतरा में भी कंपनी से बातचीत कर ली गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही बकाया राशि का भुगतान कंपनी के माध्यम से कर दिया जाएगा।

## भाजयुमो चतरा जिला को परिवर्तन चौपाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला सम्मान

**चतरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) चतरा जिला को विधानसभा चुनाव में 100 परिवर्तन चौपाल आयोजित करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज और युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी विनय जायसवाल ने प्रदान किया।भाजयुमो चतरा के कार्यकताओं ने विधानसभा चुनाव के दौरान जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 100 चौपालों का सफल आयोजन किया था। इस उपलब्धि पर प्रदेश मंत्री विश्वजीत पाठक, विशाल गुप्ता, मंडल अध्यक्षों और सभी कार्यकताओं ने सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। भाजयुमो चतरा जिला को सम्मान मिलने पर जिला अध्यक्ष सुमन सौरभ को चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह, जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, डॉक्टर मृत्युंजय सिंह, छात्र विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्जवल दास, युवा मोर्चा जिला प्रभारी विकास मालाकार और अन्य नेताओं ने बधाई दी। इस मौके पर जिला महामंत्री जितेंद्र पांडे, घनश्याम यादव, गौतम सिंह, बबलू साहू, विवेक केसरी, संदीप सिंह और अभिषेक राज सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक महीने तक बैंड-बाजा और बारातों पर लगा ब्रेक, 16 जनवरी से शुभ मुहूर्त

कोडरमा। खरमास 16 दिसंबर से शुरुआत हो चुका है। अब एक महीने तक बैंड-बाजा और बारातों पर ब्रेक लग गया है। शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्य इस दौरान नहीं होंगे। पंडित मदन पांडेय के अनुसार 14 जनवरी मंगलवार को मकर संक्रांति के साथ सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे खरमास समाप्त होगा। नये साल में 16 जनवरी 2025 से विवाह सहित अन्य मंगल कार्य शुरू होंगे। मिथिला पंचांग के अनुसार जनवरी में 10 दिन फरवरी में 14 दिन, मार्च में 5 दिन, अप्रैल में 9 दिन, मई में 15 दिन और जून में 5 दिन विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है। हालांकि, जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्तूबर में विवाह के मुहूर्त है, क्योंकि इस दौरान भगवान विष्णु शयन में चले जाते हैं। नवंबर में 13 दिन और दिसंबर 2025 में सिर्फ तीन दिन विवाह का शुभ मुहूर्त है। कुल मिलाकर नये साल में शहनाई की आवाज 74 दिन तक गूंजेगी, जिससे सभी के दिलों में खुशी का माहौल होगा। विवाह के शुभ मुहूर्त के साथ ही शादी के आयोजनों में रौनक लौट आयेगी।

**जनेऊ और मुंडन के शुभ मुहूर्त :** वहीं जनेऊ और मुंडन के शुभ मुहूर्त भी 2025 में शुरू हो रहे हैं। जनेऊ के लिए शुभ मुहूर्त फरवरी से शुरू होंगे, जिनमें 3, 7, 9, 10 फरवरी, मार्च में 9, 10, अप्रैल में 7, 8 और मई में 2, 7, 8, 29 तारीखें विशेष रूप से शुभ मानी जायेगी। वहीं मुंडन का शुभ मुहूर्त 31 जनवरी से आरंभ होगा। फरवरी में 3, 7, 10, 17, मार्च में 6, 10, अप्रैल में 17, 30 और मई में 8, 9, 28 को शुभ मुहूर्त है।

## स्कूली बच्चों के जान जोखिम में डालकर ऑटो के छत पर बैठाकर कराया जा रहा यात्रा

**कोडरम।** मुख्यालय में स्कूली बच्चों के जान जोखिम में डालकर ऑटो के छत पर बैठाकर यात्रा कराया जा रहा है। देखा जा रहा है कि झारखंड स्टेट ओलंपियाड परीक्षा देकर वापस बच्चे अपने घर ऑटो के छत पर बैठकर जा रहे है। बताते चलें कि ऑटो चालक ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में इन बच्चों के जान जोखिम में डालकर ऑटो के छत पर बैठाकर ले जाते हैं मगर अभीतक किन्ही पदाधिकारियों तक इनके उपर नजर नहीं पड़ी है।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कोडरमा। रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को लैंगिक संवेदनशीलता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन सहायक प्रायापक डॉ. संजीव कुमार ने किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि आज महिलाएं जीवन के कई क्षेत्रों में स्वतंत्र और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं।

## स्पीड न्यूज

### सीओ व खान निरीक्षक ने छापामारी कर अवैध रूप से भंडारित छह सौ घनफिट बालू किया जब्त



**घाघरा।** अवैध बालू उत्खनन व भंडारण के खिलाफ अंचलाधिकारी घाघरा, जिला खान निरीक्षक व घाघरा थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें गम्हरिया में अवैध रूप से बालू उत्खनन कर भंडारण पाया गया। जिसके बाद खान निरीक्षक नीरज कुमार के द्वारा घाघरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्राथमिकी में कहा है कि संयुक्त छापेमारी की गयी। इस दौरान गम्हरिया में अवैध बालू उत्खनन कर लगभग 600 घनफिट बालू का भंडारण किया हुआ था और व्यापार किया जा रहा है। जिसे जब्त किया गया। स्थानीय सिकंदर मांझी से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि अनिल जायसवाल जो सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा निवासी है उसके द्वारा बालू का भंडारण किया गया है। जबकि उक्त स्थल पर किसी का कोई भंडारण अनुज्ञप्ति एवं बंदोबस्ती नहीं है। यह पूर्णत: अवैध है। साथ ही प्राथमिकी में यह भी कहा गया है कि सरकारी राजस्व की चोरी हो रही है एवं राष्ट्रीय संपत्ति का क्षरण भी हो रहा है। उल्लेखनीय है कि कोई भी व्यक्तिबिना पट्टा या अनुज्ञप्ति धारण किए खनिज का उत्खनन एवं परिवहन नहीं कर सकता है। ऐसा करना खान एवं खनिज के धाराओं का उल्लंघन है। इस अवैध खनन व भंडारण के लिए प्राथमिकी दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई करने का आग्रह भी किया है।

### धान व्यवसायी के खाते से साइबर ठगों ने उड़ाए 1 लाख 60 हजार रुपये

**गुमला।** गुमला में साइबर अपराध दिनों दिन बढ़ता नजर आ रहा है। अब तक गुमला में साइबर ठगों के द्वारा कई लोगों को लूटा गया है। जिसकी शिकायत थाने में दर्ज है, परंतु अभी तक कोई भी साइबर अपराधी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। ताजा मामला प्रकाश में आया है जहां धान का व्यवसाय करने वाले व्यापारी के खाते से एक लाख 60 हजार 500 रुपए उड़ा लिए गए। इस संबंध में पीड़ित ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित सुनील साहू के अनुसार वे कसीरा पतिया निवासी हैं। 17 दिसंबर को उनके मोबाईल पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद का परिचय जीयो कंपनी के कर्मचारी के रूप में दी और कहा कि आपके मोबाईल और नेटवर्क में गड़बड़ी हो गई है। कुछ देर के बाद आपका फोन काम करना बंद कर देगा। इसके अलावे इसे ठीक करने की बात कहते हुए उनके खाते का डिटेल ले लिया। नासमझी में उन्होंने सारी जानकारी दे दी। कुछ देर के बाद उनका मोबाईल का नेटवर्क उड़ गया। फिर आईडीबीआई बैंक के दो खाता से डेढ़ लाख व दस हजार पांच सौ रुपए उड़ा लिए गए। इसकी जानकारी उन्हें तब हुई, जब उनका मोबाईल नेटवर्क काम करने लगा। जिसके बाद इसकी शिकायत थाना में दर्ज कराई गई।

### अरमई स्कूल पहुंचकर एसडीपीओ ने विद्यार्थियों को पढ़ाया



**गुमला।** एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने शुक्रवार को अरमई स्कूल पहुंचकर बच्चों की कक्षा ली। इस दौरान एसडीपीओ ने बच्चों को ब्रहम मुहर्त में उठकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चे विषयवार घर पर अध्ययन करें ताकि उनका परीक्षाफल बेहतर आ सके। उन्होंने व्याकरण, गणित, रसायन व भौतिक शास्त्र की पढ़ाई में अधिक ध्यान देने की बात कही। श्री यादव ने बच्चों को सोशल पुलिसिंग के तहत कई कानूनों की भी जानकारी दी। जिसमें डायन-बिसाही जैसे अंधविश्वास को लेकर बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि डायन-बिसाही कुछ नहीं होता है। लोग बीमार पड़ें तो चिकित्सक के पास जाकर इलाज करायें। उन्होंने बच्चों को इन अंधविश्वासी व सामाजिक कुरीतियों से अपने घर व आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। एसडीपीओ ने बच्चों को साइबर अपराध की भी जानकारी दी। साथ ही बच्चों को नशापान से दूर रहने व उनके अभिभावकों को नशापान करने से रोकने का बच्चों से अपील की। मैट्रिक व इंटर की परीक्षा को देखते हुए लगातार एसडीपीओ विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं।

### घाघरा पुलिस ने जंगल से एक व्यक्ति का शव फंदे पर लटकता हुआ किया बरामद

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के चामा जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव रस्सी के फंदे से लटकता हुआ घाघरा पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार चामा गांव के कुछ युवक जंगल की ओर बैर खाने के लिए गए थे इसी दौरान गंध आने लगी नजदीक जाकर देखा तो फंदे के सहारे शव झूल रहा था। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि लगभग 5 दिन पूर्व से शव फंदे से झूल रहा है। घना जंगल होने के कारण लोगों को इसकी जानकारी पहले नहीं हुई। यहां बता दें कि पहाड़ की चोटी पर स्थित पेड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ शव को बरामद किया गया है। हत्या है या आत्महत्या पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। इस संबंध में थानेदार तरुण कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली जिसके बाद घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर लिया गया है। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि 4-5 दिन पुराना है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय महिला की मौत

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात तिगावल मोड़ के निकट ऑटो के धक्के से 60 वर्षीय महिला फुलमनी टोप्पो पति स्व. फिरोज टोप्पो की मौके पर ही मौत हो गई। फुलमनी टोप्पो तिगावल डाडटोली निवासी थी। मिली जानकारी के अनुसार घटना उस समय घटी जब फुलमनी चैनपुर बाजार से अपने घर डाडटोली लौट रही थी। इसी दौरान ऑटो ने उन्हें धक्का मार दिया। हादसे के बाद ऑटो का चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी और एसआई अशोक कुमार अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ऑटो को जब्त कर लिया। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से महिला को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर डीएन ठाकुर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# शिक्षा से ही जीवन की हर चुनौतियों से निपटा जा सकता है : विधायक

- होली चाइल्ड बाल भारती स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव
- उत्कृष्ट स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**





नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे तथा कार्यक्रम में शामिल बच्चे व अतिथि

**गुमला।** होली चाइल्ड बाल भारती स्कूल सिसई रोड गुमला में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मो. कलीम अख्तर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुमित जेम्स बाखला व नीतू बाखला ने संयुक्त रूप से विद्यालय संस्थाक स्व. पीटर बाखला की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की गई। वहीं विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि शिक्षा से ही जीवन की हर चुनौतियों से निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय निरंतर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है। मो. कलीम अख्तर ने कहा कि बाल भारती स्कूल का जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान है। विद्यालय से पढ़कर निकले बच्चे आज देश के कई संस्थानों में योगदान कर देश की उन्नति में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। प्रधानाध्यापक सुमित जेम्स बाखला ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना विद्यालय का लक्ष्य है। विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ें और अपने भविष्य को उज्जवल बनायें। कार्यक्रम में काफी संख्या में बच्चे, अभिभावक व अन्य लोग उपस्थित थे।

# कृषि विभाग से संचालित योजनाओं का लाभ योग्य लाभुक तक पहुंचे : उपायुक्त

- कृषि, मत्स्य, सहकारिता, भूमि संरक्षण, पशुपालन आदि विभाग की संयुक्त समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को विभिन्न विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्रियान्वित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन की समीक्षा की। साथ ही बीज विनिमय एवं बिरसा फसल विस्तार योजना अन्तर्गत रबी मौसम में जिलावार आवंटित, वितरित एवं भुगतान की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद एवं अतिरिक्त बीज वितरण, अनुदान पर कृषि यंत्रों के वितरण की अद्यतन स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन, आत्मा अन्तर्गत आवंटित राशि के व्यय से संबंधित प्रतिवेदन आदि से संबंधित बिंदुवार समीक्षा की। इसके अलावा उपायुक्त ने पशुधन योजना, प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना, केसीसी आदि की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने एक एक कर सभी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कृषि विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं को योग्य लाभुकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी एटीएम बीटीएम को जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए एक एक किसानों को सरकार की विभिन्न कल्याण कारी योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी किसानों को निर्धारित समय अंतराल में बीज का वितरण करने को कहा। विभिन्न विभागों जैसे कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, उद्यान विभाग, भूमि संरक्षण, मत्स्य विभाग आदि को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सभी किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ देने को कहा। सहकारिता विभाग को लैंपस में गेहूं और सरसों के बीज का शत प्रतिशत वितरण कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया साथ ही धान अधिप्राप्ति में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने किसानों को रबी की खेती के लिए भी सही प्रशिक्षण देने एवं आवश्यक बीज उपलब्ध कराने को कहा इसके अलावा उपायुक्त ने विभागवार सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डीपीएम खरछढर, एलडीएम, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# डॉ. आंबेडकर के खिलाफ अपत्तिजनक टिप्पणी पर गृहमंत्री दें इस्तीफा : चैतु उरांव

- डॉ. भीम राव आंबेडकर पर आपत्तिजक टिप्पणी व राहुल गांधी पर झूठा मुकदमा को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, गहमंत्री का मांगा इस्तीफा


**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी गुमला के द्वारा शहीद टावर चौक गुमला में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा राज्यसभा में संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर पर आपत्तिजक टिप्पणी तथा विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर झूठा मुकदमा के विरोध में आक्रोशपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर उनके इस्तीफा की मांग की।

मौके पर जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि भारत रत्न डॉ०. बी.आर. आंबेडकर के बारे में आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अपने पद से इस्तीफा देना होगा। ये टिप्पणियां हमारे संविधान निर्माता की अद्वितीय विरासत का अपमान करती हैं और उन लाखों लोगों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाती है जो डॉ. अंबेडकर को समानता, न्याय और सामाजिक परिवर्तन के प्रतीक के रूप में मानते हैं। संसद में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस अध्यक्ष, विपक्ष के नेता और अन्य सांसदों के साथ दुर्व्यवहार करने का प्रयास करके नई नीचता पर उतर आए। हताशा में उन्होंने विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज की। ये अपमानजनक कृत्य डॉ. अंबेडकर के बारे में अमित शाह की बेहद अपमानजनक टिप्पणी से ध्यान हटाने और असहमति की हवाओं को दबाने का एक जबरदस्त प्रयास है। भाजपा की कार्रवाई न केवल व्यक्तिगत नेताओं पर बल्कि हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है। विरोध प्रदर्शन में आंशिक अंसारी, रमेश चिनी, कलाम आलम, बिष्णु राम, पवन केवट, संजय गोप, गजेन्द्र सिंह, सुनील बरला, तरुण गोप, साहेब वशीम, ज्योति कुजुर, सुकुरमनी देवी, गुलाम सरवर, महेंद्र उरांव, सोमरा उरांव, राम किशुन बड़ाईक, सोमा लकड़ा, क्रिस्टीना तिर्की, साजिद खान, फयिम वारशी, जैद, प्रभा मिंज, इबरार अंसारी, शाहजहां अंसारी, राजु उरांव, क्रिस्टीना टोप्पो, प्यारे टोप्पो रेशमा तिर्की, जेके भाई सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीडीओ ने बेलागड़ा और चुंदरी गांव के लैंपस का किया निरीक्षण



**घाघरा।** घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने बेलागड़ा और चुंदरी गांव स्थित लैंपस का निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने धान अधिप्राप्ति का निबंधन से संबंधित जानकारी ली। साथ ही रजिस्टर पंजी व स्टॉक को देखा। लैंपस कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं किसानों से अपील करते हुए कहा कि आप किसान धान लैंपस में बेचने को लेकर निबंधन करा लें। उसके साथ ही किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा 24 रुपए प्रति किलो धान की खरीदारी की जा रही है। आप किसान लैंप्स में धान की बिक्री करें और अधिक मुनाफा कमाएं। इस मौके पर प्रभारी कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार, सुरेंद्र कुमार सहित कई किसान उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कार्यशाला 24 दिसम्बर को

**गुमला।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर 24 दिसम्बर को जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग गुमला के सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए हुए उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि इस कार्यशाला में जिले के आम उपभोक्ता, अधिवक्ता और स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे। फार्म के अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने बताया कि परिवादों के प्रभावी निस्तारण के लिए सामान्य लोगों को भी जागरूक रहने की जरूरत है। क्योंकि वर्तमान बाजार व्यवस्था में उपभोक्ता शोषण के लिए अभिशप्त हैं। ऐसे में शोषण मुक्त उपभोक्ताओं को संरक्षण देने का दायित्व आयोग व अधिवक्ताओं के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की बढ़ जाती है। श्री पाण्डेय ने जिले के हर जागरूक उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे इस कार्यशाला में अवश्य भाग लें और लाभ उठाएं।

### सुखदेव भगत के संसद में दिये गये वक्तव्य की प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने की सराहना

**लोहरदगा।** संसद भवन में कांग्रेस लोकसभा सांसदों की एक बैठक लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विगत 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलने वाले संसद सत्र में सांसदों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में राहुल गांधी ने सत्र के दौरान प्रत्येक सांसदों जो सत्र में भाग लिये कि नहीं, पार्टी द्वारा आयोजित प्रदर्शन में भाग लिये कि नहीं सहित अनेक कार्यों की समीक्षा की। बैठक में राहुल गांधी ने प्रियंका गांधी, लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत सहित दो अन्य सांसदों को बधाई देते हुए कहा कि इन सांसदों ने संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर लोकसभा में संविधान पर जो चर्चा हुई उसमें इन सांसदों ने अपनी बातों को बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया। इससे पूर्व जून जुलाई में हुए लोकसभा सत्र में भी राहुल गांधी ने सुखदेव भगत को संसद में उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की थी और पत्र देकर सांसद सुखदेव भगत को बधाई दी थी।

### इंडोर राइफल रेंज में हुई चोरी, रायफल और पिस्टल छोड़ शूटिंग रेंज के वायर और सामान ले भागे चोर

**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज लोहरदगा के परिसर में बने नवनिर्मित शूटिंग रेंज में अज्ञात चोरों द्वारा कई कीमती सामान चुरा लिया गया है। चोरों द्वारा इंडोर हॉल का ताला तोड़कर सभी उपकरणों को तोड़-फोड़ कर सामानों को तहस-नहस किये जाने की शिकायत सदर थाना पुलिस को दिया गया है। राइफल रेंज का देखरेख कर रहे मतीश महतो ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर करावाई की मांग की है। शूटिंग रेंज का मेन गेट का ताला टूटा हुआ है सभी इलेक्ट्रॉनिक टारगेट का कनेक्शन तार काटा हुआ है और 1 स्टैंड फैन, केबल एवं टारगेट पेपर चोरी हो गया है। हालांकि शूटिंग रेंज में रखी राइफल, पिस्तौल और लैपटॉप सुरक्षित बच गया है। शूटिंग रेंज के मुख्य गेट के समीप खुले मैदान में शराब की खाली बोतलें देख कर लग रहा है कि चोरी की वारदात से पूर्व बाहर बैठकर चोरों द्वारा शराब पिया गया और उसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। फिलहाल इस पूरे मामले पर लोहरदगा पुलिस प्रशासन कुछ भी बोलने से बच रही है।

### पत्नी से हुए विवाद के बाद जवान ने लगा ली फांसी

**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलसिमरी गांव में पत्नी से हुए विवाद के बाद झारखंड पुलिस के जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक जवान की पहचान 32 वर्षीय रामू महतो के रूप में हुई है। मृतक जवान सिमडेगा पुलिस लाइन में सिपाही के पद पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार झारखंड पुलिस 2018 बैच के जवान छुट्टी में लोहरदगा अपना घर आया हुआ था। जिसके बाद किसी बात को लेकर पत्नी के साथ आपसी विवाद हुई और जवान ने रात में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी के बाद परिजनों ने जवान को कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच कर जवान को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर कुडू थाना पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुटी हुई है।

### बीडीओ ने की मनरेगा कार्यों की समीक्षा



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने मुखिया और पंचायत कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की गई। वहीं बीडीओ दिनेश कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि अबुवा आवास योजना सत्र 2025 का शत प्रतिशत पंजीयन करायें। प्रधानमंत्री आवास में लक्ष्य के अनुरूप पंजीकरण करें। अबुवा आवास की प्रगति को देखें जिनका तृतीय किस्त भुगतान हो चुका है। उन्हें फाइनल करवायें और जिनका द्वितीय किस्त भुगतान हो चुका है। उसको लिलटन तक कार्य को कराएं। साथ ही मनरेगा योजना में खेल मैदान, आंगनबाड़ी, योजना में तेजी लाने की बात कही। बागवानी में जल कुंड बनवाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मजदूरी भुगतान समय पर करने का निर्देश दिया। जिसके लिए सभी समय पर डिमांड मास्टर रोल जमा करें। इसके साथ ही आगामी 28 दिसंबर को घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें सभी मुखिया जन प्रतिनिधि कर्मी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से कई लोगों की जिंदगी बच रही है। जिन्हें खून की जरूरत होती है। प्रत्येक पंचायत में मुखिया जनप्रतिनिधि अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जागरूक कर रक्तदान के लिए प्रेरित करें। मौके पर उपस्थित लोगों में सीओ आशीष मंडल, थाना प्रभारी तरुण कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एक्का, बीपीआरओ शंकर साहू, बीपीओ बेबी कुमारी, मुखिया विनीता कुमारी, यशमनी देवी,अग्नि उरांव, लोदो एक्का,फिरंगी उरांव,चांदनी उरांव, अशोक कुमार, सतीश बंसल, सहित कई पंचायत के मुखिया पंचायत कर्मी उपस्थित थे।

### जारी प्रखंड में जैव विविधता महोत्सव का आयोजन



**जारी।** जारी प्रखंड के जरमना खेल मैदान के समीप शुक्रवार को जैव विविधता महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीडीसी दिलेश्वर महतो शामिल हुए। कार्यक्रम में डीडीसी का ग्रामीणों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया गया। मौके पर डीडीसी ने कहा कि यह प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण योजना ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए चलायी जा रही है। वहीं वॉटरशेड ऑगनेर्जेशन ट्रस्ट के पहल से समुदाय के साथ मिल कर जैव विविधता महोत्सव अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में वन उपज, परंपरागत आदिवासी ज्ञान, खान-पान, वेश-भूषा, सांस्कृतिक विरासत, कृषि उपज, वॉटरशेड के कार्य, एकीकृत कृषि प्रणाली, मनरेगा, आजीविका, इत्यादि कार्यक्रम प्रदर्शन किया जायेगा। हमारा उद्देश्य: जलवायु परिवर्तन के कारण जैव विविधता पर खतरा को कम करना, जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, मिट्टी के कटाव को कम करना, वन और वन्य जीव संरक्षण इत्यादि पर जन जागरूकता करना है। जैव विविधता महोत्सव में पोस्टर प्रदर्शनी, आदिवासी परपरागत खाद्य पदार्थों, पारंपरिक देशी बीज, जैविक खेती खाद और उपज, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, मनरेगा बी पी ओ, रोजगार सेवक, बीपीओ कांति कुमारी, जिला परिषद दिलीप बड़ाईक, प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा, मनसाय बड़ाईक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## संसद परिसर में दुर्व्यवहार को लेकर लोहरदगा जिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

- भाजपा की कार्रवाई हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है : सुखैर भगत

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे एवं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों के साथ भारतीय जनता पार्टी के सांसदों द्वारा संसद परिसर में दुर्व्यवहार करने और इसके पश्चात विपक्षी नेताओं के खिलाफ झुठा एफआईआर दर्ज कराने के विरोध में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन से चलकर शहर के पावरगंज चौक में जोरदार प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि डॉ आंबेडकर के बारे में उनकी आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ हमारा विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। हताशा में उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराई। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, मोहन दुबे, हाजी सिकंदर, नंदकिशोर शुक्ला, कुणाल अभिषेक, राजू कुरैशी, रौनक इकबाल, महेंद्र भगत, रविंदर सिंह, परवेज सिद्दीकी, शंभू प्रजापति, युनुस अंसारी, अनिल उरांव, प्रकाश उरांव, सवारत हुसैन, मोहम्मद मुन्ना, असलम अंसारी, रऊफ खान, शरीफ अंसारी, नीरज टोप्पो, रुस्तम अंसारी, कबीर अंसारी, अमृता उरांव, बबीता देवी समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# छात्र हमारे देश और राज्य के साथ समाज के भविष्य हैं : चमरा लिंडा

- बीएस कॉलेज परिसर में आदिवासी छात्र संघ की छात्र सभा सह जनसुनवाई में शामिल हुए जनजाति कल्याण मंत्री
- परिसीमन लाकर झारखंड में आदिवासी के सीटों को कम करने की हो रही है साजिश

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड सरकार के जनजाति कल्याण मंत्री चमरा लिंडा शुक्रवार को लोहरदगा पहुंचे। जहां उन्होंने छात्रों की सभा को संबोधित किया। जिले के बीएस कॉलेज परिसर में आदिवासी छात्र संघ द्वारा छात्र सभा सह जनसुनवाई का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के जनजाति कल्याण मंत्री चमरा लिंडा शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं और छात्रों ने मंत्री चमरा लिंडा का जोरदार स्वागत किया। मंत्री चमरा लिंडा के साथ आदिवासी समाज के कई नेता मंच पर मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री चमरा लिंडा ने आम लोगों की समस्या को सुना और उसे दूर करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिया। छात्रों को संबोधित करते हुए मंत्री चमरा लिंडा ने कहा छात्र हमारे देश और राज्य के साथ समाज के भविष्य हैं, इसलिए छात्रों को पढ़ाई जरूरी है। सभी छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें सरकार सभी तरह की मदद छात्रों को करेगी। मंत्री चमरा लिंडा ने छात्रों से कहा सभी छात्र हॉस्टल में अब सिर्फ पढ़ाई करेंगे खाना नहीं बनाएंगे। उनके हॉस्टल में जल्द कुक की भर्ती कराई जाएगी। मंत्री चमरा लिंडा ने सरना धर्म कोड, सीएनटी एसपीटी, पेशा एक्ट सहित कई मामलों का जिक्र करते हुए कहा साजिश के तहत लोग आदिवासी समाज को खत्म करना चाह रहे हैं इसलिए अपने हक के लिए सभी लड़ना सीखें। परिसीमन लाकर झारखंड में आदिवासी के सीटों को कम करने की कोशिश की जा रही है ताकि राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री न बन सके। इसलिए अब अपनी प्रकृति और अपनी पूजा पद्धति के साथ अपनी धार्मिक पहचान की लड़ाई हमें लड़ना है ताकि हम बच सकें। साथ ही चमरा लिंडा ने भ्रष्टाचार को लेकर कहा जो भी राज्य में भ्रष्टाचारी होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ कार्रवाई होगी और उन्हें जेल जाना होगा। मौके पर आईटीडीए पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, राधा तिर्की, सुखदेव उरांव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# व्यावसायिक वाहनों का परमिट सरकार नियमानुसार निर्गत करे : ट्रक ऑनर एसोसिएशन

- प्रतिनिधिमंडल ने विभाग को सौंपा मांग पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन का एक संयुक्त प्रतिनिधि मंडल राजधानी रांची में परिवहन विभाग, झारखंड सरकार के उप परिवहन आयुक्त सह सचिव दक्षिण छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार,राँची, हरिवंश पंडित से कार्यालय में मिला। इसके अलावा परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव संगीता लाल, परिवहन विभाग के उप सचिव मनोज कुमार को भी मांग पत्र सौंपते हुए यह मांग की गई कि 15 वर्षों से पुराने व्यावसायिक वाहनों को विभाग द्वारा नियम विरुद्ध परमिट नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण हजारों ट्रक मालिकों की रोजी-रोटी पर संकट आ गया है। एक ओर परमिट नहीं दिया जा रहा है और उन्ही वाहनों से आपके द्वारा रोड टैक्स वसूला जा रहा है एवं सभी कागजात के पैसे भी लिए जा रहे हैं। दूसरी ओर परमिट नहीं दिया जा रहा है और उन्हें वाहनों को रोक कर फाइन भी वसूला जा रहा है क्या यह न्याय संगत है? लोहरदगा, गुमला, लातेहार गरीब आदिवासी बहुल जिले हैं और यहां रोजगार के कोई साधन नहीं है। ट्रक ही एक मात्र लोगों का व्यवसाय है, इसलिए आप नियमानुसार परमिट निर्गत करने की कृपा करें और एक ओर परमिट नहीं देकर दूसरी ओर आपके द्वारा कंपनी पर दबाव बनाया जा रहा है वैसे ट्रकों को लोडिंग नहीं दिया जाए, जो कि सरासर गलत है। एसोसिएशन ने उच्च अधिकारियों को यह भी कहा कि शीघ्र निराकरण नहीं होने की स्थिति में एसोसिएशन परमिट ऑफिस के बाहर आंदोलन भी करेगी और न्यायालय के शरण मे भी जाएगी।

प्रतिनिधि मंडल में लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष अभय सिंह, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक आँनर एसोसिएशन के सचिव मुद्रिका यादव, पंकज सिंह, नीरज कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर 22 को

**लातेहार।** स्टेशन रोड स्थित टॉउन हॉल में 22 दिसंबर रविवार को दिव्यम आई अस्पताल द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दिल्ली एम्स तथा ग्रांड मेडिकल कॉलेज मुम्बई के डॉक्टरों के द्वारा नेत्र जांच किया जाएगा। जिसमें दृष्टि दोष या मोतियाबिन्द जांच की जाएगी। मोतियाबिन्द पाये जाने पर रांची में स्थित दिव्यम आई हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया जाएगा। ज्ञात हो कि शिविर में डॉ. अभिषेक सिंह व डॉ. प्रिया के द्वारा नेत्र जांच किया जाएगा।

### बाइक सवार दो युवक हुए घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-लातेहार पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के कोठाटांड ग्राम के समीप गुरुवार देर रात एक अज्ञात वाहन से चकमा खाकर बाइक सवार दो युवक गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो में बाबू मियां 20 वर्ष पिता मो सेराज हजारीबाग, मो मुजाहिद 18 वर्ष पिता मो मुर्सलिम ओल्हेपाठ थाना बालूमाथ शामिल है। दोनों घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक बालूमाथ में रहकर इंजन मिस्त्री का काम करते है। दुकान बंद कर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन के चकमें से अनियंत्रित होकर गिर गए। वहीं घटना में गंभीर रूप से घायल बाबू मियां को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### कुत्ता के काटने से पिता-पुत्री घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के हांथडीह ग्राम में शुक्रवार को पागल कुत्ता के काटने से पिता-पुत्री घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुलायम यादव 31 वर्ष पिता महेश्वर यादव की पुत्री रितिका कुमारी 6 वर्ष ग्राम हांथडीह थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान पागल कुत्ते ने उस पर हमला बोल दिया। जिसे देख छुड़ाने गए उसके पिता को भी पागल कुत्ते ने काट लिया। जिससे दोनों घायल हो गए। घटना के बाद दोनों का प्राथमिक इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा किया गया। और उन्हें एंटी रेबीज का इंजेक्शन देकर अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

### डबल खस्सी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 22 दिसंबर से

**लातेहार।** शुभाषचंद्र बोष क्लब पोचरा के तात्वधान में 22 दिसंबर रविवार से 18 वी डब्बल खस्सी टेनिसबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के विजेता को एक बड़ा खस्सी और एक ट्रॉफी उपविजेता को एक खस्सी और ट्रॉफी पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। साथ ही फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द टूनार्मेंट का भी पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए एक कमिटी बनाई गई है। जिसमे लाल अभिषेक नाथ शाहदेव, जाबिर अंसारी, रूपेश प्रसाद, दिलीप प्रसाद, बलराम प्रसाद, पंकज सिंह देव, प्रकाश सिंह, तंजीम राजा, डब्लू, असफाक, नाजिम, विकास सिंह, सज्जाद, नौशाद, सैफी, अफसर आलम, अरमान अंसारी, लाल गौरव नाथ शाहदेव, रामलगन राम, मनोज मिंज, अमित कुमार, आदि को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में क्लब के सचिव अनुप कुमार, जीप सदस्य बिनोद उरांव, पूर्व मुखिया रामेश्वर सिंह, मुखिया रामजी सिंह लाल आशीष शाहदेव, अनुपम कुमार मिश्र, पुरुषोत्तम लाल को रखा गया है। प्रतियोगिता में नामांकन शुल्क 601 रखा गया है नामांकन हेतु मोबाइल नंबल 7004356714 एवं 6207830595 पर सम्पर्क किया जा सकता है। प्रतियोगिता के सभी मैच राजकीय मध्य विद्यालय पोचरा के खेल मैदान में खेला जाएगा।

## यात्री से भरी बस व कोयला लदा ट्रक में भीषण टक्कर दर्जनों लोग हुए घायल

# ओवरटेक करने के दौरान हुई दुर्घटना


टक्कर के बाद यात्री बस व ट्रक।



सदर अस्पताल में ईलाजरत घायल यात्री।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा के पास एनएच-39 सड़क में शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे यात्री से भरा बस व कोयला लदा ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। यह दुर्घटना बस के चालक द्वारा ओवरटेक करने के दौरान ट्रक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना मे बस के चालक, कंडक्टर समेत एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए है। घायलों में ट्रक के ड्राइवर अनिल भुईयां (टूटी लावा चतरा), कंडक्टर अजय कुमार (लावालौंग, चतरा), बस यात्री में देवलाल राम, नीतू कुमारी, अमद अंसारी, अरविंद कुमार (चारों लातेहार), बिनी ललिता मिंज (करकट), रीता देवी (माको), फैजान अंसारी (अमवाटीकर), निक्कू प्रसाद (पोचरा), पीयूष दीपक मिंज (पहाड़पुरी), साधु सिंह (ओदान, लातेहार), रितु कुमारी, परी कुमारी (दोनों बालूमाथ), मेराज मियां (लोहरदगा) शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में डॉ अरुण कुमार शरण के द्वारा किया गया। डॉक्टर ने बताया कि इस दुर्घटना में बस के चालक अनिल भुईयां, कंडक्टर अजय कुमार व यात्री मेराज मियां, देवलाल राम को गंभीर चोट लगी है। कंडक्टर अजय कुमार का दोनों पैर टूट गया है। जबकि बस चालक अनिल, यात्री मेराज व देवलाल को सिर, शरीर में गंभीर चोट आई है। तीनों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। जबकि बस चालक अनिल को लातेहार एसीयू में रखा गया है। बाकी सभी घायल यात्रियों को इलाज कर छोड़ दिया गया है। यात्रियों ने बताया कि ओवरटेक करने के दौरान बस चालक ने ट्रक में सीधे टक्कर मार दी। ट्रक चालक ने थोड़ी तत्परता दिखाई और अपने वाहन को मोड़ लिया, नहीं तो और बड़ी दुर्घटना हो जाती। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक को भी नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त यात्री बस लातेहार से हजारीबाग जा रही थी। जबकि ट्रक रांची से पलामू जा रही थी। इधर, घटना का सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और अग्रतार कार्रवाई में जुट गए हैं। उन्होंने सदर अस्पताल पहुंचकर भी मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्घटना हुई है। दोनों वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की जाएगी। ट्रक का चालक फरार है।

## चंदवा: ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में एथेलेटिक्स इवेंट 2024 का हुआ शुभारंभ


उद्घाटन करते मुखिया व अन्य।

- गांवों के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ हर क्षेत्र में हुनरमंद बनाने का कार्य कर रही बीएफपीसी: दुर्गावती देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल पिपराही रोल के तत्वावधान में आयोजित एथेलेटिक्स इवेंट 2024 का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। बतौर मुख्य अतिथि जमीरा पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, मां सरस्वती कोचिंग संस्थान के संचालक शशिकांत मिश्रा व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व विधिवत पूजन के उपरांत मशाल जलाकर एथलेटिक इवेंट की शुरूआत की गई। उद्घाटन के उपरांत मां उग्रतारा हाई स्कूल नगर, जस्टिस एलपीएन शाहदेव हाई स्कूल रोल, आदर्श उच्च विद्यालय, मिशन स्कूल चंदवा व ब्राइट फ्यूचर के विद्यार्थियों ने सीनियर व जूनियर बालक व बालिका दोनो वर्गों में दौड़, साइकल रेस, नृत्य, लांग जम्प, हाई जम्प, रिले रेस, कुर्सी रेस व फुटबॉल समेत प्रतिस्पर्धा में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर मुखिया दुर्गावती देवी ने कहा कि ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के साथ विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान युवाओ को मंच प्रदान करने का कार्य कर रही है। जो सराहनीय पहल है। वही सीतमोहन मुंडा व शशिकांत मिश्रा ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की संरचना की साथ ही कहा कि क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है जरूरत है तो बस उन्हें मंच प्रदान करने की, अगर युवाओं के प्रतिभा को सही दिशा दी जाए तो आगे चलकर क्षेत्र व देश का नाम रौशन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के संचालक कुश यादव व सुनील ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रमोद कुमार, मनीजर उरांव, मनोज यादव, सत्येंद्र यादव, तेतरा उरांव, करण, प्रियंका, गीता, शिल्पा, शोभा, कल्पना, सुनैना, काजल, तिलवंती समेत विद्यालय परिवार के शिक्षक व अन्य लोग मौजूद थे।

## पतंजलि योगपीठ की बैठक संपन्न



बैठक संपन्न करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ बिरसा मैदान जोगियाडीह के योग केंद्र में शुक्रवार को पतंजलि योगपीठ की बैठक जिला प्रभारी जीवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य प्रभारी रामजीवन पांडे जी उपस्थित हुए उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रामजीवन पांडे ने कहा कि लोग धन दौलत घर जगह जमीन सभी दूसरों के लिए बनाते हैं अगर मनुष्य कुछ अपने लिए काम करता है। तो वह सबसे बड़ा पूंजी स्वस्थ रहना है और आज के समय में योग ही एक ऐसा माध्यम है जिससे मनुष्य स्वस्थ रह सकता है योग को चार चरणों में बांटा गया है नियमित 1 से 2 घंटे समय निकालकर योग करें और स्वस्थ रहे उन्होंने कहा कि बाबा स्वामी रामदेव का मिशन है कि भारत के अधिक से अधिक लोगों को योग सीखकर स्वस्थ रखें हम सभी लोगों को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है और अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का कार्य करें इस दौरान बालूमाथ में भारत स्वाभिमान और पंतजलि योग समिति की प्रखंड इकाई का गठन किया गया। इसमें सर्व सम्मति से भारत स्वाभिमान प्रभारी प्रखंड अध्यक्ष अजित कुमार ओझा, पतंजलि योग समिति प्रभारी लालदेव गंझू, सह प्रभारी अखिलेश भोगता, कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, किसान सेवा समिति प्रभारी उमेश प्रजापति, पतंजलि योग समिति युवा प्रभारी दिलीप कुमार, मीडिया प्रभारी शशि भूषण गुप्ता, को बनाया गया इस मौके पर जिलाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद सिंह, राजकिशोर प्रसाद, अमन सिन्हा, सतेंद्र कुमार सिंह, ओम प्रकाश पांडेय, संतु प्रसाद गुप्ता, बिनोद राम, संतोष प्रसाद गुप्ता, समेत कई लोग मौजूद रहे।

## एक नजर में

### कामता लैम्पस में धान खरीद केंद्र का हुआ उद्घाटन


उद्घाटन करते लोग।

- निबंधित किसानों से 2300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगी धान की खरीददारी
- 100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से मिलेगी बोनस

**चंदवा।** झारखंड सरकार के द्वारा किसानों से धान की अधिप्राप्ति को लेकर शुक्रवार को प्रखंड के दामोदर स्थित कामता लैम्पस में धान अधिप्राप्ति शुरूआत की गई। बतौर मुख्य अतिथि निर्मल भारती, अधिप्राप्ति केंद्र के संचालक गन्दरू उरांव, विनोद उरांव, श्रीराम शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर अधिप्राप्ति की शुरूआत की। उद्घाटन के उपरांत निबंधित किसान रविन्द्र चौधरी से लगभग 2500 किलो धान की अधिप्राप्ति की गई। केंद्र के संचालक गन्दरू उरांव ने बताया कि लैम्पस के अधीन आने वाले चिन्हित गांव के निबंधित किसान अधिप्राप्ति केंद्र में अपने धान की बिक्री कर सकते है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष किसानों से 2300 प्रति क्विंटल की दर से धान क्रय की जाएगी। किसानों को प्रत्येक क्विंटल 100 रुपये का बोनस भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जिनका रजिस्ट्रेशन हो गया है उन्हें रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं है। उसी आईडी पर धान बेच सकते हैं। मौके पर अमित उरांव, सुले उरांव, अनुज पाठक, प्रिंस पाठक समेत आसपास के ग्रामीण व कई किसान मौजूद थे।

### चंदवा: सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



मौके पर मौजूद लोग।

**चंदवा।** कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग भारत सरकार के तत्वाधान में चलाये जा रहे सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड अंतर्गत सेरक पंचायत के पंचायत सचिवालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ चंदन प्रसाद ने दीप प्रज्वलितकर कार्यक्रम की शुरूआत की। शिविर कार्यक्रम में सेरक, बनहरदी एवं सासंग पंचायत के ग्रामीण व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा आन द स्पाट दर्जनों मामलों का निष्पादन करके सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। उन्होने केन्द्र व राज्य सरकार से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को दी। साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा गया कि ग्रामीण सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ स्वयं ले साथ ही दूसरों को भी प्रेरित भी करे। पंचायत स्तरीय आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग अलग स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के आवेदन समर्पित किये गए। कार्यक्रम में विभिन्न लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य जांच के अलावे कई कार्यो का निष्पादन कर ऑन-स्पॉट लाभ दिया गया। गौरतलब हो कि आज चेटर व बारी पंचायत के ग्रामीणों के लिए चेटर पंचायत सचिवालय में शिविर आयोजित है। मौके पर मुखिया अनिता भगत, रमेश उराँव, पुष्पा देवी प्रखंड कर्मी अमित गुप्ता के अलावे सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### पुलिस ने अवैध पोस्ता खेती को किया नष्ट



**बारियातू।** थाना पुलिस ने शुक्रवार को साल्वे पंचायत के गुरवे, फूलसु पंचायत के खौरा स्थित गावों मे अभियान चलाकर लगभग 10 एकड़ भूमि पर लगे अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया। इस संबंध में थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी पुलिस टीम द्वारा गुरुवे, खौरा स्थित गांवों में नदी से सटे वन भूमि में लगे लगभग 10 एकड़ पोस्ता खेती को ट्रैक्टर के माध्यम से जुताई कर व लाठी डंडा से पीटकर विनष्ट किया गया। आगे बातया की पोस्ता की खेती करने वाले व्यक्तियों की पहचान की जा रही है जल्द ही चिन्हित कर विधि अनुसार करवाई की जाएगी। मादक पदार्थों, जैसे गांजा या पोस्ता की खेती करना कानून अपराध है। अगर कोई इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाया गया व सहयोग करता हुआ पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। छापामारी दल मे शामिल एसआई निर्मल मंडल, रितेश तिग्गा, सुरेश सिंह, नीरज दुबे सहित थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### बारियातू पुलिस की सहयोग से रामगढ़ थाना कांड के फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार


इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**बारियातू।** रामगढ़ थाना कांड संख्या 168/19 के फरार अभियुक्त मुकेश सवा उर्फ प्रभात जी माइकल, पिता निरंजन साव ग्राम चेडरा थाना बारियातू, जिला लातेहार के घर बारियातू पुलिस की सहयोग से रामगढ़ थाना कांड के अनुसंधान कर्ता एसआई मंजेश कुमार सिंह द्वारा फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया गया। अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से काफी दिनों से फरार है। उनके विरुद्ध रामगढ़ थाना के पुलिस पदाधिकारी द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को मुकेश के घर पर जाकर और चौक-चौराहा मे तामिल किया गया है। 28 जनवरी 2025 तक माननीय न्यायालय रामगढ़ अथवा रामगढ़ थाना में आत्मसमर्पण करने हेतु समय दिया गया है। समय पर आत्म समर्पण नहीं करने पर उनके चल-अचल संपत्ति की कुर्की जपती की जाएगी।

## प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत बारियातू मे शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** उपायुक्त लातेहार के निदेर्शानुसार सुशासन सप्ताह व प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर दो पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमे बारियातू व डाढ़ा दो पंचायतों को शामिल किया गया। शिविर में सरकार के विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं के लिए स्टॉल लगाए गये। सभी स्टॉलो में संबन्धित अधिकारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल मे सीएचओ सैलिना एक्का, व एमपीडब्ल्यू बलराम कुमार द्वारा 15 लोगों का एचबी 10 लोगों को, 10 लोगो का एचआईबी 25, मलेरिया सहित अन्य आवश्यक जांच किया गया। साथ ही निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान ने शिविर के सभी स्टालों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ आमलोगों तक सीधा पहुंचे। लोगों को अपने कार्यों के लिए प्रखण्ड व अंचल का चक्कर नही लगाना पड़े इसी उदेश्य के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं हेतु आवेदन लिए गए। शिविर मे आवास के लिए 03 जाब कार्ड के 32 जन्म निबंधन 3 दखल खारिज के लिए 04 जाति प्रमाणपत्र हेतु 04 आय प्रमाण पत्र के 04 कृषि विभाग केसीसी 04 राशन कार्ड में नाम जोडने के लिए 02 व आधार शिडिंग के 03 आवेदन प्राप्त हुआ है।अधिकतर आवेदन का आन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर सरिता देवी, सुरेश उरांव, अनिल होरो, कपिलदेव सिंह, नाजिर अजय मुंडा, केतन गुप्ता, डॉ सुशिला बागे, सहित प्रखंड व अंचल कर्मी तथा दोनों पंचायत के ग्रामीण मौजूद थे।

## संविधान के 75 वर्ष पर प्रेस प्रतिनिधियों संग परिचर्चा


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन की अध्यक्षता में सूचना भवन सभागार में भारतीय संविधान के 75 वर्ष, नागरिक अधिकारों का संरक्षण एवं संवर्धन पर प्रेस प्रतिनिधियों के साथ परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सुश्री सुधा राज एवं मीडिया प्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के द्वारा बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के द्वारा सभी को संबोधित करते हुए संविधान के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत और अद्वितीय संविधान है। यह न केवल नागरिक अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि देश को एक कल्याणकारी लोकतांत्रिक आधार पर संगठित करता है। उन्होंने संविधान के भाग 3 में वर्णित मौलिक अधिकारों की चर्चा करते हुए बताया कि अनुच्छेद 32 और 226 के तहत नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय में रिट जारी करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की सफलता संविधान के लागू करने वालों और इसे संचालित करने वालों की सत्यनिष्ठा पर निर्भर करती है। संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इसे लागू करने की प्रक्रिया को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया था। उन्होंने भारत के संविधान की तुलना अन्य देशों से करते हुए इसे सबसे उन्नत और प्रभावी बताया। डॉ. चंदन ने प्रेस प्रतिनिधियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वे समाज की कमियों को उजागर कर शासन को जवाबदेह बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने सभी से संविधान में निहित नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने और लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की। मंच संचालन आशीष टैगोर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सुधा राज, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि, जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## राजा मेदिनीराय के पदचिन्हों पर चलकर समाज व क्षेत्र के विकास में योगदान दे रहे है रामचंद्र सिंह : हरिराम सिंह

# शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है: रामचंद्र सिंह


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व गणमान्य लोग।

### समाज की हर समस्याओं का किया जाएगा निदान: रामचंद्र सिंह

मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के लोगों को सामाजिक बुराईयों को भी पीछे छोड़ने और समाज के विकास में सहयोग देना होगा। हम सभी जब एकजुट होकर काम करेंगे तभी समाज का समुचित विकास हो सकता है। आज हमारा समाज शिक्षा व अन्य क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। इसका मुख्य कारण समाज में फैली कुरीतिया है। आज हमें इस कार्यक्रम के माध्यम से संकल्प लेना होगा कि हम सभी एकजुट होकर एक दूसरे को जागरूक करते हुए अपने व समाज के बच्चों को शिक्षित करना है। समाज के लोगों की जो भी समस्याएं है, बेहिचक हमारे पास आकर कहें। हम समस्याओं का निदान करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** शुक्रवार को चेरो राजवंश के महाप्रतापी राजा मेदिनीराय की पावन धरती पर अमडीहा बाजार टांड़ मैदान में आहूत एकदिवसीय चेरो महासम्मेलन सह अभिनंदन समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि चेरो महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह दुद्धी उत्तरप्रदेश के पूर्व विधायक हरिराम सिंह चेरो और राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह राज्य के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह चेरो समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मलेन में हजारों की संख्या में चेरो समाज के लोगों ने शामिल होकर आपसी एकजुटता का परिचय दिया। जहां ढोल नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक वेश भूषा से सुसज्जित समाज के लोगों व खासकर महिलाओं ने सभी अतिथियों का स्वागत, नृत्य व गीत पेश करते हुए मंच तक लाने का कार्य किया। इस दौरान समिति के द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत फूलमाला और अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। इसके पूर्व अतिथियों ने राजा मेदिनिराय की छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में खुरा पंचायत की पूर्व मुखिया रानी सिंह ने अभिनंदन भाषण और स्वागत गीत से अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया।

### कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व गणमान्य लोग

कार्यक्रम को आशुतोष सिंह चेरो, अवधेश सिंह चेरो, मीरा सिंह आदि कई वक्ताओं ने बारी- बारी से कार्यक्रम में शामिल समाज के लोगों को संबोधित करते हुए समाज के उत्थान और विकास को लेकर अपनी-अपनी बातों को रखने के साथ एकजुट होने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय सिंह और मंच का संचालन मृत्युजंय सिंह ने किया। कार्यक्रम में विजय बहादुर सिंह, ह्दया सिंह चेरो, भारदुल सिंह, हरिद्वार सिंह, रघुनाथ सिंह, अर्जुन सिंह, उगेंद्र सिंह, संजय सिंह, निर्मल सिंह, मनोज सिंह, हुलास सिंह, उपाध्याय सिंह, अजय सिंह, त्रिपुरारी सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, गुड्डी देवी, सोहराई सिंह, कुलदीप सिंह, मंजीत सिंह, अनिल सिंह, नरेंद्र प्रसाद, संजय सिंह, रविंद्र सिंह, सधु सिंह, पीएन सिंह, सुकन सिंह, राजेश्वर सिंह, शिव प्रसाद सिंह, पृथ्वीनाथ सिंह, राज महेंद्र सिंह, झमन सिंह, अनिल सिंह, मैनेजर सिंह, रविंद्र सिंह, अशोक सिंह, दुखन सिंह, देवराज सिंह, प्रेम सिंह, बलराम सिंह, शंभू सिंह, संतोष सिंह और छोटन सिंह समेत हजारों की संख्या में चेरो समाज के लोग शामिल थे।

# बिहार बिजनेस कनेक्ट-2024 में 1.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए हुए एमओयू

एजेंसी

**पटना।** बिहार बिजनेस कनेक्ट-2024 के दूसरे दिन शुक्रवार को बिहार ने रिकॉर्ड 1.8 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में सफलता हासिल की। बिहार के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि दो दिवसीय बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 में देश के प्रमुख औद्योगिक समूहों द्वारा राज्य में 1.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रस्तावित निवेश पिछले साल बिहार में आयोजित पहले निवेशक शिखर सम्मेलन के इसी आंकड़े से तीन गुना अधिक है। उद्योग मंत्री मिश्र ने कहा कि बिहार में निवेशकों ने रुचि दिखाई है। अडानी समूह ने




29,700 करोड़ रुपये की निवेश योजनाओं को लेकर हामी भरी है। जबकि सन पेट्रोकेमिकल्स ने 36,700 करोड़ रुपये और सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज राष्ट्रीय जलविद्युत ऊर्जा निगम (एनएचपीसी) ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के लिए 5,500 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने बताया कि जिन कॉरपोरेट घरानों ने बिहार में निवेश को लेकर रुचि दिखाई है, उनमें सन पेट्रोकेमिकल्स और अडानी समूह प्रमुख कंपनियां हैं। उन्होंने बताया कि बिहार में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव मिले हैं। यह पिछले साल राज्य को अपने पहले निवेशक सम्मेलन में प्राप्त राशि जो करीब 53 हजार करोड़ थी उससे तीन गुना से भी अधिक है। इस बारे में उद्योग विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी ने बताया कि इस साल 1.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। ये पिछले साल के 53,000 करोड़ रुपये से तीन गुना से भी अधिक हैं। उन्होंने विस्तारपूर्वक बताया कि सन पेट्रोकेमिकल्स ने पंप हाइड्रो और सोलर प्लांट सहित अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 36,700 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। अडानी समूह अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने और सीमेंट उत्पादन, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स में अपने पदचिह्न का विस्तार करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जलविद्युत ऊर्जा निगम (एनएचपीसी) अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, एसएलएमजी बेवरेजेज खाद्य प्रसंस्करण के लिए 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, श्री सीमेंट्स सामान्य विनिर्माण के लिए 800 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए 300 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है।

## बीएसकेडी ने मिलेनियम को 174 रनों से हराया

**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन संत पल रेहला की टीम ने एसजीएन किंडर गार्डन मेराल को छह विकेट से वहीं दूसरे मैच में बीएसकेडी ने मिलेनियम पब्लिक स्कूल को 174 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। एसजीएन किंडर गार्डन ने टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 70 रन बनाए। जबाबी पारी खेलने उतरी संत पल रेहला की टीम ने जीशान के 51 रन के सहारे चार विकेट खोकर जीत ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संत पल रेहला के जीशान को दिया गया। दूसरे मैच में मिलेनियम पब्लिक स्कूल के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बीएसकेडी ने पीयूष ने 63 और आदित्य के 50 रन के बदौलत निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 214 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 215 रनों के लक्ष्य को खेलने उतरी मिलेनियम पब्लिक स्कूल 40 रन पर ही सिमट गई। बीएसकेडी की ओर से पीयूष ने चार विकेट प्राप्त किया। मैन अफ द मैच का पुरस्कार बीएसकेडी के पीयूष को दिया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रतियोगिता के पदाधिकारी सह पूर्व खिलाड़ी पंकज कुमार सिंह, सचिव आनंद सिन्हा, पर्यवेक्षक चंद्र भूषण सिन्हा ने प्रदान किया। मौके पर उपाध्यक्ष दीपक, अभिषेक द्विवेदी, संजय तिवारी, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## पंचायतों में खेल मैदानों का शुभारंभ ऐतिहासिक : विधायक खेमका

एजेंसी

**पूर्णिया।** विधायक विजय कुमार खेमका ने बिहार सरकार द्वारा खेल के विकास एवं खिलाडी को प्रोत्साहित करने के लिए पंचायतों में खेल मैदान के निर्माण कार्य का शुभारम्भ को एतिहासिक बताया है। पूर्णिया ईस्ट ब्लॉक के नौ पंचायतों में चिन्हित स्थान पर पटना से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से खेल मैदान निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया तथा शेष पांच पंचायत में भी खेल मैदान निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। विधायक ने कहा सरकार के योजनानुसार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्माण किये जाने वाले खेल मैदान पर बास्केट बॉल, वोलीबॉल, रनिंग ट्रेक और बेडमिन्टन खेल की सुविधा होगी तथा ऊँची कूद, लम्बी कूद, कबड्डी, खो खो खेलों की सुविधाएँ स्थानीय आवश्यकता अनुसार विकसित की जाएगी । विधायक ने पूर्णिया डिपो को आठ नयी डीलक्स



बस देने तथा पंचायतों में खेल मैदान निर्माण कार्य का शुभारम्भ करने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

श्री खेमका ने कहा एनडीए की सरकार में बिहार का चहुमुखी विकास हो रहा है। केंद्र एवं राज्य की सरकार की योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुँच रहा है। आम जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नितीश कुमार पर है । खेमका ने कहा विधान सभा के चुनाव में 225 का आंकड़ा पार कर पुनः एनडीए की प्रचंड बहुमंत से सरकार बनेगी तथा महागठबंधन का सुफरा साफ होगा।

## सड़क का चार वर्षो में भी नहीं पूरा हुआ निर्माण कार्य

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पोसदाहा पंचायत वार्ड संख्या 01 में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत सड़क का शिलान्यास 16 दिसंबर 2021 को क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश यादव के द्वारा किया गया था। जिसका प्राक्कलित राशि 301.825 लाख है। शिलान्यास के पश्चात निर्माण कार्य संवेदक राधे कृष्णा कंस्ट्रक्शन एवं कार्य एजेंसी ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल फारबिसगंज के द्वारा प्रारंभ भी किया गया। सड़क मिजार्पुर रमेश यादव के घर से प्राथमिक विद्यालय फेकू यादव टोला मिजार्पुर तक शिलान्यास बोर्ड के अनुसार निर्माण कार्य किया जाना है जिसमें संवेदक के द्वारा दो पुलिया भी बनाया गया है। ग्रामीणों ने पदाधिकारी और संवेदक पर आरोप लगाते हुए कहा मनमाने ढंग से सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया था जिसमें मानक मापदंड के विपरीत गिट्टी, पत्थर लगाकर चार वर्षो से फरार है। उन्होंने एक और खुलासा करते हुए कहा, बनाए गए पुलिया में घटिया सामग्री गिट्टी और लोकल बालू का प्रयोग किया गया है। घटिया निर्माण को लेकर संबंधित जेई, एसडीओ एवं क्षेत्र के विधायक को भी इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा दी गई थी। परंतु आज तक घटिया निर्माण के सूचना देने के बावजूद भी ना तो किसी प्रकार का जांच हुआ और ना ही सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया। ग्रामीणों ने कहा ऐसा प्रतीत होता है कि सभी लोग भ्रष्टाचार में संलिप्त है।

## झामुमो ने गृह मंत्री अमित शाह का फूंका पुतला



फोटो 8-पुतला दहन करते झामुमो के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोा में झामुमो ने शहर के रंका मोड़ घंटा घर के समीप अमित शाह का पुतला दहन किया। इससे पूर्व झामुमो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री अमित शाह का शव यात्रा निकालकर शहर में भ्रमण किया। तत्पश्चात रंका मोड़ पहुंचकर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। नुक्कड़ सभा के पश्चात गृह मंत्री का पुतला दहन किया। मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि देश के गृह मंत्री द्वारा दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के संविाान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी करना बहुत ही शर्मनाक हरकत है। गृह मंत्री के इस बयान से पूरे देशवासी शर्मिंदा है गृह मंत्री अमित शाह का बयान बहुत ही खेदजनक है। इस प्रकार के बयान बाजी के लिए गृह मंत्री को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो देश की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।

वक्ताओं ने कहा कि गृह मंत्री के बयान से यह साफ झलकता है कि भाजपा किस विचारधारा और मानसिकता की पार्टी है। वक्ताओं ने कहा कि गृह मंत्री सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगेंगे तो पूरे देश भर में और तेज आंदोलन होगा।

स मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, नितेश सिंह, रेखा चौबे, अंजलि गुप्ता, चंदा देवी, आराधना सिंह, फरीद खान, सलिम जाफर, मकबूल खान, सफिक अंसारी, आशिष गुप्ता, फूजैल अहमद, निलू, अरमान सिद्दकी, सुनिल गौतम, जैनुलला अंसारी, अनिल चंद्रवंशी, रोशन पाठक, संजय कांस्यकार, मुमताज रंगसाज सहित काफी संख्या में झामुमो नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दर्जनों बाइक को जप्त कर काटा गया चालान

**धुरकी।** बाइक छोड़ने के लिए पैरवी करने के बजाय लोगों को करें जागरूक। उक्त बातें थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कही। शुक्रवार को एसपी के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र के सगमा में सघन वाहन चेकिंग अभियान थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। जहां बिना कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट के चल रहे दर्जनों बाइक को जप्त कर चालान काटा गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बाइक चालकों से आग्रह किया कि बाइक जांच के क्रम में पैरवी करने के बजाय अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करें, ताकि वे घर से जब भी निकले तो हेलमेट पहनकर व सारी कागजात लेकर चलें। साथ ही ट्रैफिक नियम का पालन अवश्य करें ताकि उनकी जान माल की सुरक्षा सुरक्षित रहे।

## जवान के घर में लगभग डेढ़ लाख रुपये की हुई चोरी



फोटो 4-घर में बिखरा सामान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी सह झारखण्ड पुलिस के जवान प्रेमचंद कुमार व छोटे भाई आशीष कुमार के घर में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में रखे कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना गुरुवार रात की है। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने लगभग डेढ़ लाख की संपत्ति चोरी कर लिए हैं।

चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में घुस कर घटना को अंजाम दिया है। घटना के समय घर में कोई नहीं था। घर के लोग मेदिनीनगर में रहते हैं। जबकि प्रेमचंद कुमार अपनी ड्यूटी पर धनबाद में हैं। सूचना मिलने पर सभी घर आये। पीड़िता अनिता देवी व चंचला देवी ने बताया कि घर के अंदर ट्रंक में रखे पीतल, फूल व कांसा का कीमती बर्तन तथा अनिता देवी का एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ा कान का बाली तथा एक जोड़ा पायल के साथ कई आवश्यक कागजात चोरों ने चोरी कर लिए। चोरों ने दोनों के घर में रखे बक्सा, ट्रली बैग, दो बड़ा ट्रंक को तोड़कर उसमें रखा हुआ सभी सामान को घर के अंदर फेंक दिए हैं।

चोरों ने आस पास के दो घर प्रमोद पासवान व राज कुमार गुप्ता के घर का दरवाजा बाहर से बन्द कर दिए थे। लगभग एक सप्ताह पूर्व इसी गांव के मुन्ना चौारी के घर में भी चोरी की घटना घट चुकी है। घटना की सूचना पाकर एसआई भावेश झा अपने पुलिस दल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल किए। इस विषय में थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि अभी आवेदन नहीं मिला है। पुलिस जांच कर रही है जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

## कांडी में फूंका गया गृहमंत्री अमित शाह का पुतला

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में शुक्रवार की शाम राजद प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान के नेतृत्व में लोगों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। अमित शाह द्वारा लोकसभा में संविाान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति की गई आपत्तिजनक कमेंट के विरुद्ध लोगों ने कांडी में पुतला दहन किया। राजद प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान के नेतृत्व में जिप सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, आजाद समाज पार्टी के जिला महासचिव डॉ. राम कृष्ण राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रमोद राम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र प्रजापति, शिवपुर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि लवकुश राम, समाजसेवी गोपाल भारती, राजेंद्र पाल, शंकर मेहता, ज्ञानचंद रवि, चंदन, अविनाश, गौरव एवं परसू कुमार सहित दो दर्जन लोगों ने प्रखंड भवन से कर्पूरी चौक तक विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च कर्पूरी चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई जहां डॉ राम कृष्ण राम व एक अन्य सदस्य द्वारा अमित शाह के पुतले की जूता चप्पल से जमकर पिटाई की गई। साथ ही अमित शाह व भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की गई। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब पर टिप्पणी को लेकर अमित शाह को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

## झामुमो नेता को मातृ शोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के बुल्का गांव निवासी सह झामुमो के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य ताहिर अंसारी की माता रशीदन बीबी का शुक्रवार की अगले सुबह निान हो गया।

वह 75 वर्ष की थी। वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनका इलाज गढ़वा के निजी अस्पताल से चल रहा था। निान की सूचना मिलते ही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। बुल्का स्थित ईद्गाह में जनाजे की नमाज के बाद उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया।

## मानस महायज्ञ के दौरान सतबहिनी झरना तीर्थ में लगाये जाएंगे विशेष किस्म के पौधे



सतबहिनी झरना तीर्थ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के बहुत पुराने विशिष्ट स्थायी सदस्य वन प्रमंडल पदाकािरी डीएफओ अर्जुन बड़ाईक ने सतबहिनी में कई विशेष किस्म के पौारोपण की घोषणा की है। मानस महायज्ञ की रजत जयंती समारोह यानि 25वें महायज्ञ 13 फरवरी से 23 फरवरी 2025 के बीच ही पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लाल चंदन के दो, रक्त चंदन के दो, श्वेत चंदन के दो, रूद्राक्ष के दो, शिवलिंगि का एक और कल्पतरु के चार पौधों के रोपण का कार्यक्रम रखा गया है। इस क्रम में तेजपत्ता का भी दो पौधा लगाएंगे। ताकि भंडारा का स्वाद और सुगां में काम आए। पौधा लगाने के लिए गड्ढा डेढ़ फुट गहरा और उतना ही लंबा और चौड़ा रहेगा। उपर 9 इंच की मिटटी अलग रखी जायेगी और उतना ही सूखा गोबर मिलाकर अच्छी तरह से पीटकर मिश्रण बना दिया जायेगा। पौधरोपण के दो दिन पहले और एक दिन पहले गड्ढों में पानी भर दिया जाएगा। पौधरोपण कार्य के पहले गोबर मिट्टी मिश्रण से गड्ढा को भर दिया जाएगा और तब पौधारोपण का कार्य सम्पन्न होगा। कल्पतरु के पौधों में दूरी पच्चीस फीट कम से कम और बाकी सभी के बीच पंद्रह फीट रखी जायेगी। कल्पतरु के पेंड़ हजारों वर्षों तक छाया देंगे और उनकी मोटाई बहुत ज्यादा होगी। उन्होंने कहा कि पौाा संरक्षण के लिए गैबियन की मुख्य रूप से जरूरत होगी। तो मैं वहां के सीएफ को बोला हूं कि 25 गेबियन किसी रेंज अफसर के मायम बनवा दीजिएगा। मैं उसका भुगतान कर दूंगा। इनमें हमको सिर्फ श्वेत चंदन मंगाना है। बाकी सभी पौा रांची में उपलब्ध हैं। जो महायज्ञ अवधि में मंगा लिया जाएगा। डीएफओ अर्जुन बड़ाईक ने कहा कि पौधारोपण एवं गैबियन से घेरा बंदी का कार्य मेरे तरफ से किया जाएगा। बाकी पौधों की सिंचाई एवं पौध संरक्षण का कार्य मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के जिम्में रहेगा।

## खबर एक नजर में

### उमवि में पीएलवी ने चलाया जागरूकता अभियान



जानकारी देते पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देशानुसार 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत शुक्रवार को गढ़वा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमडीह में जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर पीएलवी उमाशंकर द्विवेदी ने बच्चों को बाल मजदूरी, बाल विवाह संबंधित अन्य कानूनी जानाकरी दी।

उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई लिखाई पर यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एवं किसी भी प्रकार का शोषण उत्पीड़न होता है। पीएलवी संगीता सिन्हा ने कहा कि आप बाल विवाह को रोक सकते हैं। इसके लिए चाइल्डलाइन के नंबर 1098 पर कल करके इसकी सूचना दें।

वहीं पीएलवी तृप्ता भानु ने कहा कि 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के की शादी को बाल विवाह माना जाता है। बाल विवाह करने वाले को दो साल की जेल या एक लाख रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकता हैं। मौके पर काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

### एआरडी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज से

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अवा राज देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार से प्रारम्भ किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या अणिमा पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 दिसम्बर तक किया जाएगा। जिसमें मुख्यातिथि के रूप मे प्रखंड प्रसार पदाधिकारी गढ़वा रम्भा चौबे, छत्तरपुर पंचायत के पूर्व मुखिया मुजीबु रहमान एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इन तीन दिनों मे स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। खेल व अन्य गतिविधियों मे उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मंगलवार को समापन समारोह के दौरान मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता अभियान



जानकारी देते पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देष पर 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रखंड के पीएम श्री उच्च विद्यालय जाटा में शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर पीएलवी रामाशंकर चौबे ने कहा कि बाल विवाह अभिशाप है। उन्होंने बाल विवाह के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही इसे कैसे रोकें इसकी भी जानकारी दी। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने बाल मजदूरी के साथ-साथ शिक्षा के संबंध में बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता लेने के लिए आप 15100 पर कल कर सकते हैं। इस दौरान पीएलवी ने बच्चों को मध्याह्न भोजन अपने हाथों से कराया। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने दहेज प्रथा एवं जिला विधिक सेवा प्राकािर गढ़वा बारे में जानकारी दी। मौके पर काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### अतिक्रमण कारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए सीओ ने दी चेतावनी



जानकारी देते सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने कहा है कि सोमवार को कांडी बाजार की सरकारी भूमि पर से अवैध अतिक्रमण को हटा दिया जाएगा। उन्होंने शुक्रवार को पुलिस पदाधिकारी के साथ पूरे कांडी बाजार क्षेत्र में घूम घूम कर सरकारी भूमि पर से अपना अतिक्रमण स्वयं हटालेने की बात लोगों से कही है। अन्यथा प्रशासन बल पूर्वक हटाएगी। ज्ञात हो कि कांडी बाजार क्षेत्र में 78 डिसमिल सरकारी जमीन पर कई लोगों ने स्थायी व अस्थायी अवैध कब्जा कर रखा है। वैसे 67 लोगों को प्रशासन ने नोटिस तामिला किया है।

### मानव एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**भागलपुर।** मध्य विद्यालय जगदीशपुर में शुक्रवार को विश्व मानव एकता दिवस मानव श्रृंखला बनाकर कर एकजुटता का संदेश देता हुआ मनाया गया। इस अवसर बच्चों एक साथ मिलकर प्रेरणा गीत लहू का रंग एक है अमीर क्या गरीब क्या बने है एक खाक से तो दूर क्या करीब क्या का गान कर एकजुटता रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षक बिन्दु कुमारी, अभिनाश सरोज, नवल किशोर पंजियारा, युथ क्लब के सदस्य सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### नये साले में कियारा आडवाणी धूम मचाने के लिये तैयार



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपनी वर्सेटिलिटी और स्टार पावर को दिखाते हुए आने वाली फिल्मों की एक प्रभावशाली लाइन-अप के साथ दर्शकों को चकित करने के लिए तैयार हैं। वर्ष 2025 में रिलीज के लिए निर्धारित, फिल्म गेम चेंजर प्रशंसित एस. शंकर द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में कियारा राम चरण के साथ हैं, जो एक डायनामिक ऑन-स्क्रीन जोड़ी का वादा करता है। शंकर के दूरदर्शी निर्देशन के साथ, फिल्म गेम चेंजर कियारा के करियर में एक प्रमुख आकर्षण होने की उम्मीद है।एक और दिलचस्प प्रोजेक्ट टॉक्सिक है, जो दर्शकों के लिए एक फेरीटेल है, जिसे गीतू मोहनदास ने लिखा और निर्देशित किया है। कियारा इस फिल्म में यश के साथ स्क्रीन साझा करेंगी, जो उनके विविध पोर्टफोलियो में उत्साह की एक और परत जोड़ देगा।

### बांग्लादेश में तबलीगी जमात प्रवक्ता गिरफ्तार

ढाका। ढाका के टोंगी बिस्वा इज्तेमा मैदान पर कब्जे को लेकर तबलीगी जमात के दो गुटों के बीच बुधवार को हुए खूनखराबा पर अंतरिम सरकार ने कठोर कदम उठाया है। इस संबंध में मौलाना साद गुट के तबलीगी जमात के प्रवक्ता मुआज बिन नूर (40) को गुरुवार तड़के गिरफ्तार कर लिया गया। इस खूनखराबा में तीन श्रद्धालुओं की जान गई है। नूर का घर ढाका के उत्तरा में है। तबलीगी जमात के दूसरे गुट के नेता मौलाना जुबेर हैं। जुबेर गुट ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया है।

### रूस ने यूक्रेन के 36 ड्रोन मार गिराया

मॉस्को। रूस के वायु रक्षा बल ने गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात रूसी क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार रात कीव सरकार की ओर से रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों पर ड्रोन के माध्यम से आतंकवादी हमले करने के प्रयासों को रोक दिया गया। वायु रक्षा प्रणालियों ने 36 यूक्रेनी को नष्ट कर दिया।

### न्यू जर्सी व न्यूयॉर्क में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विमानन अधिकारियों ने पूर्वी अमेरिका में अज्ञात ड्रोन देखे जाने के बाद न्यू जर्सी प्रांत में 22 और न्यूयॉर्क प्रांत में 29 बुनियादी ढांचा स्थलों पर ड्रोन के उपयोग पर 30 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। बीबीसी की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिबंध न्यू जर्सी और अन्य राज्यों में कई सप्ताह तक अज्ञात ड्रोन देखे जाने के बाद लगाया गया है। इन अज्ञात मानवरहित हवाई जहाज की बढ़ती गतिविधियों से स्थानीय लोगों में चिंता पैदा हो गई है।

### दिल्ली के चार स्कूलों को फिर मिली धमकी

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकी की कॉल लगातार मिल रही है। शुक्रवार सुबह सबसे पहले द्वारका के डीपीएस स्कूल में यह मामला सामने आया। उसके बाद जाफरपुर कला के रावता गांव के कृष्णा मॉडल स्कूल में आया। फिर पश्चिम विहार के विशाल भारती पब्लिक स्कूल से भी जानकारी सामने आई। तीनों मामलों की पुलिस जांच कर ही रही थी, तभी चौथी जानकारी ककरोला के एकता मॉर्डन सीनियर सेकेंडरी स्कूल से आई है। सूचना मिलते ही स्कूलों पर पुलिस और दमकल की टीम पहुंच गई। लेकिन जांच के बाद वहां कुछ नहीं मिला।

## शक्ति प्रदर्शन : अंबेडकर को लेकर विपक्ष ने निकाला मार्च, भाजपा ने घायल सांसदों के मुद्दे पर किया प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** अंबेडकर के कथित अपमान के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को विपक्ष ने विजय चौक पर प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने विजय चौक से संसद तक विरोध मार्च भी निकाला और गृहमंत्री अमित शाह से राज्यसभा में अंबेडकर पर दिए गए अपमानजनक बयान के लिए माफी मांगने तथा इस्तीफे की मांग की। उधर, भाजपा कल संसद में दो सांसदों के घायल होने के मुद्दे को लेकर आज संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में बाबासाहेब का अपमान किया है, जिसे देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर भाजपा की आलोचना की। भाजपा सांसदों ने भी संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्व भाजपा सांसदों के साथ कथित धक्का मुक्की के लिए माफी मांगें। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि संसद में जो गुरुवार को हुआ वह नहीं होना चाहिए था।

# अमेरिका में आर्थिक संकट

## सरकार को खर्च के लिए मंजूरी देने वाला विधेयक गिरा

**एजेंसी**

- प्रतिनिधि सदन ने ट्रंप के समर्थित व्यय विधेयक को अस्वीकार कर दिया
- रिपब्लिकन पार्टी के 38 सांसदों ने विरोध में डाला वोट
- इस पैसे से अधिकारियों को सैलरी देती है और दूसरे खर्च भी चलते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस वीकेंड आशिंक सरकारी शटडाउन का खतरा पैदा हो गया है। यह मुश्किल ऐसे समय में खड़ी हुई है जब लाखों अमेरिकी क्रिसमस छुट्टियों के सीजन में ट्रेवलिंग प्लान बना रहे हैं। प्रतिनिधि सदन ने नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समर्थित व्यय विधेयक को अस्वीकार कर दिया है। इससे आंशिक सरकारी शटडाउन की संभावना बढ़ गई है। लगभग सभी डेमोक्रेट्स और ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के 38 सदस्यों के विरोध के बाद गुरुवार शाम को इस विधेयक को 174 के मुकाबले 235 मतों से खारिज कर दिया गया। रिपब्लिकन्स ने इस आधार पर नव-निर्वाचित राष्ट्रपति के प्रस्ताव को अस्वीकार करने का असामान्य कदम उठाया कि इससे 36 ट्रिलियन डॉलर के राष्ट्रीय कर्ज में कई ट्रिलियन डॉलर और जुड़ जाएंगे। रिपब्लिकन के नेतृत्व वाला यह विधेयक सरकारी शटडाउन से बचने की अंतिम कोशिश थी। इससे पहले के खर्च पैकेज को ट्रंप, नव-निर्वाचित उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और टेक्नोलॉजी दिग्गज एलन मस्क के विरोध के कारण अंतिम समय में ही रोक दिया गया था। बिल के 174 वोटों से 235 के मुकाबले विफल होने के बाद, रिपब्लिकन हाउस के स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा कि वह शुक्रवार को मध्यरात्रि में सरकारी फंडिंग समाप्त होने से पहले एक और समाधान लेकर आएंगे। दरअसल, अमेरिका को अपने खर्च चलाने के लिए फंड की जरूरत होती है। यह फंड कर्ज लेकर पूरा किया जाता है। इसके



लिए एक बिल अमेरिकी संसद हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में लाया जाता है। मौजूदा बिल को ट्रंप की ओर से लाया गया था, जिसे विपक्ष से खारिज कर दिया। इसका सीधा का मतलब है कि अमेरिका को खर्च के लिए पैसा नहीं मिलेगा। अमेरिका इस पैसे से ही न केवल सरकारी अधिकारियों को सैलरी देती है बल्कि दूसरे खर्च भी चलते हैं। इस बिल को पास कराने के लिए शुक्रवार रात तक का ही समय है। यानी अमेरिकी सरकार के पास 24 घंटे खर्च चलाने लायक पैसा भी नहीं है। अगर यह पास नहीं हो पाया तो अमेरिका में शटडाउन लग जाएगा। ऐसा होने पर अमेरिका पर बड़ी मुसीबत आ जाएगी। उसकी अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान होगा। इसका सबसे ज्यादा असर ट्रंप पर पड़ेगा।

### 20 जनवरी से ट्रंप संभालेंगे राष्ट्रपति पद

ट्रंप 20 जनवरी से अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालेंगे। ऐसे में उन्हें सरकार चलाने के लिए पैसों की जरूरत होगी। इस बिल में लिखा है कि मार्च तक अमेरिकी सरकार को खर्चे के लिए फंड दिया जाए। इस बिल में आपदा राहत में 100 बिलियन डॉलर का प्रस्ताव भी रखा है। साथ ही दो साल के लिए लोन सीमा को बढ़ाने का भी लक्ष्य रखा है। पिछली बार जब यह बिल संसद में लाया गया था तो उसका ट्रंप और एलन मस्क ने विरोध किया था।


# शेयर बाजार में कोहराम

## सेंसेक्स 1176 और निफ्टी 364 अंक लुढ़का

**एजेंसी**

**मुंबई ।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की धीमी गति के संकेत दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर बिकवाली के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में 1,000 से अधिक अंकों की गिरावट आई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,176.46 अंक या 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,041.59 पर बंद हुआ और निफ्टी 364.20 अंक या 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,587.50 पर बंद हुआ।

शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े आठ लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद घट कर 441.11 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 449.76 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों




### निवेशकों के 8.65 लाख करोड़ डूबे

को कारोबार से करीब 8.65 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। कैपिटलमाइंड रिसर्च के कृष्णा अप्पाला के अनुसार, बाजार तेजी से स्टॉक-स्पेसिफिक होते जा रहे हैं, जबकि व्यापक सूचकांक विराम ले रहे हैं। सेक्टोरल फ्रंट पर निफ्टी के ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इंफ्रा, कमोडिटीज और पीएसई सेक्टर में बिकवाली देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,057 शेयर हरे और 2,935 लाल निशान में बंद हुए, जबकि 93 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, एसबीआइई, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, रिलायंस और टाटा स्टील टॉप लूजर्स थे। वहीं, नेस्ले इंडिया और टाइटन टॉप गेनर्स थे।

### 5 दिन में सेंसेक्स 4092 अंक गिरा

पांच कारोबारी दिवस में सेंसेक्स करीब 4092 अंक लुढ़क गया। सेंसेक्स बीते सप्ताह अंतिम कारोबारी दिवस को 843.16 अंक की छलांग लगाकर 82,133.12 अंक पर पहुंचा लेकिन इस सप्ताह सोमवार को यह 384 अंक का गोता लगाकर 81,748 अंक, मंगलवार को 1064 अंक टूटकर 80,684.45 अंक, बुधवार को 502 अंक लुढ़ककर 80,182 अंक, गुरुवार को 964.15 अंक की गिरावट लेकर 79,218 अंक और शुक्रवार को 1176 अंक टूटकर 78,041.59 अंक पर आ गया।

## जैसलमेर में जीएसटी की बैठक आज

**एजेंसी**

- स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर चर्चा संभव

**नयी दिल्ली।** जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक शनिवार को राजस्थान के जैसलमेर में होगी। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी छूट पर चर्चा होगी। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वित्त मंत्री सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक में करीब 148 वस्तुओं की जीएसटी दर में फेरबदल पर चर्चा होने की संभावना है। बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाले मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने अपनी रिपोर्ट जीएसटी परिषद को सौंप दी है। जीएसटी परिषद बीमा ह्यप्रीमियमह्न पर कर में कटौती सहित कई अन्य वस्तुओं पर जीएसटी दर में बदलाव का फैसला कर सकती है। जैसलमेर में आयोजित जीएसटी परिषद अपनी 55वीं बैठक में जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी की दरें कम करने, उच्च श्रेणी की कलाई घड़ियों, जूतों और परिधानों पर कर बढ़ाने के अलावा 35 फीसदी अलग से कर लगाने पर विचार कर सकती है। इसके अलावा स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती पर बैठक में चर्चा हो सकती है। इसके अलावा बैठक में विमानन उद्योग की परिचालन लागत के एक प्रमुख घटक एविएशन टर्बाइन ईंधन को जीएसटी के दायरे में लाने पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### 31 दिसंबर तक दाखिल कर सकेंगे आइटीआर

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए विलंबित आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब 31 दिसंबर तक आईटीआर दाखिल किया जा सकता है। यह जानकारी आयकर विभाग ने शुक्रवार को दी है। आयकर विभाग ने एक्स पोस्ट पर एक बयान जारी कर कहा कि यदि आप आकलन वर्ष 2024-25 कि लिए अपना आईटीआर दाखिल करने से चूक गए हैं, तो आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2024 है।

## अवैध मदरसों के खिलाफ कठोर होगी कार्रवाई:धामी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि यदि मदरसे से अवैध पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। धामी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैने गृह विभाग पुलिस एवं अल्पसंख्यक बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह प्रदेश में चल रहे सभी मदरसों की जांच करें और उनमें पढ़ने वाले छात्र तथा छात्राओं की भी जांच की जाए और उनका पुराना रिकॉर्ड चेक किया जाए यदि



मदरसे से अवैध पाए जाते हैं और उन्हें पढ़ने वाले संदिग्ध लगते हैं तो उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रधानमंत्री मोदी आज जायेंगे कुवैत

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को दो दिन की यात्रा पर कुवैत जा रहे हैं जो किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस खाड़ी देश की यात्रा 43 साल के अंतराल के बाद हो रही है। विदेश मंत्रालय में सचिव अरुण कुमार चटर्जी ने शुक्रवा को बताया कि मोदी कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर शनिवार को कुवैत की यात्रा पर जा रहे हैं। उनकी वहां कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा से मुलाकात करेंगे।

## जंगल में कार से 52 किलो सोना और 10 करोड़ बरामद

**एजेंसी**

### भोपाल में लोकायुक्त और आयकर का छापा



- कार ग्वालियर के चंदन गौर के नाम से रजिस्टर्ड गौर का लिंक आरटीए के पूर्व सिपाही सौरभ शर्मा है
- मप्र के पूर्व मंत्री सहित कई अधिकारियों और नेताओं के करीबी है सौरभ शर्मा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बीते तीन दिन से अगल-अलग कारोबारियों के यहां लोकायुक्त और आयकर विभाग के छापे के बाद अब यहां मेंडोरी के जंगल में एक गाड़ी में 52 किलो सोना बरामद हुआ। इसके साथ ही 10 करोड़ रुपये नकद भी मिले हैं। सोने की कीमत 40 करोड़ 47 लाख रुपये आंकी गई है। गुरुवार की दरमियानी रात दो बजे 30 गाड़ियों में पहुंची आयकर विभाग और पुलिस की टीम ने वाहन को पकड़ा है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये सोना और नकद राशि किसकी है। जिस कार इनोवा क्रिस्टा में यह सोना और नकदी मिली है, वह ग्वालियर की है और चंदन गौर के नाम से रजिस्टर्ड है। चंदन गौर का जुड़ाव पूर्व परिवहन के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से बताया जा रहा है। दरअसल, सौरभ शर्मा के कार्यालय और आवास पर गुरुवार को लोकायुक्त पुलिस ने छापा मारा था। पुलिस को दोनों जगह से दो करोड़ 85 लाख रुपये नकद, 50 लाख रुपये के गहने और दो करोड़ रुपये की अन्य संपत्ति की जानकारी मिली थी। सौरभ शर्मा एक पूर्व मंत्री सहित कई अधिकारियों और नेताओं के करीबी बताए जाते हैं। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार, एक खुफिया जानकारी मिली थी कि जंगल में एक कार खड़ी है, जिसमें भारी मात्रा में पैसे रखे हैं। इसके बाद आयकर विभाग की टीम गुरुवार की रात करीब दो बजे मेंडोरी के जंगल में पहुंची, जहां इनोवा कार के पास पहले से करीब 100 पुलिसकर्मी और 30 गाड़ियां थीं। संभवतः पुलिस को भी इसके बारे में सूचना मिली होगी। कार पूरी तरह से लॉक थी। ऐसे में आयकर विभाग की टीम ने साथ पहुंचे गनमैन की गन के बट से कार का कांच तोड़ा और गेट खोलकर बैग निकाले गए। इन बैग में भारी मात्रा में नकदी और सोना मिला। आयकर विभाग की जांच में खुलासा हुआ है कि मेंडोरी में जो इनोवा कार मिली है, वह चेतन गौर की है। चेतन लोकायुक्त पुलिस के छापे की जद में आए सौरभ शर्मा का दोस्त है। जब आयकर विभाग के अफसरों ने चेतन गौर से इस मामले में पूछताछ की तो उसने कहा कि सोना और पैसा कहां से आया और किसका है, इसकी उसे जानकारी नहीं है। उसने यह जरूर माना कि वह आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का दोस्त है। टीम अब इस आधार पर आगे की जांच करेगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब आयकर अधिकारियों की टीम मेंडोरी पहुंची तो वहां पहले से मौजूद पुलिस को देखकर सभी कुछ देर के लिए सहम गए। सभी को आशंका थी कि कोई ट्रेप कराने की साजिश तो नहीं है। कुछ अफसरों ने साहस कर पुलिस कर्मचारियों से बात की तो पता चला कि वे भी अज्ञात सूचना पर यहां आए हैं। इसके बाद आयकर टीम के साथ गए केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों और पुलिस कर्मियों की मदद से कार को कब्जे में लेकर कार्रवाई की गई।

### लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए हआ स्थगित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। अध्यक्ष ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मंत्रालय से संबंधित विधेयक संयुक्त समिति को सौंपे जाने वाला दस्तावेज सदन के पटल पर रखने के लिए कहा। इसके बाद उनके सदन की कार्यवाही शुरू करते ही विपक्ष के सदस्यों का हंगामा और तेज होने लगा। अध्यक्ष ने सदस्यों के कहा कि मैं आपसे पुनः आग्रह करता हूं कि संसद की गरिमा और मयार्दा बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। मैं फिर आग्रह करूंगा कि इसे गंभीरता से लें और किसी भी स्थिति में संसद परिसर में प्रदर्शन ना करें। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

